✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 298 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 28 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना के डाकबंगला चौराहा पर श्री श्री रामनवमी शोभायात्रा अभिनंदन समिति द्वारा आयोजित भव्य रामनवमी शोभायात्रा के दौरान उपस्थित सीएम नीतीश कुमार एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एमएलसी पद से 30 मार्च को देंगे इस्तीफा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को बिहार विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा देंगे। इस खबर की पुष्टि जदयू की ओर से भी की गई है। नीतीश कुमार हाल ही में राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। इसी वजह से उन्हें एमएलसी पद छोड़ना अनिवार्य हो गया है। इस्तीफा सभापति के कार्यालय को सौंपा जाएगा। इसके साथ ही उनकी नई राजनीतिक भूमिका की शुरुआत होगी। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत यह नियम लागू होता है। किसी भी व्यक्ति को एक साथ दो सदनों की सदस्यता नहीं दी जाती। राज्यसभा के लिए चुने जाने के 14 दिनों के भीतर एक पद छोड़ना जरूरी है। नीतीश कुमार के लिए यह समय सीमा 30 मार्च तक है। इसी कारण उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला लिया है। यह पूरी तरह संवैधानिक प्रक्रिया का हिस्सा है। शुक्रवार, शनिवार और रविवार को विधान परिषद कार्यालय बंद रहेगा। इसी वजह से सोमवार को ही इस्तीफा सौंपा जाएगा। विधिवत प्रक्रिया पूरी करने के बाद इस्तीफा स्वीकार होगा। इसके लिए सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सोमवार को यह औपचारिकता पूरी हो जाएगी। इसके बाद अगला राजनीतिक कदम अहम होगा। नीतीश कुमार का राज्यसभा कार्यकाल 10 अप्रैल से शुरू होगा। उम्मीद है कि वे इसी दौरान शपथ ग्रहण करेंगे। इसके बाद उनका दिल्ली जाना भी तय माना जा रहा है। हालांकि मुख्यमंत्री पद को लेकर कोई बाध्यता नहीं है। वे चाहें तो कुछ समय तक पद पर बने रह सकते हैं। इससे सियासी समीकरण और दिलचस्प हो गए हैं। राजनीतिक जानकारों की नजर अब अगले कदम पर है। खरमास 14 अप्रैल को (शेष पृष्ठ 11 पर)

# गैस खत्म होने पर लकड़ी काटने गए तीन बच्चों की डूबने से मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**छपरा।** सारण जिले के मांझी प्रखंड अंतर्गत मटियार गांव में शुक्रवार को सरयू नदी में डूबने से एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गई। गांव के लोगों ने बताया कि उन लोगों के घर गैस खत्म हो गई थी। दो दिनों से खाना नहीं बना था। परिवार लकड़ी काटने नदी के पार गया था। थोड़ी देर बाद बच्चे घाट पर पानी पीने आए थे। इसी दौरान एक बच्चे का पैर फिसल गया। उसे बचाने के दौरान तीन बच्चे डूब गए। मृतकों की पहचान मटियार गांव के पप्पू महतो के 10 साल के बेटे गुंजन कुमार, उनकी बेटी रागिनी कुमारी और रिश्तेदार कृष्णा महतो की 13 साल की बेटी प्रियांशु कुमारी के रूप में हुई है। तीनों बच्चे आपस में मौसेरे भाई-बहन थे। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत खोजबीन शुरू की। लगभग 45 मिनट की मशक्कत के बाद तीनों बच्चों के शव घटनास्थल से करीब 100 मीटर के दायरे में बरामद किए गए। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। एक साथ तीन मासूम बच्चों की मौत से गांव में मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और हर तरफ चीख-पुकार गूंज रही है। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए छपरा भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व थानाध्यक्ष और आइओ निलंबित

**पूर्णिया(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्णिया प्रक्षेत्र के आईजी विवेकानंद ने पुलिस महकमे में कर्तव्यहीनता, लापरवाही और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। मरंगा थाना कांड संख्या 141/24 की समीक्षा के दौरान गंभीर अनियमितता और जांच में जान-बूझकर ढिलाई बरतने के आरोप में आईजी ने तत्कालीन थानाध्यक्ष रूपक रंजन और अनुसंधानकर्ता ज्योति चौरसिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में दोनों का मुख्यालय पुलिस केंद्र, पूर्णिया निर्धारित किया गया है।

### गोली लगने से इंटर की छात्रा की मौत

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** हरनौत थाना क्षेत्र के पुरानी थाना के समीप शुक्रवार की सुबह 10 बजे किराए के मकान में रह रही 16 वर्षीय इंटर की छात्रा का शव बरामद हुआ है। गोली लगने से छात्रा की जान चली गई। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। शव के पास से एक देसी कट्टा भी मिला है। मृतका की पहचान बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर निवासी वशिष्ठ नारायण सिंह की पुत्री काजल कुमारी के रूप में हुई है।

### राज्य में आज गरज-चमक के साथ बारिश की चेतावनी

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में शनिवार को गरज-चमक के साथ बारिश के आसार हैं। इस दौरान ओलावृष्टि और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने का भी पूर्वानुमान है। मौसम विभाग ने अररिया, बांका, भागलपुर, कटिहार, किशनगंज और सुपौल जिले के कुछ स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और ओलावृष्टि के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### 2190 नर्सों का तबादला

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** स्वास्थ्य विभाग ने बिहार परिचारिका संवर्ग के 2190 स्टाफ नर्स का तबादला किया है। इसका आदेश विभाग ने शुक्रवार को जारी कर दिया है। विभाग ने कहा है कि इन नर्सों का अप्रैल का वेतन नए पदस्थापित स्थल से ही मिलेगा। विभाग ने अपने आदेश में यह भी कहा कि नर्स को विरमित करने के पहले संबंधित नियंत्री पदाधिकारी उनकी नियुक्ति की वैधता की जांच सूक्ष्मता से कर लेंगे। इसी प्रकार नियंत्री पदाधिकारी योगदान लेने से पहले भी आश्वस्त हो लेंगे, इनकी नियुक्ति की वैधता की जांच पूरी कर ली गई है। विभाग ने यह भी साफ किया है कि तबादले का आदेश किसी भी नर्स की नियुक्ति की वैधता का प्रमाण नहीं है।

# जल्द ही जनसुनवाई कार्यक्रम शुरू करेंगे निशांत कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार राजनीति में आने के बाद से सक्रियता दिखा रहे हैं। अब उन्होंने जनता दरबार लगाकर जनसुन वाई करने का फैसला लिया है। निशांत कुमार जल्द ही जनसुनवाई कार्यक्रम शुरू करेंगे। इस दौरान वह आम लोगों की समस्याओं को सुनेंगे और उनके त्वरित निदान के लिए तत्काल पहल करेंगे। यह जानकारी खुद निशांत ने शुक्रवार को पटना स्थित जनता दल यूनाइटेड के कार्यालय में दी। बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी लंबे समय तक जनसुनवाई करते रहे हैं। निशांत कुमार ने शुक्रवार को पार्टी दफ्तर में तिरहुत प्रमंडल के जेडीयू जिलाध्यक्षों और प्रखंड अध्यक्षों के साथ बैठक की। इस दौरान जेडीयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा और प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा भी मौजूद रहे। बता दें कि बीते 8 मार्च को निशांत ने औपचारिक रूप से जेडीयू की सदस्यता ली। इसके बाद से लगातार वे पार्टी के छोटे-बड़े नेताओं के साथ बैठककर रहे हैं। अब उन्होंने जनसुनवाई करने का फैसला लिया है। आगामी दिनों में वे बिहार यात्रा पर भी निकलेंगे।

# औरंगाबाद में ट्रिपल मर्डर से सनसनी

## चाचा बना हैवान, तीन मासूमों की हत्या के बाद खुद भी किया आत्महत्या का प्रयास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिले के हसपुरा थाना अंतर्गत खुटहन गांव में शुक्रवार सुबह हुई दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। एक युवक ने हैवानियत की हद पार करते हुए अपने ही तीन भतीजा-भतीजियों की बेरहमी से हत्या कर दी और इसके बाद खुद पर भी आत्महत्या करने की कोशिश की। घटना के बाद गांव में चीख-पुकार और मातम का माहौल है। मृतकों की पहचान अनीश कुमार (10 वर्ष), आयुष कुमार (7 वर्ष) और अनुष्का कुमारी (5 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों बच्चे घर के कमरे में खेल रहे थे तभी उनके सगे चाचा अमंत पाल (करीब 20 वर्ष) ने वारदात को अंजाम दिया। कुछ ही पलों में हंसते-खेलते घर में सन्नाटा पसरा गया। पुलिस और स्थानीय लोगों के अनुसार आरोपित ने वारदात को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया। घटना के समय उसने घर के अंदर तेज आवाज में स्पीकर चला दिया ताकि बच्चों की आवाज बाहर न जा सके। इसके बाद उसने एक-एक कर तीनों बच्चों पर हमला किया। वारदात के बाद आरोपित ने खुद भी जान देने की कोशिश की। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसकी नाजुक हालत को देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। फिलहाल वह पुलिस निगरानी में इलाजरत है। मृत बच्चों के पिता गुड्डू पाल मुंबई में काम करते हैं। घटना की सूचना मिलते ही वे गांव के लिए रवाना हो गए हैं। इधर, गांव में हर घर से रोने की आवाजें सुनाई दे रही हैं। पूरे इलाके (शेष पृष्ठ 11 पर)

# राजगीर के बाद जहानाबाद को जल्द मिलेगा दूसरा रोपवे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** बिहार आने वाले पर्यटकों को राजगीर के बाद जहानाबाद में दूसरा रोपवे जल्द मिलेगा। 100 फीट ऊंचे पहाड़ की चोटी तक सुगमता पूर्वक पहुंचने के लिए 24 करोड़ की लागत से रोपवे का निर्माण अंतिम चरण में है। लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। मई तक निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य है। परियोजना से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि लोअर और अपर स्टेशन का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। साथ ही चारों टावर भी बनकर तैयार है। एक होल्डिंग ढांचा भी बन चुका है, तार बिछाने का कार्य अंतिम चरण में है। जल्द ही ट्रॉली का ट्रायल शुरू किया जाएगा। रोपवे में एक बार में आठ से 10 यात्री आराम से यात्रा कर सकेंगे। यह रोपवे दो अलग-अलग अलाइनमेंट में विकसित किया जा रहा है जिससे सुरक्षा और संचालन में बेहतर सुविधा सुनिश्चित की जा सके। यह परियोजना जिले में पर्यटन को बढ़ावा देगी। यहां पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। पर्यटकों की संख्या बढ़ने से वाणावर में स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। वाणावर को पर्यटक सर्किट से जोड़ने का उद्देश्य भी यही था कि बोधगया व राजगीर आने वाले पर्यटक वाणावर भी आएं। आस्था और इतिहास के संगम बहुमूल्य धरोहर का अध्ययन कर सकें। यहां मानव निर्मित मौर्यकालीन गुफाएं प्राचीन इतिहास को दर्शाता है। वहीं, बाबा सिद्धनाथ का मंदिर लोगों के आस्था का प्रतीक है। सावन महीने में यहां लाखों श्रद्धालु जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। रोपवे शुरू होने से श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होगी।

### राजस्व अधिकारियों को मिलेगी अंचलों की जिम्मेदारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि जनता का काम रोकने की इजाजत किसी को नहीं है। हड़ताल के नाम पर राजस्व सेवाएं बाधित करना अस्वीकार्य है। एक अप्रैल से हर अंचल में काम होगा। जो अधिकारी काम पर नहीं हैं, उनकी जगह कार्यरत अधिकारियों को तुरंत अतिरिक्त प्रभार दिया जाएगा। जनता ने काम करने का जनादेश दिया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने साफ कर दिया है कि जनहित के कार्यों में बाधा डालने वालों के लिए कोई नरमी नहीं बरती जाएगी और एक अप्रैल से पूरे राज्य में सख्त प्रशासनिक व्यवस्था लागू होगी।

# बिहार में 26 नेशनल हाइवे प्रोजेक्ट्स पर संकट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार में कई बड़े सड़क प्रोजेक्ट फिलहाल फंस गए हैं। कुल 26 नेशनल हाईवे परियोजनाओं पर काम रुकने की स्थिति बन गई है। वन विभाग की एक शर्त की वजह से केंद्र और राज्य सरकार आमने-सामने आ गए हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि अगर 31 मई तक वन भूमि उपयोग की मंजूरी नहीं मिली तो ये सभी प्रोजेक्ट रद्द भी किए जा सकते हैं। इन परियोजनाओं के लिए करीब 711.92 हेक्टेयर जमीन की जरूरत है। इनमें कई बड़े और अहम प्रोजेक्ट शामिल हैं। ये प्रोजेक्ट बिहार की कनेक्टिविटी और विकास के लिए काफी जरूरी माने जा रहे हैं लेकिन मंजूरी नहीं मिलने से काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। सचिव वी. उमाशंकर ने इन परियोजनाओं की समीक्षा की थी। इसमें सामने आया कि बिहार का वन विभाग सड़क निर्माण के लिए वन भूमि देने में देरी कर रहा है जबकि केंद्र सरकार की गाइडलाइन पहले से साफ है कि सड़क बनने के बाद भी जमीन वन भूमि की ही मानी जाएगी और जहां पेड़ कटेंगे, वहां नए पौधे लगाने की जिम्मेदारी निर्माण एजेंसी की होगी। मामला इसलिए और उलझ गया है क्योंकि बिहार के वन विभाग ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अलग तरीके से व्याख्या कर दी। विभाग ने शर्त रखी कि अगर वन भूमि का इस्तेमाल होगा तो उसके बदले गैर-वन भूमि भी देनी होगी। यही शर्त अब विवाद की जड़ बन गई है क्योंकि बाकी राज्यों में ऐसा नियम लागू नहीं है। केंद्र सरकार इस बात से नाराज है और उसने साफ कहा है कि कोई भी राज्य अपने स्तर पर अलग शर्त नहीं लगा सकता। इसी बीच बिहार वन विभाग ने नया आदेश जारी करते हुए कहा कि अभी मंजूरी दी जाएगी लेकिन अगर भविष्य में कोर्ट का कोई नया आदेश आता है तो एजेंसियों को गैर-वन भूमि देनी होगी। इस मुद्दे पर अभी भी पूरी तरह सहमति नहीं बन पाई है। जिन परियोजनाओं पर असर पड़ा है, उनमें बरबीघा-शेखपुरा-जमुई, वाराणसी-कोलकाता हाईवे, भागलपुर-खैरा, दरभंगा-बनवारी पट्टी, मोहनियां-चौसा, आरा-सासाराम-पटना और पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे जैसे कई बड़े प्रोजेक्ट शामिल हैं।




**संतोष कुमार गंगवार**
राज्यपाल, झारखण्ड

## संदेश

प्रतिवर्ष मार्च माह के अंतिम शनिवार को 'अर्थ ऑवर' मनाया जाता है। यह वाइल्डलाइफ फंड फॉर नेचर (WWF) की एक प्रभावी वैश्विक पहल है, जिसका शुभारंभ वर्ष 2007 में किया गया था। इसका उद्देश्य प्रकृति संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा मानव जीवन के उज्ज्वल भविष्य के लिए सामूहिक प्रयासों को वैश्विक स्तर पर प्रोत्साहित करना है।

WWF-India प्राकृतिक पर्यावरण के संरक्षण हेतु निरंतर कार्यरत है। 'अर्थ ऑवर' के अवसर पर प्रत्येक वर्ष लोग स्वेच्छा से एक घंटे के लिए गैर-आवश्यक रोशनी बंद कर इस अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हैं। यह एक प्रतीकात्मक, किंतु अत्यंत प्रभावशाली पहल है, जो हमें ऊर्जा संरक्षण तथा पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का बोध कराती है। इस वर्ष 'अर्थ ऑवर' 28 मार्च, 2026 (शनिवार) को रात्रि 08:30 बजे से 09:30 बजे तक मनाया जा रहा है।

अतः सभी राज्यवासियों से आह्वान है कि वे इस निर्धारित अवधि में अपने-अपने घरों में अनावश्यक प्रकाश बंद रखकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दें। साथ ही, सभी कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों में भी अनावश्यक प्रकाश बंद करने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएँ तथा प्रकृति की रक्षा और सतत विकास के संकल्प को सुदृढ़ किया जाए।

PR-376196 (IPRD) 2526 सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड

# 700 करोड़ की अतिरिक्त स्वीकृति से दरभंगा एम्स को मिली नई गति : संजय सरावगी

## दरभंगा एम्स की सभी बाधाएं समाप्त, अब तेजी से होगा निर्माण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्र सरकार के दरभंगा एम्स के लिए पूर्व में स्वीकृत 1264 करोड़ रुपये के अतिरिक्त 700 करोड़ रुपये की राशि को स्वीकृति प्रदान करने पर बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने प्रसन्नता जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने बताया कि 25 मार्च 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में दरभंगा एम्स के लिए पूर्व में स्वीकृत 1264 करोड़ रुपये के अतिरिक्त 700 करोड़ रुपये की राशि को स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक एवं



जनहितकारी निर्णय बताते हुए इसके लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा को भी धन्यवाद देते हुए आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परियोजना को नई गति और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सरकार दरभंगा एम्स के निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

भारतीय जनता पार्टी, बिहार के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि यह निर्णय बिहार, विशेषकर मिथिला क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। लंबे समय से प्रतीक्षित दरभंगा एम्स के निर्माण में जो भी बाधाएं आ रही थीं, अब वे पूरी तरह समाप्त होंगी। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त वित्तीय स्वीकृति मिलने से निर्माण कार्य में तेजी आएगी और यह प्रतिष्ठित संस्थान शीघ्र ही बनकर तैयार होगा। उन्होंने कहा कि इस राशि से दरभंगा एम्स के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा और लोगों का एक बड़ा सपना साकार होगा। उन्होंने आगे कहा कि दरभंगा एम्स के निर्माण से न केवल बिहार बल्कि पड़ोसी राज्यों के लाखों लोगों को उच्च स्तरीय एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होंगी। यह संस्थान आधुनिक चिकित्सा, शोध एवं प्रशिक्षण का एक प्रमुख केंद्र बनेगा जिससे क्षेत्रीय स्वास्थ्य व्यवस्था में व्यापक सुधार होगा। भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा बिहार में स्वास्थ्य अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए लगातार ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। दरभंगा एम्स के लिए अतिरिक्त राशि की स्वीकृति इसी संकल्प का प्रमाण है कि सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र पर चलते हुए देश के हर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। यह निर्णय न केवल विकास की नई दिशा तय करेगा, बल्कि बिहार के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव भी रखेगा। उन्होंने दरभंगा एम्स को मिली अतिरिक्त राशि के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा तथा स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को भी धन्यवाद देते हुए आभार जताया।

# रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री एवं नितिन नवीन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रामनवमी के अवसर पर पटना के डाकबंगला चौराहा पर श्री श्री रामनवमी शोभा यात्रा अभिनन्दन समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने शोभा यात्रा का स्वागत कर आरती की तथा उन्हें प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने भी उपस्थित जन-समुदाय का हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया और श्री रामनवमी की राज्यवासियों को शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, विधायक श्याम रजक, विधायक चेतन आनंद, विधायक रूहैल रंजन, विधान पार्षद संजय मयूख सहित आयोजन समिति के सदस्यगण, सामाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। आयोजकों ने मुख्यमंत्री का स्वागत अंगवस्त्र भेंटकर किया। इस अवसर पर जदयू नेता निशांत कुमार भी मौजूद थे।

# तेल पर एक्साइज ड्यूटी में कमी से आम जनता को बड़ी राहत: डॉ संतोष कुमार सुमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पेट्रोल और डीजल पर 10 की एक्साइज ड्यूटी में कमी का केंद्र सरकार का निर्णय आम जनता को बड़ी राहत देने वाला कदम है। इससे डीजल-पेट्रोल के दामों में बढ़ोतरी नहीं होगी और महंगाई पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा। इस संबंध में डॉ संतोष कुमार सुमन, राष्ट्रीय अध्यक्ष, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सह लघु जल संसाधन मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने समय-समय पर आम जनता को राहत देने के लिए निर्णायक कदम उठाए हैं। डॉ सुमन ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और अंतरराष्ट्रीय संकटों के बावजूद यह सुनिश्चित किया गया है कि आम जनता पर अतिरिक्त दबाव न पड़े। यह निर्णय न केवल आम आदमी की जेब को राहत देगा, बल्कि कृषि, परिवहन और रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा। उन्होंने आगे कहा कि जब नेतृत्व में दूरदर्शिता हो, निर्णय में जनहित हो और इरादों में राष्ट्रहित हो, तब वैश्विक संकट भी देश की प्रगति को रोक नहीं पाते। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है।

# सम्राट अशोक की 2370 वीं जयंती में शामिल हुए हजारों लोग

## राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि कुशवाहा ने महान सम्राट अशोक के शासन काल को बताया स्वर्ण युग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज (भारत) के तत्वावधान में महान सम्राट अशोक की 2370वीं जयंती समारोह, सम्राट अशोक रत्न अवार्ड सह भव्य रथ यात्रा रविन्द्र भवन, वीरचंद पटेल पथ, पटना में आयोजन किया गया। रथ यात्रा का शुभारंभ बुद्ध परम्परा के अनुसार बौद्ध भिक्खु प्रज्ञादीप एवं उमेश सिंह कुशवाहा, प्रदेश अध्यक्ष, जदयू सह विधायक महनार के द्वारा किया गया। जयंती समारोह का उद्घाटन सम्राट चौधरी उप-मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री, बिहार सरकार के द्वारा महान सम्राट अशोक के तैल चित्र पर



मल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा, विधायक सतना (मध्य प्रदेश), भगवान सिंह कुशवाहा पूर्व मंत्री सह विधायक, जयन्त राज कुशवाहा पूर्व मंत्री सह विधायक, रामेश्वर कुमार महतो, विधायक, गुरूदयाल सिंह सैनी, पूर्व सांसद कुरूक्षेत्र (हरियाणा), श्रीपाल सैनी, मदन कुशवाहा, मोती बाबा फुले, हरजीत सिंह लौंगिया, विनोद सैनी, तरुण सैनी समेत कई माननीय, गणमान्य अतिथि एवं संगठन के हजारों पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नागमणि कुशवाहा राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज (भारत), मंच संचालन राष्ट्रीय सलाहकार डॉ. मुकेश कुमार एवं स्वागत प्रदेश अध्यक्ष, बिहार हरिओम कुशवाहा ने किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि कुशवाहा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जयंती मनाने का मूल उद्देश्य फिर से अखण्ड भारत का निर्माण एवं विश्व के आम नागरिकों के बीच आपसी भाईचारा, प्रेम और सौहार्द को बढ़ावा देना है। श्री कुशवाहा ने कहा कि सम्राट अशोक के रास्ते से भटकने के कारण ही भारत गुलाम एवं खण्ड-खण्ड हुआ। आज जागृति आ रही है।

# हीट वेब अलर्ट, 11 से 3:30 बजे तक कम चलेंगी बसें

## यात्रियों की सुरक्षा पहले, लू के दौरान सीमित होगा बस परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में बढ़ती भीषण गर्मी और लू की संभावना को देखते हुए परिवहन विभाग ने सार्वजनिक परिवहन को नियंत्रित करने का महत्वपूर्ण फैसला लिया है। आने वाले दिनों में विभाग यात्रियों और चालकों दोनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लू के दौरान सार्वजनिक परिचालन को सुदृढ़ करेगा। सुबह 11 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक सार्वजनिक वाहनों के परिचालन को कम किया जाएगा। इसका उद्देश्य यात्रियों और चालकों को तेज धूप और गर्मी से बचाना है। इस दौरान केवल आवश्यक स्थिति में सीमित वाहन ही चलाने का आदेश दिया जाएगा। भीषण गर्मी में बदला परिवहन सिस्टम- विभाग सभी बसों में पेयजल, ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन (ओआरएस) और इमरजेंसी स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार किट की अनिवार्यता सुनिश्चित करेगा। इसके अलावा विभाग ने सभी बस स्टैंड पर पेयजल एवं पंखे की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है, ताकि यात्रियों और चालकों को गर्मी से राहत मिल सके।

# नितिन नवीन ने श्री श्री राम नवमी शोभा यात्रा का किया पूजन एवं अभिनंदन

## प्रभुश्रीराम मर्यादा और आदर्शों के सर्वोच्च प्रतीक : नितिन नवीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने श्री रामनवमी के पावन अवसर पर बिहार के पटना स्थित डाकबंगला चौराहे पर आयोजित श्री श्री रामनवमी शोभा यात्रा अभिनंदन समिति के भव्य कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ मंत्री तथा एनडीए के नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और श्रद्धालु उत्साह और श्रद्धा के साथ उपस्थित रहे जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय और उत्सवपूर्ण वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान कंकड़बाग और कदमकुआं जैसे विभिन्न क्षेत्रों से आई आकर्षक झांकियों का भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा विधिवत आरती उतारकर स्वागत किया गया। प्रभु श्रीराम की भक्ति के भाव में सराबोर होकर स्वयं नितिन नवीन ने स्वयं मंच का संचालन किया। मंच से 'जय श्री राम' के जयघोष के बीच कलाकारों ने भगवान श्रीराम, माता सीता और हनुमान जी के स्वरूपों पर आधारित मनोहारी झांकियों की प्रस्तुति दी जिसने उपस्थित जनसमूह को गहरे आध्यात्मिक भाव से जोड़ दिया। साथ ही प्रसिद्ध कलाकारों ने अपने सुरों से भक्ति भाव की ऐसी छटा बनाई कि सब मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम के दौरान सभी श्रद्धालुओं ने 'जय श्री राम' के उद्घोष के साथ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर नितिन नवीन ने कहा कि प्रभु श्रीराम केवल आस्था के प्रतीक नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, मर्यादा और आदर्शों के सर्वोच्च प्रतीक हैं। रामनवमी का यह पावन अवसर समाज को एकजुटता, सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का संदेश देता है। सभी को प्रभु श्रीराम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए और देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देना चाहिए।

# बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने देश और प्रदेशवासियों को दी रामनवमी की शुभकामनाएं

## केंद्र सरकार का एक्साइज ड्यूटी को लेकर लिया गया फैसला स्वागतयोग्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी पर्व को लेकर प्रदेशवासियों और देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस रामनवमी पर्व के पावन मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी पटना के प्रसिद्ध महावीर मंदिर भी पहुंचे और आशीर्वाद प्राप्त किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रामनवमी के मौके पर महावीर मंदिर में पवनसुत हनुमान जी के दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं सर्वांगीण विकास के लिए प्रभु से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी की कृपा सभी पर बनी रहे और हमारा प्रदेश एवं देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होता रहे, यही कामना है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम मर्यादा, धर्म और सत्य के प्रतीक हैं। भगवान श्रीराम का जीवन हमें सत्य, त्याग, कर्तव्य और आदर्शों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस पावन अवसर पर प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि वे आपके जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और सफलता का संचार करें। भगवान श्रीराम का आदर्श चरित्र हमें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि इस पावन पर्व के मौके पर केंद्र सरकार ने देशवासियों को बड़ा तोहफा भी दिया है। केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया में संकट के बीच पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी को 13 रुपये से घटाकर 3 रुपये प्रति लीटर कर दिया है और डीजल पर 10 रुपये की ड्यूटी को पूरी तरह समाप्त कर दिया है।

# रामनवमी पर डॉ. आनंद रंजन झा की प्रेरणादायक जीवन गाथा प्रस्तुत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जंदाहा / वैशाली।** रामनवमी के पावन अवसर पर जंदाहा स्थित कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी द्वारा एक विशेष प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई जिसमें संस्थान के संचालक एवं प्रख्यात शिक्षाविद डॉ. आनंद रंजन झा की संघर्षपूर्ण एवं प्रेरणादायक जीवन यात्रा को समाज के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विज्ञप्ति में कहा गया कि भगवान श्रीराम के आदर्श–त्याग, मर्यादा, धैर्य और संघर्ष आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। इन्हीं आदर्शों को आत्मसात करते हुए डॉ. झा ने अपने जीवन में अनेक चुनौतियों का सामना किया और निरंतर प्रयास के बल पर सफलता की ऊंचाइयों



को प्राप्त किया। साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि से आने वाले डॉ. झा ने अपने जीवन की शुरुआत सीमित संसाधनों के बीच की। आर्थिक कठिनाइयों और सामाजिक बाधाओं के बावजूद उन्होंने शिक्षा को अपना सबसे बड़ा साधन बनाया। कठिन परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने न केवल स्वयं को स्थापित किया बल्कि समाज के युवाओं के लिए भी नई राह तैयार की। कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के माध्यम से अब तक हजारों छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर शिक्षा एवं कौशल विकास का प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। यह संस्थान आज वैशाली जिले में युवाओं के लिए शिक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भरता का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है। इस अवसर पर डॉ. झा ने कहा रामनवमी हमें यह सिखाती है कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिनाइयां आएं, यदि हम धैर्य, अनुशासन और परिश्रम का मार्ग नहीं छोड़ते तो सफलता निश्चित है।

# रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल भक्तों के सेवार्थ लगाया गया स्टॉल

## ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने की भगवान श्रीराम की आरती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा (भोजपुर)।** शहर के डीटी रोड स्थित बाल हिन्दी पुस्तकालय के समीप शुक्रवार को नगर रामलीला समिति ट्रस्ट द्वारा रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल भक्तों के स्वागत में स्टॉल लगाया गया जहां राम भक्तों को पेठा, गुड़ व बुंदिया से निर्मित लड्डू, गुल्कोन -डी तथा शुद्ध जल का वितरण किया गया। इस मौके पर नगर रामलीला समिति ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने रथ पर सवार प्रभु श्रीराम की आरती की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के मौके पर रामनवमी शोभा यात्रा निकाली जाती है। इस शोभायात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए,



यह हमारे शहर आरा के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि राम भक्त संयमित तरीके से अपनी-अपनी झांकी को लेकर निकले। आज नगर रामलीला समिति ट्रस्ट द्वारा राम भक्तों के बीच पेठा, गुड़ व बुंदिया से निर्मित लड्डू तथा शुद्ध पानी का बोतल वितरित किया गया। उन्होंने कहा कि नगर रामलीला समिति ट्रस्ट आगे भी कई तरह के धार्मिक व सामाजिक कार्य में अपनी सहभागिता निभाएगा। इस अवसर पर नगर रामलीला समिति ट्रस्ट के सचिव विष्णु शंकर, कोषाध्यक्ष कर्नल राणा प्रताप सिंह, ट्रस्टी राम कुमार सिंह, डॉ. कृष्ण कुमार, अखिलेश्वर प्रसाद, हरखेन कुमार सिंह, देवदत्त सिंह, संजीव सिन्हा, पप्पू सिंह, अविनाश प्रसाद, (रि.डीएसपी), सुजीत कुमार सिंह, राकेश कुमार 'धन्नू', अमित कुमार 'भोलू' समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# पेटीएम ने बिहार इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के साथ साझेदारी की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारत की अग्रणी मर्चेंट पेमेंट्स और वित्तीय सेवाओं की वितरण कंपनी पेटीएम (वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड), जो एमएसएमइ और बड़े उद्यमों को सेवाएं प्रदान करती है तथा मोबाइल पेमेंट्स, क्यूआर कोड और साउंडबॉक्स की अग्रणी कंपनी ने समृद्ध बिहार कॉन्क्लेव 2026 के दौरान बिहार इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के साथ एक लेटर ऑफ इंटेंट पर हस्ताक्षर किए हैं। यह लेटर ऑफ इंटेंट, बिहार इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की ओर से जनरल सेक्रेटरी अमरेश मिश्रा और पेटीएम की पब्लिक सेक्टर बिजनेस के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर अभय शर्मा द्वारा, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री एवं बिहार इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के संस्थापक चिराग पासवान की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किया गया।

# राजगीर से वाल्मीकि तक, नेचर लवर्स की नई फेवरेट जगह बिहार

## राजगीर, वाल्मीकि, ककोलत, कांवर झील जैसे स्थल बन रहे आकर्षण का केंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार अब इको टूरिज्म के क्षेत्र में तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर ये स्थल पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं और आने वाले समय में बिहार देश के प्रमुख इको टूरिज्म गंतव्यों में शामिल हो सकता है। राज्य के विभिन्न जिलों में स्थित वन्यजीव अभ्यारण्य, झील, जलप्रपात, पहाड़ और बांध अब इको टूरिज्म के प्रमुख केंद्र बनते जा रहे हैं। राज्य सरकार की ओर से इन इको टूरिज्म स्थलों पर आधारभूत संरचना, सड़क, आवास और अन्य सुविधाओं का लगातार विकास किया जा रहा है। पश्चिम चंपारण स्थित वाल्मीकि टाइगर रिजर्व राज्य का प्रमुख इको टूरिज्म स्थल है। लगभग 901 वर्ग किलोमीटर में फैले इस वन क्षेत्र में बंगाल टाइगर, तेंदुआ, भालू, हिरण, नीलगाय सहित 250 से अधिक पक्षियों की प्रजातियां पाई जाती हैं। इसके अलावा अमवा मन झील और उदयपुर वन्यजीव अभ्यारण्य भी प्राकृतिक सुंदरता और पक्षी प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। भागलपुर का विक्रमशिला गंगा डॉल्फिन अभ्यारण्य गंगा डॉल्फिन संरक्षण के लिए प्रसिद्ध है जहां पर्यटक डॉल्फिन को प्राकृतिक आवास में देख सकते हैं। वहीं मुंगेर का भीमबांध वन्यजीव अभ्यारण्य अपने घने जंगल, पहाड़ियों और वन्यजीवों के लिए जाना जाता है। नालंदा जिले का राजगीर नेचर सफारी और जू सफारी तथा घोड़ा कटोरा झील पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। राजगीर में देश का पहला ग्लास स्काई वॉक भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। नवादा का ककोलत जलप्रपात, रोहतास के तुतला भवानी जलप्रपात, मांझर कुंड, धुआं कुंड और इंद्रपुरी बैराज भी प्राकृतिक पर्यटन के महत्वपूर्ण स्थल हैं। जमुई जिले के नागी-नकटी पक्षी अभ्यारण्य, गढ़ी बांध, बांका का ओढ़नी बांध, कैमूर का कैमूर वन्यजीव अभ्यारण्य, तेलहर कुंड और करकटगढ़ जलप्रपात इको टूरिज्म के रूप में तेजी से विकसित हो रहे हैं। बेगूसराय की कांवर झील और दरभंगा का कुशेश्वर स्थान पक्षी अभ्यारण्य प्रवासी पक्षियों के लिए प्रसिद्ध है जहां सर्दियों में बड़ी संख्या में दूर देशों से हजारों किलोमीटर की दूरी तय कर प्रवासी पक्षी आते हैं।

# पंचरूपी हनुमान मंदिर में रामनवमी पर देर रात से शाम तक लगी रही भक्तों की कतार

## जदयू नेता निशांत कुमार, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा सहित कई गणमान्य लोगों ने किया दर्शन पूजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भगवान श्रीराम के प्रकटोत्सव पर आयोजित रामनवमी के मौके पर पंच रूपी हनुमान मंदिर राजवंशीनगर बेली रोड पटना में भव्य पूजा अर्चना की गयी। इस मौके प्रेस जदयू नेता निशांत कुमार, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, जदयू विधान पार्षद संजय गांधी, जदयू महासचिव अनिल कुमार, वासुदेव कुशवाहा, कांग्रेस नेता रौशन सिंह सहित कई गणमान्य लोगों दर्शन पूजा किया। इस संबंध में मंदिर न्यास के अध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि मंदिर का शुक्रवार को एक बजे रात्रि में खोला गया। लगभग एक घंटे के आंतरिक पूजा अर्चना के बाद



रात्रि के तीन बजे से मंदिर का पट आमभक्तों के खोल दिया गया जहां लगभग डेढ़ लाख से अधिक की संख्या में भक्तों ने कलियुग के देवता हनुमान जी का दर्शन पूजा किया। मंदिर में रामनवमी आयोजन समिति के संयोजक एवं मंदिर न्यास समिति के सचिव मोहित प्रकाश ने बताया कि मंदिर के सजावट व लाइटिंग के लिए कोलकाता से कारिगर आये थे जिन्होंने कोलकाता से आये फूलों से मंदिर के सजावट की। कोलकाता से ही मंदिर की साज-सज्जा के लिए लेजर लाइट की व्यवस्था की गयी थी। उन्होंने कहा कि मंदिर पर आयोजन समिति के सदस्यों व जिला प्रशासन के सहयोग से अतुलनीय व्यवस्था की गयी थी जिसका भक्तों ने सराहना की। उन्होंने कहा कि मंदिर के बाहर भंडारे में हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि लगभग 10 क्विंटल नैवेद्यम और लाभग 11 क्विंटल सामान्य लड्डू भगवान को चढ़ाए। उन्होंने बताया कि मंदिर में आने वाले पुरुष भक्तों की कतार सचिवालय के पास से व महिला भक्तों की कतार पटेल नगर काली मंदिर से आरंभ हो रही थी जहां भक्तों के लिए की व्यवस्था रास्ते में की गयी थी। सभी पुजारी मंदिर में शिफ्ट वाइज भक्तों की पूजा अर्चना करा रहे थे। मंदिर न्यास समिति के सदस्य सह मीडिया समन्वयक आलोक कुमार ने बताया कि शुक्रवार के दिन के बारह बजे भगवान राम के जन्म के बाद छप्पण भोग से भगवान को अर्पण किया गया।

# रामनवमी पर आरण्य देवी के दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा (भोजपुर)।** चैत नवरात्र के नौंवे दिन शुक्रवार को मां दुर्गा का पूजन करने के लिए मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी रही। आरा की अधिष्ठात्री मां आरण्य देवी के मंदिर में श्रद्धालु-भक्तों ने पूरे भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की। रामनवमी को लेकर अहले सुबह करीब दो बजे मां की मंगला आरती की गई। इसके बाद देवी दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए महिला-पुरुष श्रद्धालु-भक्तों का जनसैलाब उमड़ पडा। लोगों को देवी दर्शन के लिए घंटों कतार में खड़ा रहना पड़ा। बावजूद इसके श्रद्धालु भक्ति के साथ मां के दरबार में हाजिरी लगाए। रामनवमी को लेकर मां आरण्य देवी की मूर्ति को आकर्षक ढंग से फूलों से श्रृंगार किया गया था। सुबह में महिला-पुरुष भक्तों की लाइन आरण्य देवी से व्यापार मंडल तक पहुंच गई। यह सिलसिला दोपहर करीब 12 बजे तक चला। माता के मंदिर में सूबे के श्रम मंत्री संजय सिंह टाइगर, संदेश विधायक सह मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष राधाचरण साह, पूर्व विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने मत्था टेका। पुनः चार बजे के बाद मंदिर में दर्शन करने वाले एवं दीप जलाने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस-प्रशासन की टीम लोगों को कतारबद्ध कराकर मां के दर्शन करा रहे थे। भक्त आरण्य देवी मैया की जय...भैरो भैया की जय....सच्चे दरबार की जय... के जयकारे लगा रहे थे।

CMYK

# रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा, जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा शहर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें पूरा शहर भक्तिमय माहौल में डूब गया। जय श्रीराम के नारों से पूरा वातावरण गूंजायमान रहा और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। हनुमान मानस मंदिर डिहरी बाजार एवं बारह पत्थर से बजरंग दल के तत्वावधान में आयोजित इस शोभायात्रा में पूर्व विधायक प्रदीप कुमार जोशी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पिंकी मंगलामुखी, मुख्य वक्ता विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ. नीलम, मुख्य पार्षद शशि कुमारी, प्रतिनिधि गुड्डू चंद्रवंशी एवं उप मुख्य पार्षद रानी कुमारी को अंगवस्त्र एवं तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके बाद भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी की आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई जिसने पूरे शहर को राममय बना दिया। शोभायात्रा बारह पत्थर से शुरू होकर बाबू गंज चौक, डिहरी थाना चौक, अंबेडकर चौक, चूना भट्ठा, स्टेशन रोड होते हुए पुनः अपने गंतव्य स्थान पर पहुंची। शोभायात्रा के दौरान सेवा कार्य भी प्रमुख रूप से देखने को मिले। रामनवमी शोभायात्रा सेवा समिति की ओर से ज्योति कुमारी एवं पंकज कुमार द्वारा पेयजल एवं प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की गई। वहीं हनुमान मंदिर के समीप जनसेवक मुन्नालाल कसेरा द्वारा खीर-प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर विष्णु पासवान अजय, बिजय, असलम कुरैशी, कलाम आजाद सहित कई उपस्थित रहे।

दुर्गा मंदिर पूजा समिति, बारह पत्थर चौक पर अर्जुन केसरी एवं पुरानी दुर्गा मंदिर में भंडारे का आयोजन हुआ। अर्जुन स्टोर पर राज केशरी, अंकुर, अंकित सिंह, शिवम एवं कौशल के नेतृत्व में हलवा प्रसाद बांटा गया जबकि नवाब अख्तर अंसारी द्वारा शोभायात्रा में पानी का वितरण किया गया।

**महिला शक्ति का दिखा उत्साहपूर्ण सहभाग**

शोभायात्रा में महिला शक्ति का भी विशेष प्रदर्शन देखने को मिला। पिंकी मंगलामुखी, संगीता, प्यासी, मधुनायक (दाउदनगर), प्रीति मंगलामुखी सहित कई महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर राम नाम का जयकारा लगाती नजर आईं। बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के सफल संचालन में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों की अहम भूमिका रही। इसमें जिलाध्यक्ष चंदन गुप्ता, जिला संयोजक यश उपाध्याय, धर्म प्रसार विभाग के प्रांत परियोजना प्रमुख अर्जुन केसरी, प्रांत रक्षक प्रमुख दीपक दास, बजरंग दल प्रखंड संयोजक संतोष कुमार सिंह, नगर संयोजक अमर सिन्हा, सह संयोजक दीपक गुप्ता, प्रांत प्रमुख भोला चौहान, ऋषि कुमार सहित अन्य कार्यकर्ताओं का योगदान रहा। शोभायात्रा में गंगा-जमुनी तहजीब की भी झलक देखने को मिली जहां सनातनी धर्मावलंबियों के साथ मुस्लिम समुदाय के लोग भी शामिल हुए जिससे डिहरी की सामाजिक सौहार्द की परंपरा और मजबूत होती नजर आई। शोभा यात्रा में भारी सुरक्षा व्यवस्था रही। एसडीएम निलेश कुमार, डीएसपी गौरव कुमार, पुलिस निरीक्षक सह डिहरी नगर थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार, बीडीओ सहित काफी संख्या में पुलिस बल तैनात रहे।

# बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार, 10 बाइकें बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं से परेशान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सघन छापेमारी अभियान चलाकर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का उद्भेदन करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साथ ही उनके निशानदेही पर कुल 10 चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। इस संबंध में एसपी रोहतास रौशन कुमार ने डिहरी थाना कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि हाल के दिनों में बढ़ रही मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं के सफल उद्भेदन एवं चोरी गए वाहनों की बरामदगी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-01 डिहरी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम में डिहरी नगर थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार, इन्द्रपुरी थानाध्यक्ष तथा जिला आसूचना इकाई, रोहतास की टीम को शामिल किया गया था। उन्होंने बताया कि 26 मार्च 2026 को गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए संदिग्ध मो. इरसाद राईन उर्फ शेरा को डिहरी नगर थाना क्षेत्र से हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने डिहरी नगर एवं इन्द्रपुरी थाना क्षेत्र में 10 मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसने बताया कि वह दिन में ठेले पर फल बेचता था और रात में घरों के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल का लॉक तोड़कर चोरी कर लेता था। इसके बाद सुनसान जगहों पर छिपाकर अपने सहयोगियों के माध्यम से उन्हें बेच देता था। मो. इरसाद की निशानदेही पर तीन चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई। वहीं उसके सहयोगी औरंगाबाद निवासी रंजीत भुईया और बिट्टू कुमार को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इन दोनों की निशानदेही पर छह अन्य मोटरसाइकिलें भी विभिन्न स्थानों से बरामद की गईं। पूछताछ में यह भी सामने आया कि एक मोटरसाइकिल इन्द्रपुरी थाना क्षेत्र से चोरी कर औरंगाबाद में बेची गई थी जिसे ढिबरा थाना पुलिस ने मद्य निषेध मामले में जब्त किया था। इसका सत्यापन भी किया जा चुका है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने डिहरी नगर के नीलकोठी, न्यू डिलियां, निरंजन बिगहा, तारबंगला तथा इन्द्रपुरी के भैंसहा मोहल्ला समेत कई इलाकों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। पुलिस सभी मामलों की जांच कर रही है और अन्य कांडों में संलिप्तता की भी पड़ताल की जा रही है। एसपी ने बताया कि मुख्य आरोपी मो. इरसाद राईन उर्फ शेरा का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है जबकि अन्य आरोपियों के आपराधिक रिकार्ड की जांच की जा रही है। इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस टीम के सभी सदस्यों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह ज्ञान यज्ञ का समापन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड के भिसड़ा गांव में श्री हनुमान मंदिर के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह ज्ञान यज्ञ का समापन आज हवन पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ श्रद्धा और उल्लास के माहौल में सम्पन्न हो गया। पांच दिवसीय इस धार्मिक आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत 23 मार्च को भव्य जलभरी शोभा यात्रा से हुई थी जिसमें श्रद्धालु कलश लेकर जय श्री राम और जय हनुमान के जयकारों के साथ गांव का भ्रमण किए थे। कार्यक्रम में दिनेश कुमार सिंह, सुनील कुमार मड़वर, कर्मदेव राम, दीपक कुमार, कमलेश कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई और पूरे आयोजन को सफल बनाया। समापन अवसर पर दीपक चौधरी ने कथा वाचक श्री कृष्ण मोहन दास को श्री राम दरबार की प्रतिमा भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि गांव में सामाजिक एकता और भाईचारे का भी सशक्त संदेश देकर सम्पन्न हुआ।

## नहीं थम रहा वाहनों से अवैध वसूली का सिलसिला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** डिहरी-बिक्रमगंज होते हुए बक्सर को जाने वाली राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 120 के दावथ बाजार में गुजरते समय इस पथ पर जाने वाले भारी वाहनों से अवैध वसूली का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कुछ दिन पहले इस विषय को समाचार पत्रों में प्रमुखता से उठाया गया तो कुछ दिनों के लिए स्थानीय चौकीदारों को वाहनों के सड़क जाम की देखरेख के लिए तैनाती की गई, परंतु यह केवल दिखावा साबित हुआ और कुछ ही दिनों बाद वाहनों के पास कराने के लिए लगाए गए चौकीदारों को हटा लिया गया। हालांकि यह नहीं कहा जा सकता कि किन कारणों और परिस्थितियों में उन्हें लगाया गया और क्यों हटाया गया। लेकिन इतना तो परिलक्षित है कि यहां जब जिसकी मर्जी अवैध वसूली की ठेकेदारी शुरू हो जाती है। पूरी तहकीकात करने पर पता चल पाएगा कि इसमें कुछ स्वघोषित ठेकेदार भी बैठे हुए हैं जो अपने-अपने गुर्गे के माध्यम से गुजरने वाले भारी वाहनों, ट्रकों से अवैध वसूली करते हैं और एक तरह से इस कार्य में लगे युवकों को मजदूरी या दिहाड़ी देकर रखने की बातें सामने आती है।

## मारपीट में घायल व्यक्ति की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** रोहतास जिले के आयर कोठा थाना क्षेत्र से है जहां बीते 23 फरवरी की रात में पडुहार गांव में दो पक्षों में मारपीट हुई थी जिसमें राजेश कुमार राम घायल हो गए थे निजी अस्पताल में इलाज के दौरान आज उनकी मौत हो गई। विदित हो कि मारपीट के इस मामले में दोनों तरफ से नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मृतक राजेश कुमार राम का भाई रणजीत राम ने थाने में आवेदन दिया था कि मेरा भाई राजेश कुमार राम ने अपने बगीचे में शराब बेचने से मना किया था इसी को लेकर पडुहार के ही रहने वाले बुलबुल चौधरी, वीरेंद्र चौधरी, रजनीश, छोटेलाल, मुन्नी देवी, राधिका देवी ने मेरे भाई राजेश कुमार राम को लाठी डंडे से मारा है। दूसरी ओर पडुहार के ही रहने वाले राम लखन चौधरी ने हनुमान राम, रंजीत, मनीष, देवानंद भुअर भूटाली मुनीराम हनुमान मनीष रणजीत, निर्मल, मुखिया पर मारपीट का आरोप लगाया था।




# दृष्टि नहीं दृष्टिकोण से मिलती है सफलता : रवि राज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिला चित्रांश एसोसिएशन, नवादा की ओर से स्थानीय मिलन रेसिडेंसी नवादा में चित्रांश समाज का गौरव एवं नवादा का लाल रवि राज का एक भव्य समारोह आयोजन कर सम्मानित किया गया। अपनी दृढ़ विश्वास एवं संकल्प के साथ अपने माता-पिता के सपनों का साकार करते हुए रवि राज ने भारत के सर्वोच्च संस्था यूपीएससी वर्ष 2025 की परीक्षा में पूरे भारतवर्ष में 20वां रैंक हासिल कर आम जनों को यह संदेश दिया है की दृढ़ संकल्प एवं कड़ी मेहनत करके अपनी इच्छा पूर्ति की जा सकती है। दृष्टि बाधित होते हुए भी रवि राज ने अपना दृष्टिकोण बनाए रखा और आईएएस बनकर अपने माता-पिता एवं समाज को अपनी लगन मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल कर गौरवान्वित किया है। इस सम्मान समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत्ति बैंक कर्मी अनिल कुमार सिन्हा ने किया तथा मंच संचालन अधिवक्ता राजीव नयन ने किया। इस अवसर पर जिला चित्रांश एसोसिएशन नवादा के अध्यक्ष अधिवक्ता संतोष कुमार सिन्हा ने समारोह को संबोधित करते हुए रविराज एवं



उनके माता-पिता को धन्यवाद दिया तथा उनका स्वागत करते हुए कहा किया कि यह चित्रांश समाज के लिए बहुत ही गर्व की बात है। सीमित संसाधन होते हुए भी उनकी माता विभा सिंन्हा, पिताजी रंजन सिन्हा ने अपनी मेहनत एवं लगन से अपने पुत्र को आज इस मुकाम पर पहुंचाने का काम किया हैं। विद्युत्ता के धनी रविराज ने पूर्व में बीपीएससी की परीक्षा में चयनित होकर राजस्व अधिकारी, गत वर्ष की 24वीं यूपीएससी की परीक्षा में 182 वां रैंक लाकर भारतीय राजस्व सेवा के लिए चयनित हुए और अभी वर्तमान में नागपुर में प्रशिक्षण ले रहे हैं। नवादा के ग्रामीण इलाके के अंतर्गत महुली गांव जो तैयार पंचायत के अंतर्गत है के रहने वाले रवि राज बिना कोई कोचिंग किये घर पर ऑनलाइन बैठकर अपनी मां के सहयोग से यह मुकाम हासिल किया है। इस अवसर पर चित्रांश एसोसिएशन नवादा रितेश कुमार मंशु, शिवनारायण सिंहा, अनूप सिंन्हा अधिवक्ता, सतीश चंद्र सिंन्हा, प्रिय शंकर सिंन्हा, सत्येंद्र सिंहा, कंचन सिंहा, ईदू सिंहा, संदीप सिंहा टुनटुन, अधिवक्ता मनीष श्रीवास्तव , राजेश सिंहा उर्फ़ गोपाल जी अधिवक्ता, हरि कृपाल, डॉ जोगिंदर प्रसाद, बैंक कर्मी सहित करीब



सैकड़ों चित्रांश बंधुओ ने उपस्थित होकर रविराज को माला पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सम्मान समारोह में उपस्थित रविराज एवं उनके पिता रंजन सिन्हा एवं माता विभा सिंन्हा को शॉल देकर सम्मानित किया गया।

# भारत की राष्ट्रपति नालंदा विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा विश्वविद्यालय 31 मार्च 2026 को अपने राजगीर स्थित स्थायी परिसर में द्वितीय दीक्षांत समारोह का आयोजन करने जा रहा है। इस गरिमामय समारोह में भारत की राष्ट्रपति एवं नालंदा विश्वविद्यालय की विजिटर द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। यह विश्वविद्यालय के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगी, क्योंकि यह नव उद्घाटित स्थायी परिसर में आयोजित होने वाला पहला दीक्षांत समारोह होगा। इस परिसर का उद्घाटन जून 2024 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था। विश्वविद्यालय के पुनरुद्धार के बाद यह केवल दूसरा दीक्षांत समारोह है, इससे पूर्व पहला समारोह वर्ष 2016 में आयोजित हुआ था। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त), बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर तथा विदेश मंत्रालय में सचिव (ईस्ट) पेरियासामी कुमारन शामिल होंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का यह राजगीर तथा नालंदा विश्वविद्यालय का राष्ट्रपति के रूप में प्रथम दौरा होगा। समारोह के दौरान वे दीक्षांत भाषण देंगी, उपाधियां प्रदान करेंगी तथा मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक अपने करकमलों से प्रदान करेंगी। वे विश्वविद्यालय के नवनिर्मित 2000 सीटों वाले सभागार "विश्वमित्रालय" का उद्घाटन भी करेंगी। पोस्ट-ग्रेजुएट और डॉक्टरेट प्रोग्राम के सभी स्नातकों को व्यक्तिगत रूप से अपनी डिग्री प्राप्त करने के लिए आमंत्रित किया गया है। ये छात्र अलग-अलग देशों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनमें अर्जेंटीना, वियतनाम, भूटान, इंडोनेशिया, केन्या, लाओस, म्यांमार, सर्बिया, घाना, थाईलैंड, नेपाल, बांग्लादेश और ज़िम्बाब्वे शामिल हैं। इस दीक्षांत समारोह में 10 पीएचडी तथा 36 गोल्ड मैडल प्रदान किए जाएंगे, जो विश्वविद्यालय की बढ़ती वैश्विक शैक्षणिक प्रतिष्ठा को दर्शाते हैं। इसी क्रम में, दीक्षांत समारोह में आने वाले सभी एल्युमिनाई को समर्पित, "मंजिरी" नामक विशेष पत्रिका का भी विमोचन किया जाएगा, जिसे नालंदा विश्वविद्यालय के वर्तमान विद्यार्थियों द्वारा संकल्पित, रूपांकित एवं विकसित किया गया है। इस पत्रिका में विश्वविद्यालय के प्रथम बैच से अब तक के एल्युमिनाई की यात्राओं, अनुभवों और उपलब्धियों को विशेष रूप से प्रस्तुत किया गया है। इसके अतिरिक्त, दिन के उत्तरार्ध में दक्षिण-पूर्व एशियाई अध्ययन केंद्र का औपचारिक शुभारंभ भी किया जाएगा।

# डॉ. राजीव रंजन ने गरीब तबके की लड़कियों के लिए चिकनपॉक्स टीकाकरण अभियान को दिया बढ़ावा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। शिशु आरोग्य सदन, बिहारशरीफ के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव रंजन ने समान स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम पहल की है। उन्होंने वंचित वर्ग की लड़कियों को चिकनपॉक्स से बचाव के लिए टीका लगवाकर इस दिशा में ठोस कदम उठाया है। यह पहल जेनरेटिंग अवेयरनेस ऑन अंडरप्रिविलेज्ड गर्ल्स राइट टू इम्यूनाइजेशन अभियान के तहत की गई, जिसे नोवो मेडिसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड ने शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य वंचित समुदायों की लड़कियों तक चिकनपॉक्स के टीके की पहुंच बढ़ाना है। इस कार्यक्रम को क्राई (चाइल्ड राइट्स एंड यू) का भी सहयोग मिला, जिससे इसके प्रभाव को और मजबूती मिली। इस पहल के तहत देशभर के लोगों को एक मिस्ड कॉल के जरिए टीकाकरण के अधिकार के समर्थन में जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। जो शुरुआत एक प्रतीकात्मक समर्थन के रूप में हुई थी, वह अब एक बड़े अभियान का रूप ले चुकी है, जो वंचित लड़कियों के लिए निवारक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रहा है। इस पहल के पीछे की प्रेरणा पर प्रकाश डालते हुए डॉ. रंजन ने कहा कि चिकनपॉक्स एक ऐसी बीमारी है जिसे रोका जा सकता है, लेकिन फिर भी कई बच्चे खासकर वंचित समुदायों की लड़कियां अब तक टीकाकरण से वंचित हैं। हर वंचित बच्ची तक समय पर टीकाकरण पहुंचाना स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए बेहद जरूरी है। इस पहल के जरिए जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ वंचित लड़कियों तक वैक्सीन की पहुंच में मौजूद कमी को दूर करने की दिशा में काम किया गया है।नोवो मेडि साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड की यह पहल न सिर्फ तत्काल सुरक्षा उपलब्ध कराने पर जोर देती है, बल्कि खासकर लड़कियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में मौजूद व्यवस्थागत बाधाओं को भी उजागर करती है। यह पहल स्वस्थ बचपन को बढ़ावा देने, समुदायों को मजबूत बनाने और समावेशी व टिकाऊ सार्वजनिक स्वास्थ्य परिणाम हासिल करने की दिशा में दीर्घकालिक प्रभाव पैदा करने का लक्ष्य रखती है। इस पहल में उपयोग किया गया टीका नेक्सिपॉक्स प्लस है, जो भारत में मजबूत क्लिनिकल साक्ष्यों और आंतरिक अध्ययन के आधार पर विकसित अगली पीढ़ी का वैरीसेला वैक्सीन है।

# हिसुआ में 850 लीटर महुआ शराब के साथ स्कॉर्पियो जब्त, कार्रवाई जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ (नवादा)**। हिसुआ थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में एक उजला स्कॉर्पियो से करीब 850 लीटर अवैध देशी महुआ शराब बरामद की गई है। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और मामले में अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि अवैध शराब की बड़ी खेप वजीरगंज की ओर से हिसुआ की ओर लाई जा रही है। इस सूचना के बाद हिसुआ थाना पुलिस सतर्क हो गई और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने लगी। इसी दौरान पुलिस ने अजय नगर और विजय नगर इलाके में पहुची लेकिन पुलिस को देखते ही वाहन चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने वाहन की तलाशी ली, जिसमें भारी मात्रा में महुआ शराब बरामद हुई। जब्त शराब की मात्रा करीब 850 लीटर बताई जा रही है। वाहन के नंबर के आधार पर उसके मालिक की पहचान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है, इसके बावजूद अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# रामनवमी पर निकली शोभा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। रामनवमी के पावन अवसर पर बिहारशरीफ के श्रम कल्याण केंद्र मैदान से एक भव्य और विराट शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में रामभक्त शामिल हुए। पूरे शहर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय और भगवामय हो गया, जगह-जगह जय श्रीराम के नारों से वातावरण गूंज उठा। शोभा यात्रा में आकर्षक झांकियां, पारंपरिक वेशभूषा में शामिल श्रद्धालु और अनुशासित जुलूस ने लोगों का मन मोह लिया। सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। घुड़सवार पुलिस के साथ-साथ भारी संख्या में पुलिस बल और सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई थी। डीएम कुंदन कुमार, एसपी भारत सोनी, एसडीएम और एसडीपीओ खुद मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्था की कमान संभाले हुए थे। इस दौरान



बीजेपी विधायक डॉ. सुनील कुमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि रामनवमी का यह पावन पर्व सनातन धर्म की आस्था और परंपरा का प्रतीक है। इसे हर्षोल्लास, शांति और धैर्य के साथ मनाना चाहिए। वही जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा इस तरह के पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं। यह सनातन धर्म के गौरव को बचाते हुए उसकी आस्था और निष्ठा को कायम रखना है।

# सड़क दुर्घटना में तीन घायल, एक रेफर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के प्राणचक व सिमरकोल मोड़ के बीच एनएच-20 पर दो बाइक अनियंत्रित होकर एक दूसरे के बीच आमने सामने टकरा गई। इस टक्कर में दोनों बाइकों पर सवार रहे कुल तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायल बाइक सवारों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. सूरज कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में होरिला गांव निवासी अर्जुन राम के पुत्र अनिल कुमार,गयाजी जिले के गुरुआ गांव निवासी देवनन्दन यादव के पुत्र छोटेलाल कुमार एवं नरहट थाना क्षेत्र के सीतामढ़ी गांव निवासी पप्पू कुमार के रूप में हुई



है। चिकित्सक ने कहा कि सभी घायलों का प्राथमिक इलाज कर जरूरी सुई एवं दवाइयां दी गई है। वहीं घायल छोटेलाल कुमार के सिर और पैर में फैक्चर होने के कारण उसे बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है। अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों ने कहा कि एनएच-20 पर यूटर्न होने के बावजूद लोगों द्वारा लापरवाही बरतते हुए रॉन्ग साइड में चलने से सड़क दुर्घटना में बढ़ोत्तरी हो गई है। महीनों में तीन-चार घटनाएं रजौली क्षेत्र में देखने को मिल जाती है। शनिवार की सुबह भी दो बाइक सवार आमने सामने टकरा गए। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष द्वारा आवेदन मिलने पर अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही उन्होंने आमलोगों से परिवहन के नियमों के अनुकूल वाहन चलाने की अपील की है,ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सके।

# हिसुआ पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ (नवादा)**। हिसुआ थाना क्षेत्र की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान लालकेश्वर चौधरी (उम्र लगभग 32 वर्ष) के रूप में हुई है, जो हिसुआ थाना क्षेत्र के निवासी हैं।

पुलिस द्वारा विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय भेज दिया गया। हिसुआ थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जा सके।

# रजौली में गूंजा जय श्रीराम, हर्षोल्लास से मना रामनवमी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रजौली**। भक्तिमय माहौल और गगनभेदी जयकारों के साथ रजौली प्रखंड में रामनवमी का पर्व श्रद्धा और अभूतपूर्व उत्साह के साथ मनाया गया, जिससे समूचा क्षेत्र राममय हो उठा। सुबह से हीं मुख्यालय के बजरंगबली चौक मंदिर, मनोकामना धाम मंदिर, पंचमुखी धाम राजशिवाला, न्यू बाइपास स्थित पंचमुखी मंदिर समेत क्षेत्र अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और 'जय श्रीराम' के नारों से आकाश गुंजायमान रहा। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव को लेकर लोगों में ऐसा जुनून था कि हर चेहरा भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। नगर के मुख्य चौक-चौराहों से लेकर ग्रामीण इलाकों तक केसरिया झंडों की बहार छाई रही, जिससे हर



ओर उत्सव का माहौल जीवंत हो गया।मंदिरों और घरों पर लहराए महावीरी पताके इस पावन अवसर पर रजौली के ऐतिहासिक मंदिरों और निजी आवासों की छतों पर विशेष रूप से विशालकाय ध्वज स्थापित किए गए। इन ध्वजों पर संकटमोचन हनुमान जी की तस्वीर वाले 'बजरंगी पताके' पूरे गौरव के साथ लहरा रहे थे, जो विजय और शक्ति का प्रतीक बनकर क्षेत्र की शोभा बढ़ा रहे थे। घरों की साफ-सफाई कर लोगों ने विधिवत पूजा-अर्चना की और अपने-अपने द्वारों पर नए ध्वज गाड़कर सुख-समृद्धि की कामना की।

आध्यात्मिक संदेश पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए स्थानीय ठाकुरबाड़ी मंदिर के मुख्य पुजारी दिनेश पंडित ने कहा, "रामनवमी केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का संकल्प है। उन्होंने बताया कि चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को अभिजीत मुहूर्त में भगवान का प्राकट्य उत्सव मनाना अत्यंत कल्याणकारी होता है।

सांप्रदायिक सौहार्द और सुरक्षा के बीच शनिवार के दिन रजौली की सड़कों पर निकलने वाली शोभायात्राओं की तैयारी हेतु युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप पर थिरकने एवं श्रद्धालु हाथों में लहराते महावीरी झंडे एक अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करने को लालायित दिखाई दे रहे थे। स्थानीय लोगों ने एक-दूसरे को रामनवमी की बधाई दी और प्रसाद वितरण कर खुशियां बांटी, जिससे सामाजिक समरसता की एक नई मिसाल पेश हुई।

# माता रानी का पट खुलते ही उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। प्रखंड क्षेत्र के हरदिया पंचायत के सेक्टर-डी में बीते गुरुवार की रात्रि लगभग 8 बजे माता रानी का पट खुलते ही दर्शन हेतु श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। रजौली विधायक विमल राजवंशी भी माता रानी के दरबार में अर्जी लगाने पहुंचा। मुखिया पिंटू साव और पूजा समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार ने विधायक का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। चैत्र नवरात्रि को लेकर हरदिया सेक्टर-डी में 100 से अधिक वर्षो से माता रानी की मूर्ति स्थापित कर पूजा की जा रही है। विधायक ने माता रानी के दर्शन के बाद विधिवत पूजा-अर्चना किया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे राज्य में सुख, शांति और समृद्धि को लेकर माता से अर्जी लगाई। विधायक ने मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं से शांतिपूर्ण वातावरण में पूजा-अर्चना करने की अपील की। पूजा समिति के अध्यक्ष ने बताया कि शनिवार को हवन होगा और रविवार को बाजे गाजे के साथ ग्रामीण श्रद्धालुगण धूमधाम से माता रानी की प्रतिमा का विसर्जन करेंगे। शुक्रवार की अहले सुबह से मंदिर परिसर में पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इस अवसर पर पूजा समिति से मुकेश कुमार सिंह, भाजपा जिला महामंत्री गौरव शांडिल्य गगन, ओमकार साव, सोहन साव, समाजसेवी दिलीप साव, जयशंकर कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि बब्लू पंडित, राजन कुमार, रंजीत कुमार, नंदलाल राजवंशी सहित सैकड़ों महिला और पुरुष श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## श्रद्धापूर्वक रामनवमी पर्व मनाया गया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज, नवादा**। प्रखंड के विभिन्न गांवों में शुक्रवार को श्रद्धा पूर्वक रामनवमी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर नारदीगंज बाजार, ओड़ो, कोसला, रामे, हंडिया, पचेया, कहुआरा, नंदपुर समेत अन्य गांवों में महावीर पताका का ध्वजारोहण कर विधिवत पूजन किया गया। इसके अलावा हनुमान मंदिर में भी पूजन अर्चना कर महावीर पताका का ध्वजारोहण किया। पूजा अर्चना होने से सारा वातावरण भक्तिमय होते रहा। लोगों ने श्रद्धाभाव से पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी।

# ट्रैक्टर की टक्कर से महिला की मौत, पुत्र घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा)**। थाना क्षेत्र के बदल बिगहा गांव के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतका की पहचान करायपरसुराय थाना क्षेत्र के मेढ़ना गांव निवासी कृष्ण पासवान की 54 वर्षीय पत्नी गीता देवी के रूप में हुई है। घायल युवक रामजी कुमार बताया जा रहा है। परिजनों के अनुसार, गीता देवी अपने पुत्र के साथ नगरनौसा से अपने गांव लौट रही थीं। इसी दौरान बदल बिगहा गांव के पास अचानक तेज आंधी आ गई। पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे गीता देवी सड़क पर गिर पड़ीं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बाइक चला रहा उनका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही नगरनौसा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस हादसे के बाद गांव में मातम का माहौल है।

## आंधी में उड़कर आए लोहे के पाइप से महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा)**। प्रखंड के चंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत चिस्तीपुर गांव में तेज आंधी के दौरान एक दर्दनाक हादसे में महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान रुकेश राम की 30 वर्षीय पत्नी रूपा देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रूपा देवी खलिहान में काम कर रही थीं। इसी दौरान अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी शुरू हो गई। आंधी से बचने के लिए वह अपने घर की ओर जा रही थीं, तभी किसी अन्य मकान से उड़कर आया लोहे का पाइप उनके ऊपर गिर गया। गंभीर रूप से घायल रूपा देवी को आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नगरनौसा में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। गोरायपुर पंचायत के मुखिया पति सुमन शरण ने घटना की पुष्टि की है। बताया गया कि मृतका का पति हैदराबाद में रहकर मजदूरी करता है।

वहीं, अंचल अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि आंधी से हुई मौत की अभी तक कोई आधिकारिक सूचना प्राप्त नहीं हुई है। आवेदन मिलने के बाद सरकारी प्रावधानों के तहत पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दी जाएगी। दोनों घटनाओं के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

## राम जन्मोत्सव को लेकर नारदीगंज बाजार में शांतिपूर्ण तरीके से शोभायात्रा का आयोजन

**नारदीगंज,नवादा**। रामनवमी पर्व के दूसरे दिन आज यानी शनिवार को श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर नारदीगंज बाजार में शांतिपूर्ण तरीके से शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा 12 बजे दोपहर में नारदीगंज अंदर बाजार राधा कृष्ण ठाकुरबाड़ी के समीप से गाजे बाजे और आर्कषक झांकी के साथ निकाली जाएगी। आयोजक मंडल के माध्यम से तैयारी की जा रही है। थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने कहा आयोजक मंडल के द्वारा शोभायात्रा निकालने की सूचना दी गई। इस दौरान पुलिस प्रशासन जगह जगह मुस्तैद रहेगी। उन्होंने ने लोगों से कहा रामनवमी शोभायात्रा के दौरान पूरी शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने में प्रशासन की मदद करें।

# शोभायात्रा के दौरान बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल रजौली के अंतर्गत आने वाले विभिन्न प्रखंडों के उपभोक्ताओं के लिए विद्युत कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार के द्वारा एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है, जिसके तहत आगामी 27 एवं 28 मार्च 2026 को रामनवमी के पावन अवसर पर निकलने वाली भव्य शोभायात्राओं के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। विद्युत कार्यपालक अभियंता द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार नारदीगंज, हिसुआ, मेसकौर, नरहट, गोविंदपुर, अकबरपुर, सिरदला एवं रजौली के विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय पूजा समितियों द्वारा आयोजित जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय बिजली दुर्घटना को रोकने के लिए एहतियातन विद्युत आपूर्ति बंद रखी जाएगी। सुरक्षा के इस अनिवार्य कदम से आम जनजीवन प्रभावित न हो, इसके लिए विभाग ने सम्मानित नागरिकों और उपभोक्ताओं से विनम्र अनुरोध किया है कि वे शोभायात्रा के निर्धारित समय से काफी पहले ही अपने घरों में आवश्यकतानुसार पानी भरकर रख लें ताकि बिजली कटौती की अवधि में उन्हें दैनिक कार्यों में किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। शांतिपूर्ण और सुरक्षित उत्सव संपन्न कराने के उद्देश्य से जारी की गई इस पूर्व सूचना का पालन कर लोग जल संकट से बच सकते हैं और बिजली विभाग के इस सुरक्षा अभियान में अपना सहयोग प्रदान कर सकते हैं।

# जनगणना को लेकर चार्जों के फील्ड ट्रेनरों को दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी -सह- अपर जिला जनगणना पदाधिकारी नवल किशोर रजक द्वारा जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण) एवं मकानों की गणना हेतु जिला के ग्रामीण विकास अभिकरण, कार्यालय भवन में जिले के विभिन्न चार्जों के फील्ड ट्रेनरो का दूसरे बैच का प्रशिक्षण दिया गया। फिल्ड टूनरों को जिले के मास्टर ट्रेनरो के टीम द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। ये सभी फिल्ड ट्रेनर ट्रेनिग प्राप्त कर अपने अपने चार्जों में पर्यवेक्षक एवं एवं प्रगणक प्रशिक्षित करेंगे जो घर घर जाकर दिनांक 2 से 31 मई तक घर-घर जाकर जनगणना के आंकड़े जुटायेंगे। प्रशिक्षण



के दौरान जनगणना निदेशालय बिहार द्वारा नोडल (जनगणना), नालन्दा सह-राज्य स्तरीय प्रशिक्षक नवीन कुमार ने बताया कि जनगणना 2027 पूर्णतः डिजिटल मोड में किया जाना है। जिसे प्रगणक द्वारा एचएलओ ऐप के माध्यम से घर-घर जकर अधिसूचित प्रश्नो का आंकड़ा एकत्रित करेंगे। इस दौरान मकान निर्माण में उपयोग किये गए सामग्री, मकान का उपयोग परिवार में रह रहे कुल सदस्यो कि संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, लिंग, उपयोग किया जाने वाले साधन, यथा, प्रकाश का मुख्य स्रोत, ईंधन का स्त्रोत, शौचालय की उपलब्धता ,पानी उपलब्धता, ड्रेनेज की व्यवस्था, परिवार के पास उपलब्ध साइकिल, मोटरसाइकिल, कार, जीप, टेलिविजन, कम्प्यूटर, मोबाइल इत्यादी एवं भोजन के रूप में उपयोग लाये जाने वाले मुख्य अनाज पुछा जाना है। इस जनगणना में पहली बार स्वःगणना एक विशेष पोर्टल सीएमएमएस के द्वारा आम नागरिक अपने परिवार का संपूर्ण ब्योरा दिनांक 17 अप्रैल से 01 मई तक कर सकेंगे । इस दौरान उनके द्वारा दर्ज किये ब्यौरा जिसमें लोकेशन विवरणी प्रविष्टी एवं मकानो का जिओ टैगिंग किया जाना शामिल है। स्वः गणना के उपरांत प्राप्त एक आईडी जेनरेट होगा जिसे बाद में पर्यवेक्षक / प्रगणक द्वारा घर-घर भ्रमण के दौरान सत्यापन कर अंतिम रूप दिया जाएगा। इस बार एक केन्द्रीयकृत पोर्टल सीएमएमएस विकसित किया गया जिसके माध्यम से कार्य प्रगति का मॉनीटरीग, कार्य आवंटन , नियुक्ति एवं मानदेय का भुगतान किया जायेगा। इस प्रशिक्षण के दौरान जनगणना निदेशालय बिहार के सहायक निदेशक अशोक चौधरी के उपस्थित रहे।

# गया में रामनवमी शोभा यात्रा ने रचा इतिहास, आस्था और जनशक्ति का अद्भुत संगम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गया।** रामनवमी के अवसर पर गया में आयोजित भव्य शोभा यात्रा ने इस वर्ष ऐतिहासिक रूप धारण कर लिया। धर्म, आस्था और सांस्कृतिक एकता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए शहर की सड़कों पर उमड़े जनसैलाब ने यह स्पष्ट कर दिया कि सनातन आस्था की जड़ें अत्यंत मजबूत हैं और समय के साथ और भी सशक्त होती जा रही हैं। श्री रामनवमी केंद्रीय पूजा समिति के कार्याध्यक्ष क्षितिज मोहन सिंह ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं और रामचरितमानस के अनुसार भगवान श्रीराम का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मध्याह्न काल में अभिजीत मुहूर्त के दौरान हुआ था। समिति द्वारा गया, वाराणसी सहित देश के विभिन्न विद्वानों से विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि 26 मार्च 2026 को अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:02 बजे से 12:51 बजे तक रहेगा। इसी के अनुरूप शोभा यात्रा को दोपहर 12 बजे के बाद प्रारंभ किया गया जिससे धार्मिक परंपराओं का पूर्ण पालन सुनिश्चित हो सके। इस सुनियोजित निर्णय का परिणाम यह रहा कि इस वर्ष की शोभा यात्रा में अभूतपूर्व भीड़ उमड़ी और यह अब तक की सबसे विशाल और भव्य यात्रा बन गई। गया शहर की प्रमुख सड़कों पर श्रद्धालुओं का सैलाब देखने को मिला। विशेष रूप से मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और अधिक दिव्यता प्रदान की। पारंपरिक वेशभूषा में शामिल महिलाओं की उपस्थिति ने सनातन संस्कृति की मजबूती का संदेश दिया। केंद्रीय पूजा समिति के महामंत्री मणिलाल बारीक ने स्पष्ट किया कि शोभा यात्रा पूरी तरह धार्मिक परंपराओं और पंचांग के अनुसार आयोजित की गई है तथा यह किसी दबाव में नहीं, बल्कि देशभर में आयोजित हो रही यात्राओं के अनुरूप निकाली गई। समिति ने गया के सभी श्रद्धालुओं, युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और मातृशक्ति के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सभी के सहयोग, समर्पण और आस्था से यह आयोजन ऐतिहासिक सफलता हासिल कर सका।

## श्रीमद् भागवत धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला दिव्य ज्ञान का स्रोत : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गया जिला अंतर्गत ग्राम फुरहुरिया में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ तथा बोधगया प्रखंड के ग्राम कटोरवा में हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सहभागिता की। दोनों कार्यक्रमों में उनकी उपस्थिति से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ जैसे आयोजन समाज को सत्य, धर्म, प्रेम और भक्ति के मार्ग पर अग्रसर करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला दिव्य ज्ञान का स्रोत है जो भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों के माध्यम से मानव जीवन को दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान भौतिकवादी युग में जब व्यक्ति तनाव और भटकाव से जूझ रहा है, ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा लोगों को अपनी सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं से जोड़ते हैं। डॉ. कुमार ने कथा व्यास के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके श्रीमुख से प्रवाहित हो रही कथा न केवल मन को शांति प्रदान करती है, बल्कि जीवन को सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देती है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में धर्म और आध्यात्म के माध्यम से समाज का मार्गदर्शन सदैव होता रहा है और श्रीमद् भागवत इसी परंपरा का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने आयोजन समिति को भव्य एवं सुव्यवस्थित कार्यक्रम के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और सद्भाव को सुदृढ़ करते हैं। अंत में डॉ. प्रेम कुमार ने भगवान श्रीकृष्ण से सभी के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए लोगों को धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

## महादेव बाबू का संपूर्ण जीवन समाज की सेवा के लिए रहा समर्पित : डॉ. प्रेम कुमार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने आज भारतीय जनता पार्टी गयाजी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष श्रद्धेय महादेव बाबू के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। इस क्रम में उन्होंने दिवंगत नेता के आवास पर जाकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की तथा अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। डॉ. प्रेम कुमार ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें। उन्होंने कहा कि महादेव बाबू का संपूर्ण जीवन संगठन और समाज की सेवा के लिए समर्पित रहा। उनके कार्यकाल में भारतीय जनता पार्टी गया जिले में काफी मजबूत हुई और संगठन को नई दिशा व ऊर्जा मिली। वे एक समर्पित, कर्मठ एवं दूरदर्शी नेता थे जिनकी कमी सदैव महसूस की जाएगी। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि महादेव बाबू का योगदान न केवल पार्टी बल्कि समाज के लिए भी अमूल्य है। उनके आदर्श और कार्य हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। मौके पर राजनंदन गांधी, सचिन ठाकुर, दीनानाथ सहित अन्य मौजूद रहे।

# मेयर और पूर्व उप महापौर ने किया राम भक्तों का स्वागत

### शोभायात्रा के दौरान पानी के फव्वारे और पुष्प वर्षा से अभिवादन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गया।** रामनवमी के अवसर पर गया शहर में निकली भव्य शोभायात्रा के दौरान गया नगर निगम के जनप्रतिनिधि राम भक्तों की सेवा में पूरे समर्पण के साथ जुटे नजर आए। शोभायात्रा में शामिल हजारों श्रद्धालुओं के स्वागत में मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान और पूर्व उप महापौर सह स्थायी समिति सदस्य अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव स्वयं मौजूद रहे और पानी के फुव्वारे तथा पुष्प वर्षा कर भक्तों का अभिवादन किया। इस दौरान पार्षद उपेंद्र कुमार, प्रतिनिधि सोनू शर्मा, बिल्डर विकास साह सहित अन्य पार्षद प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता भी सेवा कार्य में सक्रिय रहे। सभी ने मिलकर शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की सुविधा और स्वागत का विशेष ध्यान रखा। मेयर गणेश पासवान और पूर्व उप महापौर मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि रामनवमी भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव का प्रतीक है जो समाज को मर्यादा, त्याग और सेवा का संदेश देता है। उन्होंने गया वासियों को रामनवमी की बधाई देते हुए कहा कि नगर निगम हमेशा धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में लोगों के साथ खड़ा रहता है। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला और शहर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।

## भजन कीर्तन व हवन से वातावरण व आत्मा होती है शुद्धः आनंद सिंह



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** भजन-कीर्तन से आत्मा तथा हवन से वायु मंडल की शुद्धता होती है। उक्त बातें आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर के निदेशक आनंद सिंह ने अपने पिता स्व. जितेंद्र सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर भजन कीर्तन के पूजा, हवन करने के उपरांत कहा। उन्होंने कहा कि हमारे पिता जी आर.एस.के. पब्लिक स्कूल के पूर्व चेयरमैन थे। वे हमेशा हमें मार्गदर्शक रहे और उनके आदर्शों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। स्कूल के निदेशक आनंद ने बताया कि अखंड कीर्तन में 'हरे राम हरे राम, हरे कृष्ण हरे कृष्ण' के हृदय से किया गया। उच्चारण व्यक्ति और समाज दोनों के लिए अत्यंत लाभकारी होता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पुत्र को अपने माता-पिता को सेवा करना चाहिए।

# रामनवमी पर आंती, काबर व देवरा बाजार में निकली भव्य शोभायात्रा

### जय श्रीराम के नारों से गूंजा इलाका, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता





**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के आंती, काबर एवं देवरा बाजार में रामनवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं माता सीता की झांकी के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा क्षेत्र जय श्रीराम के नारों और भक्ति गीतों से गूंज उठा। शोभायात्रा निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई आगे बढ़ी। श्रद्धालु हाथों में भगवा झंडा लिए हुए थे तथा पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर नाचते-गाते चल रहे थे। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। राम, लक्ष्मण और सीता की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रही। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के लिए थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव एवं सुदेह कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। शोभायात्रा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों ने लगातार निगरानी की। इस अवसर पर आंती मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव, राजद नेता मो. आकिब आलम, पीओ संजय कुमार, एसआई मीरा कुमारी, तरन्नुम खातून, मुस्तफा कमाल, दशरथ सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता पुण्यदेव यादव, सुनील यादव, लालू यादव, संतोष मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में शोभायात्रा संपन्न होने पर प्रशासन ने संतोष जताया।

## एक लाख एक हजार की ठगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** साइबर थाना में बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के अमाथु गांव निवासी एक लाख एक हजार ठगी के शिकार सारंगधर मिश्रा ने साइबर ठग द्वारा फोन कर कर कोड मांगने और कंप्लेंट वापस करने पर राशि लौटाने के संबंध में प्राथमिकी किया है। साइबर डीएसपी सह थानाध्यक्ष गौरव कुमार यादव के अनुसार गत 22 फरवरी को श्री मिश्र से एक लाख से अधिक राशि ठगी करने की प्राथमिकी किया था। उन्हें साइबर ठग ने फोन कर क्यू आर कोड मांग किया। कहा कि हम भी फंसे हुए हैं। हम दोनों का पैसा वापस हो जाएगा आप जो कंप्लेन किए हैं वह वापस ले लीजिए नहीं तो उन पर भी प्राथमिकी दर्ज करने की धमकी दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रामनवमी पर पतंजलि आदर्श योग केंद्र में हवन-पूजन व भजन कीर्तन का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी स्थित पतंजलि आदर्श योग केंद्र में रामनवमी के पावन अवसर पर हवन-पूजन एवं भजन-कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से हवन-पूजन कर भगवान श्रीराम से सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। उपस्थित लोगों ने बताया कि हर शुभ अवसर पर हवन-पूजन करने से वातावरण शुद्ध होता है तथा मन को शांति मिलती है। इस दौरान भजन-कीर्तन से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। आयोजन में शामिल सभी लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया तथा अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर पतंजलि जिला प्रभारी उमाशंकर प्रसाद, योग शिक्षक कौशल कुमार सिंह, अजय कुशवाहा, शैलेन्द्र प्रसाद सिंह, प्रभूनारायण शर्मा, संतोष कुमार, राजेन्द्र सिंह, बबन सिंह, महात्मा लालजी, ललन चौधरी, अजय सिंह, जितेंद्र सिंह, ददन राय, दयाशंकर, मनोज निरंकारी, सरोज जी, संजय कुमार, संजय शर्मा, गुरुजी, डॉ. गंगासागर, डॉ. बी.एन. सिंह, कृष्णा पासवान, नंदलाल, मुरारी जी, पाल जी सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर हवन-पूजन में भाग लिया और आयोजन को सफल बनाया।

## नि:शुल्क सोलर पैनल गरीब परिवारों के लिए खुशखबरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** विद्युत विभाग के द्वारा गरीब और निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए एक खुशखबरी बताई गई है। विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सरकार द्वारा चलाई जा रही कुटीर ज्योति सोलर योजना के तहत गरीब परिवारों को निःशुल्क सोलर पैनल लगाया जाएगा जिससे उनके बिजली बिल में कमी आएगी और वे स्वच्छ ऊर्जा का लाभ उठा सकेंगे। विद्युत अधीक्षण अभियंता सासाराम इं. इंद्रदेव कुमार ने बताया कि जिले में लगभग 97773 कुटीर ज्योति (बीपीएल) उपभोक्ता हैं जिन्हें इस योजना से आच्छादित करने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के तहत उपभोक्ताओं को दिन के समय पंखा, बल्ब आदि चलाने हेतु सौर ऊर्जा उपलब्ध होगी जिससे उनके बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आएगी तथा ग्रिड बिजली पर निर्भरता घटेगी। इच्छुक उपभोक्ता 31 मार्च तक आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकते हैं। स्मार्टफोन धारक उपभोक्ता गूगल प्ले स्टोर से 'सुविधा ऐप' डाउनलोड कर 'रूफटॉप सोलर पैनल स्थापन हेतु सहमति (कुटीर ज्योति)' विकल्प के माध्यम से अपना उपभोक्ता संख्या दर्ज कर ओटीपी सत्यापन के बाद आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के दौरान आधार कार्ड या मतदाता पहचान पत्र एवं बीपीएल कार्ड सहित आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना होगा तथा छत से संबंधित जानकारी देनी होगी जिन उपभोक्ताओं के पास स्मार्टफोन उपलब्ध नहीं है वे संबंधित विद्युत आपूर्ति प्रमंडल कार्यालय के सुविधा काउंटर के माध्यम से निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं। विद्युत विभाग द्वारा सभी पात्र उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना शीघ्र आवेदन करें ताकि प्रथम चरण में ही उनके आवास पर सोलर पैनल की स्थापना सुनिश्चित की जा सके तथा वे स्वच्छ एवं सस्ती सौर ऊर्जा का लाभ प्राप्त कर सकें।

## एक ही रात पांच घरों में चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** थाना क्षेत्र के बरोरह पंचायत अंतर्गत शेखपुरा गांव में एक ही रात पांच घरों में चोरी हो जाने से ग्रामीणों में खौफ का माहौल व्याप्त हो चुका है। इस संबंध में ग्रामीण देवकुमार यादव उर्फ लुटन यादव ने बताया कि बुधवार की रात्रि गांव के सहदेव यादव, इंद्रदेव यादव, कृष्णा यादव तीनों पिता स्वर्गीय कौलेश्वर यादव, सुभाष यादव पिता स्वर्गीय चंदर यादव एवं सतेन्द्र यादव पिता स्वर्गीय तपेश्वर यादव के घरों में अज्ञात चोरों ने रात्रि पहर घरों में घुसकर नगदी एवं गहनों की चोरी बक्सों को तोड़कर कर लिया। सतेन्द्र एवं सुभाष के घरों का बक्सा घर में ही छत पर टूटा मिला वहीं अन्य तीनों व्यक्तियों के घरों का बक्सा खेतों में टूटा हुआ मिला। इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस छानबीन में जुट गई है। जल्द ही पता लगा लिया जाएगा। ज्ञात हो कि यह गांव गुरारू थाना और रफीगंज थाना (औरंगाबाद) के बॉर्डर पर अवस्थित है। गौरतलब है कि एक ही रात गुरारू बाजार के स्टेशन रोड स्थित छः दुकानों एवं मथुरापुर बाजार स्थित सोना-चांदी के दुकान में हुई चोरी में पुलिस के हाथ अभी तक खाली हीं है जबकि थाना में पदाधिकारियों की भरमार है।

## पीएचईडी के कारनामे से मोहल्लावासी परेशान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** बाजार के जागीर मोहल्ला में इन दिनों दशक इंतजार के बाद ग्रामीण स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) द्वारा जल नल योजना के लिए सड़कों एवं गलियों को खोदकर पाइप लगाया जा रहा है। इस मोहल्ला में मेन गली से सोनी सोनार वाली गली में ठीकेदार द्वारा पाइप को नाली के उपर से लाकर गली में लगाया गया है। जैसा कि फोटो में देखा जा सकता है। इस गली के निवासी सोनी सोनार, राजेन्द्र चंद्रवंशी, जयनारायण प्रसाद ने बताया कि ठीकेदार द्वारा मना करने पर भी बाजबरदस्ती नाली के उपर से करीब पांच फीट में मेन पाइप को लगा दिया गया है। यह पाइप किसी भी समय फोर व्हीलर की चपेट में आने से निश्चित रूप से फट जाएगा और आगे पानी की आपूर्ति रूक जाएगा और गली में पानी भर जाएगा। गली से तत्काल में पानी निकलने का भी व्यवस्था नहीं है। इस प्रकार का अनैतिक कार्य कर विभाग के ठीकेदार एवं इंजीनियर आमजन को परेशान करने की साजिश रच रहे हैं। विरोध करने पर ठीकेदार एवं इनके गुर्गे द्वारा मुकदमा में फंसा देने एवं मारपीट करने पर उतारू हो गए हैं और और इस प्रकार से बेतरतीब पाइप बिछाकर खानापूर्ति कर दिया गया है। जयनारायण प्रसाद ने कहा कि जेई सुप्रिया से शिकायत करने पर स्पार्ट इंक्वायरी करने का वादा कर आज तक नहीं आयीं। वहीं मोहल्लावासी नीरज मिस्त्री ने बताया कि गुर्गे द्वारा पैसा लेकर घरों में कनेक्शन दिया जा रहा है। काफी कहने पर भी मुझे कनेक्शन नहीं दिया गया। इस संबंध में पूछे जाने पर कनीय अभियंता सुप्रिया ने बताया कि ठीकेदार को नाली काटकर पाइप लगाने को कहा गया है। मोहल्ला के सभी लोगों को कनेक्शन दिया जाएगा।

# पतलुका गांव में भीषण आग से 5 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम/तिलौथू।** रोहतास जिले के पतलुका गांव में शुक्रवार को अचानक लगी भीषण आग ने किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते करीब 5 बीघा में लगी गेहूं की तैयार फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। इस घटना से गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और किसान मायूस नजर आए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खेतों से धुआं उठता देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश शुरू कर दी। इस दौरान तुरंत दमकल विभाग को फोन कर सूचना दी गई, लेकिन कई बार संपर्क करने के बावजूद फायर ब्रिगेड समय पर घटनास्थल पर नहीं पहुंच सकी। तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने बाल्टी, पंपसेट और मिट्टी की मदद से आग पर काबू पाने की काफी कोशिश की, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण वे सफल नहीं हो सके। काफी देर बाद जब दमकल की गाड़ी पहुंची, तब तक अधिकांश फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी। इसके बाद दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर पूरी तरह काबू पाया। इस घटना में कई किसानों की महीनों की मेहनत पल भर में जलकर राख हो गई जिससे उन्हें भारी आर्थिक क्षति हुई है। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है। साथ ही दमकल विभाग की लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में काफी नाराजगी देखी जा रही है। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## अमेरिका, इजरायल-ईरान युद्ध के विरुद्ध कैंडल मार्च

### युद्ध बर्बादी, तबाही और पाशविकता का द्योतक : कौशल गणेश आजाद




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोधगया।** युद्ध कभी विकास का मार्ग प्रशस्त नहीं कर सकता बल्कि तबाही, विनाश और पाशिवकता का द्योतक है। उक्त बातें अमेरिका, इजरायल-ईरान युद्ध के विरुद्ध बोधगया स्थित माया सरोवर से गांधी चौक तक लोक समिति और मजदूर - किसान समिति द्वारा आयोजित कैंडल मार्च की समाप्ति के पश्चात सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा द्वितीय विश्व युद्ध के समय जापान के हिरोशिमा और नागासाकी पर अमेरिका ने परमाणु बम से हमला किया था। करीब डेढ़ से दो लाख लोगों की जानें गई थी। रुस-यूक्रेन युद्ध में लोगों की जाने जा रही है। अमेरिका, इजरायल-ईरान युद्ध के दौरान ईरान के एक स्कूल पर मिसाइल दागा गया जिसमें करीब 160 मासूम बच्चियों की जान चली गई। अमेरिका और इजरायल में भी तबाही और जान-माल की क्षति हो रही है। उन्होंने कहा कि युद्ध के कारण पुरी दुनिया में महंगाई बढ़ रही है।

**पूर्व रेलवे**

**बिड संख्याः जीईएम/2026/बी/7390207, दिनांकः 25.03.2026,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, बीएमएफ/बीजीबी, सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 **द्वारा निम्नलिखित** कार्य के लिए निविदा आमंत्रित की जाती हैः **बिड का विवरणः वस्तु श्रेणी**ः माल परिवहन सेवा – प्रति एमटी प्रति किमी आधारित सेवा – बोगी मैन्यूफैक्चरिंग फैक्टरी बजबज से भारत की विभिन्न रेलवे यूनिटों तक एलएचबी बोगी फ्रेमों का परिवहन, दूरी 700 किमी से अधिक-प्रति एमटी प्रति किमी आधारित सेवा; ओपन बॉडी टीएयू.., **अनुमानित बिड मूल्यः** रु.1,00,80,658.31, **ईएमडी का विवरणः एडवाइजरी बैंक**ः स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईएमडी की राशिः** रु.2,01,610/-, **ईपीबीजी का विवरणः एडवाइजरी बैंक**ः स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईपीबीजी प्रतिशत(%)**ः 5.00, **ईपीबीजी की आवश्यक अवधि (माह)**ः 26, **अनुबंध अवधिः** 2 वर्ष 1 दिन। **बिड पेशकश वैधता (बंद होने की तारीख से) :** 120 दिन। **बिड बंद होने की तारीख/समयः** 17.04.2026 को 11.00 बजे। **बिड खुलने की तारीख/समयः** 17.04.2026 को 11.30 बजे। **बिडर का न्यूनतम औसत वार्षिक टर्नओवर (3 वर्षों का)**ः रु.51 लाख। **इसी तरह की सेवाओं का पिछला आवश्यक अनुभव है**ः हाँ। **एमएसएमई के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई है**ः नहीं। **स्टार्टअप के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई है**ः नहीं। **क्या आप निविदाकारों द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज़ों को निविदा में भाग लेने वाले सभी निविदाकारों को दिखाना चाहते हैं?**ः हाँ (निविदा/बोली प्रक्रिया के दौरान स्पष्टीकरण/प्रतिनिधित्व के अंश के तौर पर जमा किए गए दस्तावेज़ लॉगिन के बाद भाग लेने वाले अन्य निविदाकारों को भी प्रदर्शित किए जाएंगे)। **बिड लगाने की समय-सीमा स्वतः नहीं बढ़ाने के लिए आवश्यक बिड की संख्याः** 1, **दिनों की संख्या, जिनके लिए बिड लगाने की समय-सीमा बढ़ाई जाएगीः** 7 दिन। **ऑटो एक्सटेंशन अधिकतम कितनी बार किया जाना हैः** 1, **बिड से रिवर्स नीलामी सक्रिय कियाः** नहीं। **विक्रेता से मांगे गए दस्तावेज़ः** अनुभव मापदंड, बिडर टर्नओवर, प्रमाणपत्र (एटीसी में अनुरोध किया गया), *यदि कोई बिडर अनुभव/टर्नओवर के मानदंड से छूट चाहता है, तो ऐसी छूट के लिए उनकी पात्रता को प्रमाणित करने वाले समर्थित दस्तावेज क्रेता द्वारा अवश्य ही मूल्यांकन के लिए अपलोड किए जाएं। **बिड का प्रकारः** दो पैकेट बिड। **मूल्यांकन पद्धतिः** कुल मूल्य-वार मूल्यांकन। **मूल्य दर्शाने वाला वित्तीय दस्तावेज ब्रेकअप आवश्यक हैः** हाँ। **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण हेतु अनुमत समयः** 2 दिन। **मध्यस्थता खंडः** नहीं। **सुलह खंडः** नहीं।

MISC-427/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संपादकीय

# सुप्रीम कोर्ट का सही फैसला

देश की सर्वोच्च अदालत ने धर्म बदलने पर अनुसूचित जाति का दर्जा खत्म होने का फैसला दोहराकर उचित ही किया है। आप एक साथ दो दो लाभ नहीं ले सकते। कारण साफ है कि जाति व्यवस्था केवल हिंदू धर्म में ही है और हिंदू धर्म छोड़कर दूसरे धर्म को अपनाने का अर्थ ही है कि आप जाति व्यवस्था से बाहर हो चुके हैं। खासकर ईसाई अथवा इस्लाम अपनाने पर अनुसूचित जाति का दर्जा भी स्वयमेव खत्म हो जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि केवल हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म से जुड़े लोग ही अनुसूचित जाति का दर्जा प्राप्त कर सकते हैं। जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने अपने फैसले में कहा कि ईसाई धर्म अपनाने वाला दलित व्यक्ति अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मिलने वाले किसी भी संरक्षण का दावा नहीं कर सकता है। गौरतलब है कि सर्वोच्च अदालत ने यह फैसला आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के मई 2025 के फैसले के खिलाफ लगाई गई चिंथदा की याचिका पर सुनाया। मामला विशाखापट्टनम जिले के अनाकापल्ली का है, जहां मूल रूप से एससी (माला समुदाय) के चिंथदा ने ईसाई धर्म अपना लिया और पादरी बन गया। कुछ दिन बाद गुंटूर जिले के कोथापलेम में रहने वाले अक्कला रामी रेड्डी नाम के शख्स पर चिंथदा ने आरोप लगाया कि अक्कला ने उसे जातिसूचक गालियां दी। चिथंदा ने एसी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज करवाया था। मामला हाईकोर्ट पहुंचने पर कोर्ट ने इस पर सुनवाई से इनकार कर दिया था। इसके बाद चिंथदा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। केस की जांच के दौरान पता चला था कि ईसाई धर्म अपनाने के कारण चिंथदा का अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र रद्द कर दिया गया था। चिंथदा एक चर्च में करीब 10 साल से पादरी के तौर पर काम कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट पहले भी कह चुका है कि आरक्षण का लाभ लेने धर्म बदलना, संविधान से धोखा है। 1985 के सूसाई बनाम भारत सरकार से जुड़े एक केस में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि यदि कोई व्यक्ति ईसाई धर्म अपनाने के बाद दोबारा हिंदू धर्म में लौटता है, तो उसे एससी दर्जा प्राप्त करने के लिए विश्वसनीय प्रमाण और समुदाय की स्वीकृति की जरूरत होगी। केवल लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से धर्म परिवर्तन करने को सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के साथ धोखा करार दिया। संविधान (अनुसूचित जातियों) आदेश, 1950 के अनुसार केवल हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म के अनुसूचित जाति समुदायों को एससी का दर्जा प्राप्त है। अगर कोई ईसाई या मुस्लिम धर्म अपना लेता है तो उनका यह दर्जा समाप्त हो जाता है। इसके पूर्व 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने सी. सेल्वाराणी मामले में मद्रास हाई कोर्ट ने एक ऐसी महिला को एससी प्रमाणपत्र देने से इनकार कर दिया गया था, जो जन्म से ईसाई थी और नियमित रूप से चर्च जाती थी, लेकिन केवल सरकारी नौकरी में आरक्षण पाने के लिए खुद को हिंदू और वल्लुवन जाति का बता रही थी। ऐसे ही एक अन्य मामले में कर्नाटक हाई कोर्ट ने भी कहा था कि कहा था कि ईसाइयों को एससी एक्ट के तहत संरक्षण देना गलत है। अदालत का मानना था कि यह कानून विशेष रूप से जाति-आधारित भेदभाव से निपटने के लिए बना है, जबकि ईसाई धर्मशास्त्र में जाति-व्यवस्था जैसी कोई प्रथा ही नहीं है। व्यापक संदर्भ में देखा जाए तो बौद्ध और सिखों को भी अनुसूचित जाति का लाभ देना सही नहीं है। इसका मुख्य कारण यह है कि इन दोनो धर्मों का प्रादुर्भाव भी हिंदू धर्म में जाति व्यवस्था के खिलाफ ही हुआ था।

# अधूरे वादों, बंटे भूगोल और संघर्षरत समाज की कहानी

**कुछ लोग मानते हैं कि बेहतर नीतियों और मजबूत प्रशासनिक इच्छाशक्ति के माध्यम से भी विकास संभव है, भले ही क्षेत्र विभाजित रहे। फिर भी, यह सच है कि बुंदेलखंड का मुद्दा केवल प्रशासनिक पुनर्गठन का नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक वादे का भी है जो आजादी के समय किया गया था। यह उस क्षेत्र की पहचान, सम्मान और अधिकार से जुड़ा हुआ सवाल है, जो वर्षों से उपेक्षा का सामना कर रहा है। आज आवश्यकता इस बात की है कि इस मुद्दे को केवल राजनीतिक दृष्टिकोण से न देखा जाए, बल्कि इसे सामाजिक और मानवीय दृष्टि से भी समझा जाए। चाहे समाधान अलग राज्य के रूप में निकले या विशेष योजनाओं और संसाधनों के माध्यम से, लेकिन बुंदेलखंड को उसके विकास का अधिकार मिलना ही चाहिए। जब तक इस क्षेत्र की समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं होगा, तब तक बुंदेलखंड की यह पीड़ा और अलग राज्य की मांग यूं ही समय-समय पर उठती रहेगी।**

**हेमंत पाल**



भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में क्षेत्रीय अस्मिता और विकास की असमानताओं का प्रश्न हमेशा से राजनीतिक और सामाजिक विमर्श के केंद्र में रहा है। बुंदेलखंड राज्य की मांग भी इसी व्यापक परिप्रेक्ष्य में समझी जानी चाहिए। यह मांग केवल एक नए राज्य के गठन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस लंबे ऐतिहासिक अनुभव, उपेक्षा की भावना और विकासात्मक पिछड़ेपन से जुड़ी हुई है, जिसे इस क्षेत्र ने दशकों से झेला है। स्वतंत्रता के बाद से लेकर आज तक यह मुद्दा समय-समय पर उभरता रहा है, लेकिन इसे कभी भी निर्णायक रूप से हल नहीं किया गया।

देश के हृदय में स्थित बुंदेलखंड केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि इतिहास, परंपरा और सांस्कृतिक एकता का जीवंत उदाहरण है। यह वही भूमि है, जहां वीरता की गाथाएं जन्मीं, जहां लोकजीवन में सादगी और संघर्ष दोनों साथ चलते हैं। इसके बावजूद आज यह क्षेत्र विकास की दौड़ में पीछे छूट गया है। इसका एक बड़ा कारण यह माना जाता है कि बुंदेलखंड दो राज्यों उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में विभाजित है। आज जब अलग बुंदेलखंड राज्य की मांग फिर से तेज हो रही है, तो इसके पीछे केवल वर्तमान की परेशानियां नहीं हैं, बल्कि वह ऐतिहासिक भरोसा भी है जो आजादी के समय इस क्षेत्र को दिया गया था, लेकिन पूरा नहीं हो सका। आजादी से पहले बुंदेलखंड कई देशी रियासतों में विभाजित जरूर था, लेकिन उसकी आत्मा एक थी। ओरछा, दतिया, पन्ना, छतरपुर, और समथर जैसी रियासतों के अपने-अपने शासक थे। लेकिन, यहां की भाषा, संस्कृति और जीवनशैली में गहरा सामंजस्य था। बुंदेली बोली इस पूरे क्षेत्र को जोड़ती थी और लोकगीतों में यहां की एकता साफ झलकती थी। जब देश स्वतंत्र हुआ और देशी रियासतों का भारतीय संघ में विलय शुरू हुआ, तब इस क्षेत्र के लोगों को यह विश्वास दिलाया गया कि उनकी सांस्कृतिक और भौगोलिक पहचान को बनाए रखा जाएगा। इस ऐतिहासिक प्रक्रिया का नेतृत्व सरदार वल्लभभाई पटेल ने किया था। उस समय यह उम्मीद जगाई गई थी, कि बुंदेलखंड को एक इकाई के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि इसकी पहचान और संतुलन बना रहे। लेकिन, स्वतंत्रता के बाद प्रशासनिक निर्णयों और राजनीतिक परिस्थितियों के चलते बुंदेलखंड को दो हिस्सों में बांट दिया गया। इसका एक भाग उत्तर प्रदेश में शामिल हुआ और दूसरा मध्यप्रदेश में। यह विभाजन प्रारंभ में अस्थायी माना गया, लेकिन समय के साथ यह स्थायी रूप ले गया। यही वह बिंदु है, जहां से बुंदेलखंड के विकास की गति धीमी पड़ती चली गई। दो राज्यों में बंटने के कारण बुंदेलखंड की सबसे बड़ी समस्या समन्वय की कमी बन गई। विकास योजनाएं अलग-अलग स्तर पर बनीं, लेकिन उनका प्रभाव पूरे क्षेत्र पर समान रूप से नहीं पड़ा। एक राज्य में बनाई गई योजना दूसरे हिस्से तक नहीं पहुंच पाती, जिससे संसाधनों का पूरा उपयोग नहीं हो सका। इस क्षेत्र की सबसे गंभीर समस्या जल संकट है। बुंदेलखंड लंबे समय से सूखे की मार झेलता रहा है। यहां वर्षा कम होती है और जो होती भी है, वह अनियमित होती है। पारंपरिक जल स्रोत जैसे तालाब और कुएं या तो सूख चुके हैं या उपेक्षा के कारण खराब हो चुके हैं। पानी की कमी का सीधा असर खेती पर पड़ता है, जिससे किसान लगातार संकट में रहते हैं। कृषि यहां की जीवनरेखा है, लेकिन जब फसल बार-बार खराब होती है, तो किसान कर्ज के बोझ तले दब जाते हैं। कई बार यह स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि लोग अपने गांव छोड़कर दूसरे शहरों की ओर पलायन करने को मजबूर हो जाते हैं। यह पलायन केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक ढांचे को भी कमजोर करता है। बुंदेलखंड में रोजगार के अवसरों की कमी एक और बड़ी चुनौती है। उद्योगों का विकास यहां बहुत सीमित है। बुनियादी ढांचे की कमी के कारण बड़े निवेश नहीं हो पाते। सड़कों, बिजली और अन्य सुविधाओं की स्थिति भी कई स्थानों पर संतोषजनक नहीं है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी चिंताजनक है। गांवों में अच्छे विद्यालयों और चिकित्सालयों का अभाव है। लोगों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए दूर-दराज के शहरों में जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों का नुकसान होता है। महिलाओं और बच्चों की स्थिति विशेष रूप से कठिन है, जहां कुपोषण और जागरूकता की कमी जैसी समस्याएं आम हैं। इन सभी समस्याओं के कारण अलग बुंदेलखंड राज्य की मांग बार-बार उठती रही है। इस मांग के समर्थकों का मानना है कि जब तक यह क्षेत्र एक प्रशासनिक इकाई नहीं बनेगा, तब तक इसका समुचित विकास संभव नहीं है। उनका तर्क है कि अलग राज्य बनने से योजनाएं स्थानीय जरूरतों के अनुसार बनाई जाएंगी और उनका क्रियान्वयन भी बेहतर तरीके से हो सकेगा।

इस आंदोलन को लंबे समय से आवाज देने वालों में फिल्म अभिनेता और निर्माता राजा बुंदेला का नाम प्रमुख है। उन्होंने पिछले तीन दशक से ज्यादा समय से इस मुद्दे को उठाया और जन जागरण के माध्यम से इसे जीवित रखा है। उनका कहना है कि बुंदेलखंड की उपेक्षा का मूल कारण इसका विभाजन है और जब तक इसे एक राज्य का दर्जा नहीं मिलेगा, तब तक यहां की समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो पाएगा। हालांकि, अलग राज्य की मांग जितनी मजबूत दिखती है, उतनी ही जटिल भी है। दो राज्यों के बीच बंटे क्षेत्र को अलग कर नया राज्य बनाना आसान नहीं है। इसमें राजनीतिक सहमति, संसाधनों का बंटवारा और प्रशासनिक ढांचे का निर्माण जैसी कई चुनौतियां शामिल हैं। यह भी एक महत्वपूर्ण प्रश्न है कि क्या केवल अलग राज्य बनने से सभी समस्याओं का समाधान हो जाएगा।

कुछ लोग मानते हैं कि बेहतर नीतियों और मजबूत प्रशासनिक इच्छाशक्ति के माध्यम से भी विकास संभव है, भले ही क्षेत्र विभाजित रहे। फिर भी, यह सच है कि बुंदेलखंड का मुद्दा केवल प्रशासनिक पुनर्गठन का नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक वादे का भी है जो आजादी के समय किया गया था। यह उस क्षेत्र की पहचान, सम्मान और अधिकार से जुड़ा हुआ सवाल है, जो वर्षों से उपेक्षा का सामना कर रहा है। आज आवश्यकता इस बात की है कि इस मुद्दे को केवल राजनीतिक दृष्टिकोण से न देखा जाए, बल्कि इसे सामाजिक और मानवीय दृष्टि से भी समझा जाए। चाहे समाधान अलग राज्य के रूप में निकले या विशेष योजनाओं और संसाधनों के माध्यम से, लेकिन बुंदेलखंड को उसके विकास का अधिकार मिलना ही चाहिए। जब तक इस क्षेत्र की समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं होगा, तब तक बुंदेलखंड की यह पीड़ा और अलग राज्य की मांग यूं ही समय-समय पर उठती रहेगी।

अध्यात्म

## अपना दीपक स्वयं बनो



एक गांव मे अंधे पति-पत्नी रहते थे। इनके यहाँ एक सुन्दर बेटा पैदा हुआ। पर वो अंधा नही था। एक बार पत्नी रोटी बना रही थी। उस समय बिल्ली रसोई में घुस कर बनाई रोटियां खा गई। बिल्ली की रसोई मे आने की रोज की आदत बन गई इस कारण दोनों को कई दिनों तक भूखा सोना पड़ा। एक दिन किसी प्रकार से मालूम पड़ा कि रोटियाँ बिल्ली खा जाती है। अब पत्नी जब रोटी बनाती उस समय पति दरवाजे के पास बाँस का फटका लेकर जमीन पर पटकता।

इससे बिल्ली का आना बंद हो गया। जब लड़का बड़ा हुआ और उसकी शादी हुई। बहू जब पहली बार रोटी बना रही थी तो उसका पति बाँस का फटका लेकर बैठ गया और फट फट करने लगा। कई दिन बीत जाने के बाद पत्नी ने उससे पूछा कि तुम रोज रसोई के दरवाजे पर बैठ कर बाँस का फटका क्यों पीटते हो? पति ने जवाब दिया कि ये हमारे घर की परम्परा (रिवाज) है इसलिए मैं ऐसा कर रहा हूँ।

माँ बाप तो अंधे थे, जो बिल्ली को देख नहीं पाते थे, उनकी मजबूरी थी इसलिये फटका लगाते थे। पर बेटा तो आँख का अंधा नही था पर अकल का अंधा था, इसलिये वह भी वैसा करता था जैसा माँ-बाप करते थे। ऐसी ही दशा आज के अपने समाज की है। पहले शिक्षा का अभाव था इसलिए पाखण्डी लोग जिनका स्वयं का भला हो रहा था, पाखण्डवादी मूल्यों को अपनाया और फैलाया। जिनके पीछे किसी प्रकार का लाजिक नहीं है। लेकिन आज पढ़लिख कर, शिक्षित होने के बाद भी अपने समाज के लोग उन्हीं पाखंडपूर्ण परम्पराओं व रूढ़िवादिता के वशीभूत हो कर जीवन जी रहे हैं। ऐसे समाज व व्यक्तियों को आँख का अंधा कहा जाता है।

किसी भी परम्परा को सबसे पहले समझो, जानो और सही प्रतीत हो तब मानो, तभी समाज में परिवर्तन होगा नहीं तो वही......ढाक के तीन पात,,,,, अत्त दीपो भवः' अर्थात् अपना दीपक स्वयम् बनो !

# पाक की हांडी में सुलह की खिचड़ी

**फिलवक्त काठ की हांडी चूल्हे पर है और अमेरिकी तैयारी भी जारी है। अतिरिक्त मरीन भेजे जा रहे हैं। ईरानी विदेश मंत्री अरागाची को दरकिनार करने के अपने निहितार्थ है। ईरान हर्जाने और अनाक्रमण संधि पर मान सकता है। ट्रंप सांसत में हैं। 13 हजार करोड़ रोजाना फूंक रहे ट्रंप ने 20 लाख करोड़ की कांग्रेस से डिमांड की है। यदि सुलह होती है तो भय में गोते खा रहे अमेरिका के पिट्ठू मुल्क चैन की सांस लेंगे। ईरान पाक नगीच आये तो बलूचिस्तान का मसला ठंडा होगा। मिस्र शरणार्थियों से बचेगा और तुर्किये अनेक बवाल से बड़ी बात की पाकिस्तान को अपनी पीठ थपथपाने और शेखी बघरने का मौका मिलेगा। गौरतलब है कि ईरान के सुप्रीम लीडर मोज्तबा खामेनेई का इलाज मसक्का में चल रहा है। दिल्ली में ईरान के राजदूत डॉ. हकीम इलाही भारत की जनता के बेइंतहा समर्थन से भावविगलित हैं।**

**डॉ. सुधीर सक्सेना**

अपनी सामरिक गणित के फेल हो जाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मध्यपूर्व के दिनोंदिन पेचीदा और विकराल होते जाते बखेड़े से पाँव बाहर खींचने के फेर में हैं। दिलचस्प तौर पर इसके लिये उन्होंने अपने पिट्ठू पाकिस्तान के राष्ट्राध्यक्ष असीम मुनीर को चुना है और फिलहाल इस्लामाबाद में दोनों जंगजू पक्षों के दरम्यां सुलह की बातचीत चल रही है। इस्लामाबाद में चूल्हे पर हांडी चढ़ा दी गई है। बिला शक अमेरिका किसी भी विधि इस तरह पाँव पीछे खींचना चाहता है कि उसकी नाक बची रहे और उसके शर्मनाक और अपमानजनक अभियानों की फेहरिस्त में वियतनाम और अफगानिस्तान के बाद ईरान का नाम न जुड़े। ट्रंप के पांच दिनों के इकतरफा युद्धविराम और ईरानी ठिकाने पर ताजा हमले के लिये इस्रायल को डंपटने के पीछे यही भेद छिपा है।

इस बात में शक नहीं है कि ट्रंप अपने ही खब्त की गिरफ्त में हैं। वह कब क्या कर बैठेगें, वह खुद नहीं जानते। उनके मन में वैश्विक मर्यादाओं और राष्ट्रों की संप्रुभता के प्रति कोई सम्मान नहीं है। निस्संदेह, उनकी मुहिम गैरजरूरी थी और नितांत विफल रही है। 28 फरवरी को छेड़ी गई इस मुहिम के पहले ही दौर में धार्मिक नेता अयातुल्लाह खामेनेई को उनकी मांद में मार गिराने तक सब ठीक था, लेकिन उसके बाद ट्रंप के सारे पांसे और अंदाजे गलत निकले। मोज्तबा खामेनेई पर वार और लारीजानी की हत्या व्हाइट हाउस की 'भूल गलती' सिद्ध हुई। विज्ञान में स्नातक और इमैनुएल कांट के दर्शन पर पीएचडी किये लारीजानी सूझबूझ भरे ऐसे परिपक्व और प्रभावशाली नेता थे, जिनसे बातचीत की जा सकती थी, लेकिन उनकी हत्या के बाद नेतृत्व इस्लामी गार्डों की उस छितरी हुई टोली के हाथ में चला गया, जिसमें कोई ऐसा चेहरा नहीं था, जिसका सैन्य बल और अवाम में रसूख हैं। इस बीच ईरान ने अड़ोस-पड़ोस के अमेरिकी पिट्ठुओं बहरीन, सऊदी, अरब, अरब अमीरात, कतर और ओमान तथा सुदूर दियागोगार्सिया में अड्डों पर प्रहार कर अपनी अचूक मारक क्षमता का बखूबी एहसास करा दिया। दूसरे इस्रायल के आयरन-डोम यानि लौह गुंबद या छतरी का बहुप्रचारित और गालबजाऊ मिथ भ्रांति सिद्ध हुआ। मध्यपूर्व के मुल्कों के निर्लवण-संयंत्र ईरान की सीधी जद में थे और होर्मुज जलडमरूमध्य का तुरूप का पत्ता ईरान की जेब में। तीन हफ्ता से ज्यादा की जंग ने तस्दीक कर दी थी कि ईरान घुटने नहीं टेकेगा और उसे तबाही गवारा है, मगर शिकस्त नहीं। यह भी साफ हो गया कि न तो कोई ईरानी 'गुल्ल्' बनने को तैयार है और न ही आर्य मेहर रजाशाह पहलवी के साहेबजादे की तेहरान वापसी में ईरान अवाम की कोई रूचि है। उलटे जियोनवादी आक्रमण ने ईरानी अवाम को मुसीबातें और दमन के बावजूद इस्लामी सत्ता के पक्ष में एकजुट कर दिया। ये ही वे सन्दर्भ हैं, जिनके चलते ट्रंप ने पहले तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगान को टटोला। बात बनी नहीं तो उनकी नज़र पाकिस्तान के सीडीसी मुनीर पर गयी। मुनीर ने एर्देगान से बात की और फिर तार जुड़े काहिरा यानि मिस्र से। सौ करोड़ डॉलर की बोली लगी। हामी के बाद ईरानी मजलिस के स्पीकर गालीबफ पर मध्यस्थों की नजर गयी। इस बीच रूस के राष्ट्रपति पुतिन अपने तईं सक्रिय थे। उन्होंने यूएई, कतर और ईरान से संपर्क साधा। दूरभाष पर मैराथन चर्चा हुई। पुतिन ने स्पष्ट कर दिया कि रूस ईरान को तबाही के रास्ते पर नहीं छोड़ सकता, क्योंकि वह उसका रणनीति साथी और मित्र है। इस बीच रूसी विदेश मंत्री सेर्गेई लावरोव के इस आशय के बयान ने अमेरिका-इस्रायल की पेशानी पर सलें डाल दीं कि वे ईरान की मिसाइल समेत सामरिक क्षमता को कमतर न आंके। इस बात की तस्दीक हो गई है कि लावरोव ने ईरानी विदेश मंत्री अरागाची से फोन पर लंबी बातचीत की। बहरहाल, घड़ी के कांटे ऐसे घूमे कि आईआरजीसी की रजामंदी से गालीबफ को इस्लामाबाद लाया गया। ताबड़तोड़ दो दौर की बातचीत हुई। मेज के दूसरी ओर ट्रंप के दामाद कुश्नर और विटकोफ बैठे तो गालीबफ भड़क गये। उन्होंने दोनों को दफा करने की दो टूक में संकोच नहीं किया। उन्होंने आगे की वार्ता के लिए वांस का नाम सुझाया। वांस यानि ट्रंप के डिप्टी जेडी वांस। जाहिर हे कि तेल अवीव और वाशिंगटन को वांस का नाम रास नहीं आया, क्योंकि वांस अपेक्षतः नरम हैं।





फिलवक्त काठ की हांडी चूल्हे पर है और अमेरिकी तैयारी भी जारी है। अतिरिक्त मरीन भेजे जा रहे हैं। ईरानी विदेश मंत्री अरागाची को दरकिनार करने के अपने निहितार्थ है। ईरान हर्जाने और अनाक्रमण संधि पर मान सकता है। ट्रंप सांसत में हैं। 13 हजार करोड़ रोजाना फूंक रहे ट्रंप ने 20 लाख करोड़ की कांग्रेस से डिमांड की है। यदि सुलह होती है तो भय में गोते खा रहे अमेरिका के पिट्ठू मुल्क चैन की सांस लेंगे। ईरान पाक नगीच आये तो बलूचिस्तान का मसला ठंडा होगा। मिस्र शरणार्थियों से बचेगा और तुर्किये अनेक बवाल से बड़ी बात की पाकिस्तान को अपनी पीठ थपथपाने और शेखी बघरने का मौका मिलेगा। गौरतलब है कि ईरान के सुप्रीम लीडर मोज्तबा खामेनेई का इलाज मसक्का में चल रहा है। दिल्ली में ईरान के राजदूत डॉ. हकीम इलाही भारत की जनता के बेइंतहा समर्थन से भावविगलित हैं। दिल्ली में शोक सहानुभूति और एकजुटता के इजहार के लिए ईरानी दूतावास के सामने जिस तरह लंबी कतारे लगीं, उसने भारत और ईरान के प्राचीन रिश्तों पर मोहर लगा दी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। दाम्पत्य जीवन अत्यन्त सुखद रहेगा। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़ा मंच मिल सकता है।

**वृषभ**
विदेशी स्रोतों से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। समस्याओं को लेकर आप लापरवाह हो सकते हैं। अति उत्साह के कारण आपके काम बिगड़ने की आशंका है।

**मिथुन**
आप अपने घर में किसी उत्सव का आयोजन कर सकते हैं। पैतृक कारोबार में आपको बड़ा लाभ मिल सकता है। आपकी महत्वपूर्ण योजनायें सफल होंगी।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। नये कार्य की योजना बनाने के लिये दिन शुभ है। कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल सकती है।

**सिंह**
आप दूसरों की सहायता करने के कारण लोकप्रिय रहेंगे। विद्वान लोगों के साथ आपका सम्पर्क मजबूत होगा। आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी।

**कन्या**
दस्त और उल्टी जैसी समस्या हो सकती है। आज दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है। इसके कारण आपको अपने खर्चों में कटौती भी करनी पड़ेगी।

**तुला**
परिवार में सभी लोग आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को समय से पूर्व ही निपटा लेंगे। आपको एक बड़ा पद सौंपा जा सकता है।

**वृश्चिक**
नौकरीपेशा लोगों को सहकर्मियों के व्यवहार से समस्या होगी। अपने लक्ष्य के प्रति आप एकाग्र रहेंगे। व्यापार में अचानक धन लाभ हो सकता है।

**धनु**
आज का पूरा दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। विवादित मामलों पर समझौता हो सकता है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिये दिन बहुत अच्छा है। आप लोगों के बीच लोकप्रिय रहेंगे।

**मकर**
आज आपको अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। पुरानी उलझनों को लेकर आप थोड़े परेशान रहेंगे। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। घर के बुजुर्ग आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। दृढ़ निश्चय के दम पर आप कोई बड़ा काम कर सकते हैं। परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।

**मीन**
धन से जुड़े मामलों में देरी हो सकती है। लोन सम्बन्धी मामले उलझने की आशंका है। कब्ज के रोगियों को आज परेशानी होगी। बेवजह के मुद्दों पर आप घिर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### फतुहा के कटैयाघाट में दीपोत्सव 21हजार दीप जले

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फतुहा के सुप्रशिद्ध कटैयाघाट पर युवा सहयोग मंच के सहयोग से श्री राम जन्मोत्सव के अवसर पर 21 हजार दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया गया । मौके पर डीएसपी अवधेश कुमार, प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी, वरिष्ठ पत्रकार अरुण कुमार पांडेय, राजद नगर अध्यक्ष डॉ दयानंद प्रसाद, भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी, सुजीत कुमार, अनामिका अग्रवाल, मुन्ना सिंह, पूर्व जिला पार्षद सुधीर कुमार यादव मौजूद रहे। फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि गंगा के तट पर यह अद्भुत आयोजन में राम भक्तों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। दीप जलाने को लेकर लोगो मे काफी उत्साह दिखा। कार्यक्रम के संयोजक सुजीत कुमार ने बताया कि यह आयोजन में लोगो ने काफी सहयोग किया है। श्री राम हमारे कण कण में है। राम जन्मोत्सव का यह भव्य आयोजन में युवाओ और महिलाओं की भूमिका सराहनीय रहा।



### रामनवमी को लेकर निकाली गई शोभायात्रा, पूरा क्षेत्र जय श्री राम के नारों से गूंजने लगा।

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार को मनेर नगर में श्रीराम नवमी को लेकर भगवान श्रीराम की शोभायात्रा मनेर बालुपर ठाकुरबाड़ी सीता राम दल, सराय मोहल्ला नव किरण परिषद ठाकुरबाड़ी व तिवारी टोला सीता राम संस्कृति रक्षक मंच से निकाली गई। इस शोभायात्रा में नगर के सैकड़ों राम भक्त शामिल थे। जिससे पूरा नगर परिषद क्षेत्र राममय हो गया। ग्रामीणों ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, एव शंकर के प्रतिरुप का स्वागत किया। इस दौरान पूरा शहर जय श्री राम के नारों से गूंजमय रहा। इस शोभायात्रा मनेर बालूपर, तिवारी टोला व सराय मुहल्ला ठाकुरबाड़ी से निकलकर महिनावा, मनेर चर्च, मनेर पड़ाव, मनेर बस्ती रोड, महादेव स्थान, चार हजार मोहल्ला, बस्ती रोड होते हुए पुनः ठाकुरबाड़ी के पास पहुंच कर संपन्न हो गई। शोभायात्रा में प्रशासन भी सक्रिय दिखे। शोभायात्रा में लोजपा नेता कामेश्वर यादव, पार्षद विकास कुमार, भाजपा नेता उदय शंकर गुप्ता, शंशाकधर शर्मा, त्रिविक्रम पाठक, रवि रोशन पाठक, धीरज ब्रांडेड, प्रदीप गुप्ता, नवनीत कुमार गोपाल, बाला शर्मा, शशि भूषण पांडेय, भरत पांडेय, हरि नारायण विश्वकर्मा सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहें।



### मसौढी के हसनपुरा श्री विष्णु मंदिर कमेटी के सचिव की गोलीकांड मे हूई मौत

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना के हसनपुरा श्रीविष्णु मंदिर कमेटी के सचिव आजाद कुमार उर्फ चंदन उर्फ चंद्रमा की इलाज के दौरान शुक्रवार की शाम तकरीबन 4:00 बजे इलाज के दौरान पटना इशवर दयाल अस्पताल में मौत हो गई है। दरअसल चैती छठ महापर्व के अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध संपन्न होने के बाद बाईक सवार अज्ञात अपराधियों ने गोली मार कर भाग निकला था,गोली कमर की निचले हिस्से में लगी थी, जिसे आनन फानन में पटना निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, हालांकि अस्पताल में समय रहते गोली निकाल दी गई थी और उसे वक्त होश भी आने की उम्मीद थी लेकिन शुक्रवार की शाम को आईसीयू में भर्ती आजाद उर्फ चंदन की मौत हो गई है। पूरे मामले में थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी तक पिडित परिजनों की ओर से आवेदन नहीं दिया गया है, पुलिस पूरे मामले में बिंदुवार जांच पड़ताल में जुटी हैं।बहरहाल इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। वहीं इस घटना से कई मंदिर कमेटी के लोगों ने इस घटना को कड़ी निंदा करते हुए जल्द से जल्द अपराधियों के गिरफ्तार करने की मांग की है। गरगौरतलब है की मृतक लोदीपुर पटना डाकघर में डाकपाल का काम करता है। इसके पिता रामप्रवेश पासवान रिटायर्ड दरोगा है। आजाद फिलहाल मसौढी में किराए के मकान में रहते हैं। इसके अलावा हसनपुरा सूर्य मंदिर कमेटी में सचिव के पद पर था,जो छठ पूजा के अवसर पर आया हुआ था।

### अथमलगोला के सूर्यपुरा में सड़क पर फैला नाली का कीचड़ पानी, ग्रामीण परेशान

सुधि लेने वाला कोई नहीं,मुखिया पर विकास से मरहूम रखने का लगाया आरोप

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अधीन करजान पंचायत के सूर्यपुरा में वार्ड संख्या 10 में कौशलेंद्र कुमार सिंह के घर से देवी स्थान तक के नाली योजना का बुरा हाल है। कई जगह नाली और उसपर लगाया जाने वाला ढक्कन क्षतिग्रस्त अवस्था में नजर आ रहा है। जिसके कारण नाली का कीचड़ और गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है। सबसे दुखद पहलू यह है कि पूरे गांव के लिए पूजा अर्चना हेतु मंदिर जाने का यही एक मात्र रास्ता है। जिससे होकर किसी तरह गिरते पड़ते ग्रामीण मंदिर और बच्चे मध्य विद्यालय सूर्यपुरा तक पहुंच पाते हैं।ग्रामीणों ने बताया कि सूर्यपुरा के सभी वार्ड पंचायत सरकार की उदासीनता के शिकार हैं। नाली की बदतर स्थिति कमोबेश सभी वार्ड में है। विकास का कोई कार्य ही नहीं धरातल पर नजर आ रहा है।वार्ड सदस्य अशोक कुमार ने बताया कि स्थानीय मुखिया को इस मामले से सैकड़ों बार अवगत कराया गया है। लेकिन फंड नहीं होने का हवाला देकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल देते हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत सरकार की तरफ से विकास का कोई कार्य इस गांव में करने से आनाकानी करने उनके सौतेले व्यवहार को दर्शार्ता है। वहीं मुखिया प्रतिनिधि अनंत कुमार सिंह ने बताया कि पंचायत विकास की ओर अग्रसर है। पंचायत के सभी वार्डों में समान रूप से विकास की बयार चल रही है।फंड नहीं रहने के कारण कुछ विकास कार्य को धरातल पर लाने में गतिरोध आया है। जिसमें अप्रैल से गति आ जाएगी। नाली मामले पर उन्होंने कहा कि तत्काल इस पर संज्ञान लेकर ग्रामीणों को हो रही असुविधा को दूर करने का प्रयास करूंगा।

### मसौढ़ी में राम जानकी शोभा यात्रा में दिखा महिला सशक्तिकरण का भव्य प्रदर्शन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामनवमी के मौके पर मसौढी स्थित श्री राम जानकी ठाकुरवाडी मंदिर से भव्य राम जानकी शोभायात्रा का आयोजन किया गया, इस अवसर पर जुलूस में महिला सशक्तिकरण का भव्य प्रदर्शन देखने को मिला, जहाँ युवतियों ने घुड़सवारी करते हुए तलवार लिये प्रदर्शन किया। महिलाओं ने भगवा पगड़ी पहने, हाथ में तलवार लिए महिलाओं की शोभायात्रा आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। यह प्रदर्शन नारी शक्ति, आत्मरक्षा और सांस्कृतिक साहस का अनूठा संगम बना। दरअसल मसौढी के रामनवमी जुलूस में पारंपरिक वेशभूषा (रानी लक्ष्मीबाई गेटअप) में घोड़ों पर सवार होकर तलवारबाजी करती नजर आई।महिलाओं ने रामनवमी शोभायात्रा में अस्त्र-शस्त्रों के साथ युद्ध कौशल का प्रदर्शन किया।हलाकि कई वर्षों में पहली बार रामनवम में महिलाओं की इतनी बड़ी भागीदारी देखी गई।बहरहाल भगवामय माहौल में, महिलाओं की तलवार के साथ घुडसवारी ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस वर्ष के जुलूसों में पारंपरिक आस्था के साथ-साथ महिलाओं का निडर रूप समाज के लिए एक मजबूत संदेश देते नजर आई।



### मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के अंतर्गत मसौढ़ी नप में विधायक ने कई वार्डों में किया शिलान्यास

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के अंतर्गत नगर परिषद मसौढ़ी में कई योजनाओं से बनने वाले नाली, पीसीसी ढलाई को लेकर शुक्रवार को विधायक अरुण मांझी ने विभिन्न वार्ड में जाकर शिलान्यास किया है, जिसमें मसौढी के कपूर्री गोलंबर से पश्चिम सोनकुकरा पाइन तक नाला निर्माण,एवं वार्ड नंबर 5 में मसौढी उलार आरसीडी पथ पुरानी गैस गोदाम से दोनों साइड तक नाला एवं पीसीसी पथ वहीं वार्ड नंबर 11 कृष्णापुरी में नाली पीसीसी की ढलाई समेत अन्य कई योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। मौके पर विधायक अरुण मांझी के अलावा मुख्य पार्षद पिंकी देवी, उपमुख पार्षद चंद्रकांत कुमार,स्थाई सशक्त कमेटी के सदस्य शंभू सिंह, वार्ड पार्षद उर्वशी कुमारी ,पूर्व मुख्य पार्षद पंकज कुमार सिंह समेत अन्य कई लोग शामिल रहे। इस मौके पर विधायक अरुण मांझी ने बताया के मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के तहत शहर के हर मुहल्लों मे नाली गली और सड़क बनेगी और मुख्य सड़कों के साथ इन्हें जोड़ा जाएगा।शहरी क्षेत्रों में सड़कों, गलियों और नालियों को पक्का करना, जलजमाव दूर करना, और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करना।

# राममय हुआ मसौढ़ी, राम जानकी की शोभायात्रा में उमड़े हजारों रामभक्त, जय श्रीराम का गुंजा जयकारा..







**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामनवमी पर्व को लेकर राम भक्तों का जोश और जुनून देखते बना जहां मसौढी में निकले राम जानकी शोभायात्रा में काफी उत्साहित दिखे। राम नवमी के मौके पर पूरा मसौढ़ी राममय हो गया। जय श्रीराम के जयकारे के साथ रामभक्त सड़को पर निकले और पूरा मसौढी जय श्री राम के नारों से गूंजता रहा। मसौढ़ी के श्रीराम जानकी ठाकुरवाडी मंदिर से माता जानकी, भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान जी की झांकी निकाली गई। इसके अलावा शनि देव शिव मंदिर से भी राम जानकी की शोभायात्रा निकाली गई। इस बार विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के द्वारा संयुक्त रूप से भव्य रूप से शोभा यात्रा निकाली गई, जहां हाथी ऊंट घोड़े के साथ या झांकी देखते बन रही थी, इसके अलावा इस झांकी में रानी लक्ष्मीबाई की तरह कई महिलाएं हाथों में तलवार लिए और काला चश्मा पहने हुए झांकी में आकर्षण का केंद्र बिंदु रहे।बहरहाल शुक्रवार को पूरा मसौढ़ी राममय हो गया। हजारों की संख्या में राम भक्तों का जनसैलाब सड़कों पर दिखा।मसौढ़ी में एक शोभायात्रा श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी से निकाली गयी.। दूसरी शोभा यात्रा शनिदेव मंदिर से निकाली गई. ठाकुरवाडी और शनिदेव मंदिर दोनो जगहों पर विधायक अरूण मांझी ने विधि विधान से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद रामनवमी जुलूस का शुभारंभ हुआ,जुलूस पूरे शहर में देर शाम तक घूमता रहा। वहीं श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर से जो जुलूस निकाला गया था उसका नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कर रहे थे। हजारों की संख्या में राम भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। हर किसी के हाथ में श्री राम का पताका था। जय श्रीराम के नारों से पूरा मसौढ़ी गुंजायमान रहा, सीता, राम और लक्ष्मण इस शोभायात्रा के आकर्षण का केंद्र बिंदु बना रहा। रथ में सवार श्री राम लक्ष्मण और सीता के साथ रामनवमी का जुलूस हर किसी के दिलों में जोश भर रहा था।शोभायात्रा मेन रोड, थाना रोड, कपूर्री चौक होते हुए स्टेशन रोड की ओर निकाली गई. इस दौरान शनि देव मंदिर कमेटी की ओर से भी शोभायात्रा निकाली गयी.। इसके अलावा पुनपुन में भी बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद की ओर से दो शोभायात्रा और जुलूस निकाला गया। सैकड़ों की संख्या में रामभक्त जन्मोत्सव के मौके पर नाचते गाते नजर आए। झांकी में हाथी-घोड़ा को भी शामिल किया गया.रामनवमी के मौके पर निकले राम भक्तों के जुलूस में विधायक अरुण मांझी मुख्य पार्षद पिंकी देवी, बीडीओ प्रभाकर कुमार, थानाध्यक्ष विवेक भारती, अभिमन्यु पटेल, विजय यादव,खुशबुरानी,पंकज प्रभु समेत सभी सदस्य गण भी शामिल हुए। लोगों से शांतिपूर्वक आपसी सौहार्द के साथ रामनवमी पर्व मनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमलोगों को भगवान राम के आदर्शों पर चलना चाहिए।

## जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा पालीगंज, भव्य शोभायात्राओं में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु

शांतिपूर्ण माहौल में रामनवमी पर्व हुआ संपन्न

**पालीगंज (पटना) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी का पर्व पालीगंज प्रखंड क्षेत्र में श्रद्धा, आस्था और उल्लास के बीच शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। नगर बाजार से लेकर गांव-कस्बों तक मठ-मंदिरों और घरों में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर महावीरी झंडा का ध्वजारोहण किया। सुबह से ही पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। इमामगंज, मसौढा तथा पालीगंज नगर बाजार में भव्य शोभायात्राएं निकाली गईं, जिनमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पालीगंज नगर बाजार में शोभायात्रा शिवमंदिर परिसर से निकाली गई, जिसका शुभारंभ समिति के सदस्यों ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। पूरे नगर बाजार को भगवा ध्वजों से सजा दिया गया था,जो देखते ही बन रही थी। जुलूस के दौरान श्रद्धालु हाथों में भगवा ध्वज लहराते नजर आए और जय श्रीराम व जय बजरंगबली के गगनभेदी नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। जुलूस में रथों पर सजी राम-जानकी, राधा-कृष्ण, शंकर-पार्वती और बजरंगबली की आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। शोभायात्रा चंढोस स्थित शिवमंदिर परिसर से प्रारंभ होकर दुर्गा स्थान, बिहटा मोड़, रानीतालाब मोड़, देवी स्थान, डीहपाली, पुरानी मस्जिद, पुरानी बाजार, मदरसा, पुरानी सराय और निरखपुर सहित प्रमुख मार्गों व चौक-चौराहों से गुजरते हुए पुनः शिवमंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई।



## महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा महिला मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर आयोजित एस.यू. कॉलेज, हिलसा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा गोद लिए गए गांव अर्जुन टोला, मई, हिलसा में संचालित साप्ताहिक सामुदायिक आउटरीच अभियान के पांचवें दिन 'महिला मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम' का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं एवं किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता( मेंसुरल हाइजीन), महिला स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक संदेशों के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने आकर्षक एवं संदेशपूर्ण पोस्टरों के माध्यम से इन विषयों को अत्यंत प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. पिंकी कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि महिला सशक्तिकरण का आधार उनका स्वास्थ्य है। मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, इसे लेकर किसी भी प्रकार की झिझक या भ्रांति नहीं होनी चाहिए। स्वच्छता, सही जानकारी और संतुलित पोषण अपनाकर महिलाएं स्वस्थ एवं सशक्त बन सकती हैं। उन्होंने किशोरियों को विशेष रूप से जागरूक करते हुए आयरन युक्त आहार, स्वच्छ साधनों के उपयोग एवं नियमित स्वास्थ्य जांच पर बल दिया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार सिंह ने अपने संदेश में कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और सशक्त समाज की नींव है। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम 'बेटी बचाओ' जैसे सामाजिक अभियानों को भी मजबूती प्रदान करते हैं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं। उन्होंने एनएसएस इकाई के इस प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेविकाएं खुशी पटेल, पल्लवी राज, श्वेता, अनुराधा, मानसी आदि ने आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से यह संदेश दिया कि मासिक धर्म से डरें नहीं, बल्कि इस दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और पौष्टिक आहार लें, जिससे किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या से बचा जा सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं एवं किशोरियां उपस्थित रहीं और उन्होंने इस जागरूकता अभियान की सराहना की। अंत में सभी प्रतिभागियों को महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। मौके पर एनएसएस स्वयंसेवक आयुष राज, अभिराज, प्रिंस, आशुतोष, शिवरंजन, अमन, नीतीश, सौशल, सौरव समेत बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



## अथमलगोला में आंधी-तूफान का कहर,घर पर दीवार गिरने से दो मासूम सहित तीन घायल

बेहतर इलाज के लिए बाढ़ ले जाया गया



**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड अंतर्गत बहादुरपुर गांव में शुक्रवार को आई तेज आंधी बारिश एक परिवार के लिए कहर बनकर टूटी मिली जानकारी के अनुसार अथवा प्रखण्ड अंतर्गत बहादुरपुर गांव में तेज आंधी तूफान एवं बारिश में जीतेन्द्र यादव उर्फ भालो यादव के मकान के दिवाल का एक हिस्सा गिर गया जिससे भालो राय की सात वर्षीय पोती चांदनी कुमारी, 08 वर्षीय पोता प्रशांत कुमार व 60 वर्षीय उनकी पत्नी रेणु कुमारी बुरी तरह घायल हो गई बच्चों का प्राथमिक उपचार अथमलगोला स्टेशन बाजार के एक निजी क्लीनिक में किया जबकी रेणु देवी को बेहतर उपचार के लिए परिजनों ने बाढ़ (पटना) किसी डाक्टर के यहाँ ले गए हैं। पीड़ित परिवार की बहु अनुष्का देवी के अनुसार घायल उनकी सास रेणु देवी (60) की स्थिति बहुत चिंताजनक है और उनके पैर हड्डियां तक बाहर आ गई है। पीड़ित परिवार अनुष्का देवी स्थानीय सिविल प्रशासन से भी मदद की गुहार लगाई है,उन्होंने कहा परिवार पर टूटी इस प्रकृति के कहर में अगर प्रशासनिक महकमों के माध्यम से कुछ मरहम लग जाता तो बहुत कृपा होती। बहरहाल प्रकृति की आई इस अकास्मिक विपदा ने दो बच्चों समेत एक महिला को बुरी तरह से घायल कर दिया है,पीड़ित परिवार के अनुसार घायल महिला की हालत नाजुक है। इस संबंध में जानकारी देने पर राजस्व अधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी भावेश कुमार ने बताया कि पंचायत सचिव को स्थिति और क्षति का आकलन करने के लिए घटना स्थल पर भेजा जा रहा है। प्रशासन की तरफ से जो संभव होगा मदद पहुंचाई जाएगी। यह घटना न सिर्फ एक परिवार की त्रासदी है, बल्कि यह उन कई गरीब और वंचित परिवारों की सच्चाई भी उजागर करती है, जो आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि क्या समय रहते इस परिवार को मदद मिल पाएगी, या फिर ये लोग यूं ही हालात से जूझते रहेंगे.?

## रामनवमी में गंगा जमुनी की मिसाल, मसौढ़ी में मुसलमान भाइयों ने राम भक्तों को पिलायी मोहब्बत की शरबत

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामनवमी को लेकर पूरे बिहार में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौके पर जगह-जगह शोभायात्रा निकाली गयी।मसौढ़ी में भी लोगों ने रामनवमी का जुलूस निकाला गया, इस दौरान गंगा जमुनी तहजीब की झलक भी देखने को मिली,जहाँ रामनवमी के मौके पर मसौढ़ी में निकाली गयी जुलूस के लिए मुस्लिम भाइयों ने मोहब्बत का शरबत शिविर का आयोजन किया गया, शिविर का उद्घाटन मसौढी विधायक अरुण मांझी, मुख्य पार्षद पिंकी देवी, बीडीओ प्रभाकर कुमार कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। शिविर में जुलूस और शोभायात्रा में शामिल राम भक्तों को मुसलमान भाइयों ने नींबू, पानी और शरबत पिलाकर शांति सद्भावना भाईचारा एकता प्रेम का संदेश देने की कोशिश की, इस मौके पर मो. मकसूद रजा ने कहा कि प्रत्येक साल रामनवमी के मौके पर हम सभी मुसलमान भाई, हिंदू भाइयों को शरबत पिलाते हैं।झांकी और जुलूस निकालने वाले सभी राम भक्तों को हम सभी लोग गले से लगाते हैं और उन्हें नींबू पानी पिलाते हैं। विधायक अरूण मांझी ने कहा कि यहां गंगा जमुना तहजीब की एक इबारत लिख रहे हैंः उन्होंने कहा कि कई जगहों पर हिंदू मुस्लिम के नाम पर लोग एक दूसरे को लड़ते हैं लेकिन मसौढ़ी में ऐसा कुछ नहीं है. हर पर्व त्योहार हम सभी मिलजुल कर मनाते हैं. मुस्लिम पर्वो में हिंदू भाई आते हैं और हिंदू के पर्वों में हम सभी मुस्लिम भाई मिलकर एक दूसरे को पर्व का त्योहार मनाते हैं। मौके पर थाना अध्यक्ष विजय यादव बिंदु भी मौजूद थे. उन्होंने भी जुलूस में शामिल लोगों को शरबत पिलायी कार्यक्रम से आयोजित मो. मसूद रजा, मो. अरशद हुसैन, मो. निसार, मो. केहसन, के अलावा डॉ सुधीर कुमार ,ई.शंभू सिंह, थानाध्यक्ष विवेक भारती, राहुल चंद्रा, संजय केसरी डॉ सुनील गावस्कर, मो. मेराज अहमद,डॉ मंगल आदि शामिल रहे।



## महाचक (गया) से भावनाओं से सराबोर भव्य रामनवमी शोभा यात्रा - आस्था, एकता और सेवा का अद्भुत संगम

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गया जिले के महाचक गांव में इस वर्ष का नवरात्र एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक उत्सव के रूप में याद किया जाएगा। गोल इस्टियूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक श्री बिपिन सिंह के नेतृत्व में आयोजित श्री शतचंडी महायज्ञ ने पूरे क्षेत्र को भक्ति, श्रद्धा और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। नौ दिनों तक चले इस महायज्ञ में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आस्था की अलौकिक मिसाल प्रस्तुत की। यज्ञ के दौरान महाचक ही नहीं, बल्कि आसपास के गांवों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। मंत्रोच्चारण, हवन की दिव्य सुगंध और वातावरण में गूंजती श्रद्धा ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक चेतना से सराबोर कर दिया। यह महायज्ञ केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का एक सशक्त माध्यम बन गया। इस भव्य महायज्ञ के सफल समापन के बाद रामनवमी के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को अत्यंत भव्य और भावनात्मक तरीके से मनाया गया। महाचक से एक विशाल और दिव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसने पूरे क्षेत्र को उत्सवमय बना दिया। इस शोभा यात्रा की भव्यता देखते ही बनती थी—हाथी, घोड़े, सुसज्जित झांकियां, और ह्लजय श्रीरामह्व के गगनभेदी नारों के बीच हजारों श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल हुए। महाचक गांव के साथ-साथ आसपास के सभी वर्गों और समुदायों के लोग इस यात्रा में उमड़े, जिससे यह आयोजन एक जन-आंदोलन जैसा प्रतीत हुआ। यह शोभा यात्रा महाचक से प्रारंभ होकर उपथू होते हुए सिद्ध शिवाला तक पहुंची, जहां इसका भव्य समापन हुआ। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का उत्साह, भक्ति और अनुशासन देखने लायक था। हर ओर भक्ति का सागर उमड़ पड़ा था और वातावरण राममय हो गया था। इस आयोजन की सबसे विशेष और भावनात्मक बात यह रही कि इसमें हिंदू समुदाय के साथ-साथ मुस्लिम समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे सर्वधर्म समभाव की एक अद्भुत और प्रेरणादायक मिसाल प्रस्तुत हुई। इस अवसर पर संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक श्री बिपिन सिंह ने अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा- यह महायज्ञ और शोभा यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि समाज में प्रेम, एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का माध्यम है। भगवान श्रीराम हमें मयार्दा, कर्तव्य और आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। यदि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतार लें, तो न केवल हमारा जीवन सफल होगा, बल्कि समाज भी सशक्त और संगठित बनेगा।" उन्होंने आगे कहा- मुझे अत्यंत गर्व और संतोष है कि इस आयोजन में सभी धर्मों और वर्गों के लोगों ने मिलकर भाग लिया। यही हमारे भारत की असली पहचान है—एकता में अनेकता। गोल परिवार हमेशा समाज के उत्थान, शिक्षा और मानवता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। महाचक में आयोजित यह महायज्ञ और भव्य शोभा यात्रा न केवल एक धार्मिक उत्सव था, बल्कि यह आस्था, एकता, सेवा और संस्कारों का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा, जिसने हर किसी के दिल को छू लिया और एक अमिट छाप छोड़ गया।





CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### विभिन्न मामलों के 10 अभियुक्त गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विभिन्न थाने की पुलिस गुरुवार को छापेमारी कर अलग-अलग मामले के 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार की है। पुलिस इंस्पेक्टर विश्व मोहन चौधरी ने बताया कि विभिन्न थाने की पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में 10 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें से छह की गिरफ्तारी उत्पाद अधिनियम के तहत की गई है। अजमानतीय आठ वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस इन सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दी है। विगत 24 घंटा में पुलिस की कार्रवाई में 74 लीटर 640 मिलीलीटर शराब, टेंपो के दो बैट्री व दो बाइक जब्त किया गया है। अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से चलाए गए वाहन जांच के दौरान पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने और आधे अधूरे कागजात वाले वाहन चालकों को एक लाख 86 हजार रुपये जुमार्ना लगाया गया है।

### चार किलो चरस बरामद, एक गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत नेपाल सीमा के गौनाहा थाना क्षेत्र में तैनात सशस्त्र सीमा बल की 44वीं बटालियन के जवानों ने चार किलो चरस बरामद करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। साथ हीं उसके द्वारा प्रयुक्त बाइक को भी जब्त कर लिया गया है। यह बरामदगी शुक्रवार को समय लगभग 11.35 बजे अंतर्राष्ट्रीय सीमा स्तंभ संख्या 440 से के पास से भारतीय क्षेत्र में हुयी है। एसएसबी सूत्रों ने बताया कि निरीक्षक प्रवीण कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। तभी एक संदिग्ध बाइक जंगल के रास्ते नेपाल से भारत की ओर आती हुई दिखाई दी। जवानों ने तत्परता दिखाते हुए बाइक को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान बाइक की डिक्की में रखे सफेद बोरे से 8 पैकेट बरामद हुए, जिनमें कुल लगभग 4.060 किलोग्राम चरस जैसा मादक पदार्थ पाया गया। पकड़े गए तस्कर की पहचान गौनाहा थाना के मंगुराहा वार्ड नंबर 1 निवासी आजाद आलम (उम्र 26 वर्ष), के रूप में हुई है। एसएसबी के अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए तस्कर, बरामद चरस तथा बाइक को आवश्यक कार्रवाई हेतु गौनाहा पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है।

### एलपीजी की कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने कहा है कि जिले में एलपीजी सिलेंडर की कालाबाजारी, अवैध भंडारण और आपूर्ति में किसी भी प्रकार की अनियमितता को लेकर प्रशासन पूरी तरह सख्त है। तीनों अनुमंडलों में लगातार निगरानी की जा रही है और कहीं भी गड़बड़ी पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई के साथ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में एलपीजी गैस की कोई किल्लत नहीं है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है। प्रशासन के सतत प्रयासों के कारण बैकलॉग में लगातार कमी आ रही है तथा उपभोक्ताओं तक गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुचारु रूप से सुनिश्चित की जा रही है।वर्तमान स्थिति की जानकारी देते हुए श्री सिन्हा ने बताया कि जिले में फिलहाल 23,393 एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। वहीं, बीते दिन 10,916 सिलेंडरों की सफलतापूर्वक डिलीवरी की गई, जो बेहतर आपूर्ति प्रबंधन को दशार्ता है।शिकायतों के त्वरित निपटारे को लेकर भी प्रशासन गंभीर है। प्राप्त सभी शिकायतों को संबंधित एसडीएम को अग्रसारित कर शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए गए हैं, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आज कुल 62 शिकायतें दर्ज की गईं, जिन पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह या पैनिक की स्थिति से बचें। प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### नीतीश कुमार के पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर जदयू कार्यकर्ताओं में हर्ष

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जदयू के वरिष्ठ नेता एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक बार फिर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस अवसर पर जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न कुशवाहा, सुमीत कुमार बबलू, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के विजय कुमार गुप्ता सहित कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।नेताओं ने कहा कि नीतीश कुमार एक कुशल, दूरदर्शी और विकासोन्मुखी नेता हैं, जिनके नेतृत्व में पार्टी ने हमेशा नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में जदयू संगठन और मजबूत होगा तथा जनहित के कार्यों को और गति मिलेगी।कार्यकर्ताओं ने इसे पार्टी के लिए गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रदेश और देश में विकास की नई दिशा तय होगी।

### साठी रेलवे स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव

**साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस संबंध में क्षेत्र के नागरिकों ने स्टेशन अधीक्षक को एक लिखित आवेदन देकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है।आवेदन में बताया गया है कि स्टेशन परिसर में यात्रियों के बैठने के लिए बनाए गए शेड में पर्याप्त प्रकाश (लाइट) की व्यवस्था नहीं है, जिससे खासकर रात के समय यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, स्टेशन पर पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होने और शौचालय की खराब स्थिति (बंद पड़े होने) के कारण यात्रियों को काफी असुविधा हो रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इन समस्याओं का सीधा असर स्वच्छता और यात्रियों की सुविधा पर पड़ रहा है। उन्होंने रेल प्रशासन से अनुरोध किया है कि जल्द से जल्द लाइट, पानी और शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।इस आवेदन पर क्षेत्र के कई लोगों जैसे समाजसेवी मैनुद्दीन आलम,दीपक कुमार,सुरन कुमार,केदार राम,अजय कुमार,सुरन सहनी, लड्डू साह, प्रमोद सोनी,अनिल कुमार, गोविंद राउत,चंदन वर्मा ,रमेश कुमार, इत्यादि ने हस्ताक्षर कर अपनी सहमति जताई है और उम्मीद जताई है कि रेलवे प्रशासन इस दिशा में जल्द कार्रवाई करेगा।

### दो दिनों में लगातार कोटवा के दो विद्यालयों में चोरी

**रात्रि प्रहरी को बंधक बनाकर 20 क्विंटल चावल समेत सामान ले उड़े चोर**

**कोटवा ( पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थानाक्षेत्र क्षेत्र में विद्यालयों की एक बार फिर चोरी की घटनाओं में अचानक तेजी आ गई है। जिससे क्षेत्र में विद्यालयों की सुरक्षा को लेकर गंभीर संकट खड़ा हो गया है।एक ही क्षेत्र के दो अलग-अलग विद्यालयों में चोरी की घटनाओं ने प्रशासन की भी चिंता बढ़ा दी है। पहली घटना जैसाली पट्टी वार्ड नंबर 9 स्थित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय अन्हरा टोला की है। गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे जब प्रधान शिक्षिका विद्यालय पहुंचीं तो स्टोर रूम का ताला टूटा मिला।जांच में पता चला कि लगभग 1090 किलो चावल, दो गैस सिलेंडर और रसोई में उपयोग होने वाले कई बर्तन व अन्य सामग्री चोरी हो गई है। चोरी गए सामान में कड़ाही, प्रेशर कुकर, प्लेट, गिलास सहित मध्याह्न भोजन से जुड़े आवश्यक सामान शामिल हैं। इस घटना के कारण विद्यालय की मध्याह्न भोजन व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है, जिससे बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रधान शिक्षिका ने बताया कि इससे पहले भी विद्यालय में दो बार चोरी हो चुकी है और संबंधित मामलों में केस दर्ज हैं। दूसरी बड़ी घटना कदम चौक के समीप स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोटवा में बीती रात हुई, जहां अपराधियों ने दुस्साहसिक तरीके से चोरी की घटना को अंजाम दिया। देर रात पहुंचे 5- 6 अपराधियों ने गोदाम का तालातोड़ समान पिकअप पर लोड करने लगे।आवाज सुन रात्रि प्रहरी सुदामा कुमार सिंह बाहर निकले और आवाज लगाया तो चोरों ने उसे पकड़ कर एक कमरे में बंद कर दिया और उसका मोबाइल भी छिन लिया।इसके बाद उन्होंने करीब 20 क्विंटल चावल, दो गैस सिलेंडर और रसोई के अन्य बर्तन को पिकअप वाहन पर लादकर फरार हो गए। गार्ड को एक कमरे में बंद कर दिया गया था, जिससे वह असहाय हो गया। सुबह घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया।सूचना पर कोटवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस रात्रि प्रहरी से पूछताछ कर रही है तथा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चला रही है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन से विद्यालयों की सुरक्षा बढ़ाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष कारण सिंह ने बताया की दोनों चोरी एक ही गैंग की हो सकती है। आस- पास के सीसीटीवी खांगला जा राहा है, जल्द ही पहचान कर चोर को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।



# विहिप व बजरंग दल ने रामनवमी के अवसर पर निकाली शोभा यात्रा

**शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण केंद्र अश्वमेध यज्ञ का गोल्ड प्लेटेड अश्व एवं जगतगुरु शंकराचार्य जी थे**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राम नवमी के अवसर पर हनुमान गढी हनुमान मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। इस शोभा यात्रा मे जगत गुरू शंकराचार्य सुमेरू पीठाधीशवर नरेन्द्रानंद सरस्वती यात्रा मे शामिल होकर यात्रा को और भव्य बना दिए। इन्होने अपने संदेश मे कहा कि आज हिन्दू समाज को इकठ्ठा होने की जरूरत है और भगवान राम के बताये गए मार्ग पर ही विश्व का कल्याण और सामाजिक सद्भाव बन सकता है। इन्होने कहा धर्मान्तरण विरोधी कानून बनना चाहिए और धर्मान्तरण गौ हत्या बन्द होना चाहिए। उपरोक्त बातें जगतगुरु शंकराचार्य ने सीकरीया कैंपस में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान प्रश्नोत्तरी में कही। जगतगुरु शंकराचार्य सीकरीया जी के यहां आए थे और उन्हीं की आवास में ठहरे हुए थे और वहां से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अश्वमेध यज्ञ के गोल्ड प्लेटेड अश्व तथा भाजपा युवा नेता यमुना सीकरीया के साथ सैकड़ो श्रद्धालुओं के साथ शोभा यात्रा में शामिल हुए। शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण केंद्र अश्वमेध यज्ञ का गोल्ड प्लेटेड अश्व एवं जगतगुरु शंकराचार्य जी थे। शोभा यात्रा में उन्होंने जगह - जगह फूल बरसाए और जगतगुरु शंकराचार्य को सभी धर्म के लोगों ने सम्मानित किया।शोभा यात्रा के पहले मंदिर पर रामोत्सव कार्यक्रम मे विहिप के बिहार झारखंड के विधि प्रकोष्ठ प्रमुख अशोक श्रीवास्तव अधिवक्ता ने बताया कि राम हमारे आदर्श है हमे राम के आदर्शो पर चलना चाहिए। शोभा यात्रा का नेतृत्व बजरंगदल के जिला - सह संयोजक उद्धेश्य गुप्ता, जितेन्द्र कुशवाह, देवेन्द्र कुमार सिंह, डॉ. संतोष श्रीवास्तव, मनीष कुमार, अंकित कुमार, अवनीश सिंह, अर्जुन मिश्रा, आदर्श गुप्ता, जीशु श्रीवास्तव, रतनेश सिंह, जीशु श्रीवास्तव, आशुतोष कुमार, धर्मेन्द्र ठाकूर, हेमन्त कुमार कर रहे थे। भाजपा से प्रियंका नागवंशी, मीना मिश्रा, डॉ. हेना चन्द्रा के साथ - साथ नगर विधायक प्रमोद प्रसिद्ध समाज सेवी - सह भाजपा नेता यमुना सिकरिया, उप मेयर लालबाबू प्रसाद, महंथ बीगन दास इत्यादि के साथ हजारो कार्यकर्ता उपस्थित थे सुरक्षा व्यवस्था मे प्रशासन के साथ - साथ बजरंगदल के अंकित श्रीवास्तव, अंकुर श्रीवास्तव, अक्ष आयु, सचिन कुमार, चंदन कुमार विजय शंकर कर रहे थे। वही संघ की ओर से रविशंकर वर्मा, श्याम सुन्दर राम, जितेन्द्र त्रिपाठी, प्रसिद्ध व्यवसायी धर्मेन्द्र सर्राफ, सुमित कुमार, प्रेम श्रीवास्तव, चन्द्रशेखर गुप्ता, केदार गुप्ता, संजय पटेल इत्यादि उपस्थित थे। शोभा यात्रा हनुमान गढी से निकल कर हिन्दी बाजार मेन रोड छतौनी, नगर थाना होते हुए पुनः हनुमान मंदिर समाप्त हुआ। यात्रा मे गोल्ड प्लेटों अश्व मेघ यज्ञ का घोडा राम - सीता - हनुमान जी का झांकी सहित गाजा- बाजा के साथ जय श्रीराम के गगन भेदी नारे लगाए जा रहे थे। रास्ते भर लोगो ने पुष्प से स्वागत किया।

## रक्सौल में भव्य श्रीराम नवमी शोभा यात्रा जनसैलाब की तरह उमड़ पड़े लोग

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर रक्सौल शहर में भव्य शोभा यात्रा जुलूस धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाला गया। इस दौरान पूरा शहर राममय हो गया और हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जगह-जगह भक्तों द्वारा जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा। शोभा यात्रा में आकर्षक झांकियां, ध्वज, बैंड-बाजे एवं भक्ति गीतों ने लोगों का मन मोह लिया। जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए अपने निर्धारित स्थान तक पहुंचा, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में सांसद डॉ. संजय जायसवाल एवं स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा की विशेष उपस्थिति रही। दोनों जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धालुओं का अभिवादन किया और आयोजन की सराहना की। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। प्रशिक्षु आईपीएस सह थानाध्यक्ष हेमंत सिंह, एसडीएम मनीष कुमार तथा एसडीपीओ मनीष आनंद लगातार जुलूस का निरीक्षण करते रहे और हर गतिविधि पर नजर बनाए रखी। शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न इस शोभा यात्रा को लेकर शहरवासियों में खासा उत्साह देखा गया। प्रशासन और आयोजन समिति के समन्वय से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



## प्रशासन की देखरेख में रामनवमी शोभायात्रा निकली

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामनवमी के अवसर पर आदापुर थाना के विभिन्न गांवों से भव्य शोभायात्रा के साथ साथ राम सीता की झांकी बड़ी ही धूमधाम से निकाली गई, हजारों की संख्या में पहुंचे महिला पुरुष बच्चे यात्रा में शामिल थे, प्रारम्भ राम शोभायात्रा श्याम पुर गांव से निकल कर रेलवे ढाला होते हुए श्यामपुर बाजार भ्रमण करते हुए प्रखंड कार्यालय अवस्थित छोटा औरैया गांव में हरेंद्र रस्तोगी के द्वारा मैंगो फुरूटी और पानी की व्यवस्था की गई थी,इस विशाल काय रैली को सफल बनाने में मजिस्ट्रेट बीडीओ रणधीर कुमार, थाना प्रभारी पप्पु पासवान,सीआई रमेश महतो, भाजपा नेता लालाबाबू सिंह, नितेश कुमार पटेल, राजेश गुप्ता, ताराचंद पटेल, मोतिलाल सार विश्व हिंदू परिषद के नवल किशोर प्रसाद, उपस्थित होकर शांति पूर्वक शोभायात्रा निकलवाया, सैकड़ों की संख्या में दो पहिया वाहन व चार पहिया वाहन पर अनगिनत लोगों की संख्या भरी पड़ी थी, शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, आर एस एस के तमाम कार्यकर्ता हाथों में भगवा झंडा लिए झूम उठे थे।



## रामनवमी पर बेटियों के सम्मान का संदेश, पांच कन्याओं की शिक्षा का जिम्मा उठाएगी परिषद



**र क्सौल ( पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चैत्र श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर भारत विकास परिषद, शाखा-रक्सौल द्वारा आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम श्रद्धा, सेवा और सामाजिक सरोकार का अनूठा उदाहरण बनकर सामने आया। कोईरिया टोला स्थित शिवनारायण निवास परिसर में शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम में 30 कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महिला सहभागिता प्रमुख मेनका गुप्ता के नेतृत्व में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। पूजन के दौरान कन्याओं के चरण पखारे गए, उनका श्रृंगार किया गया और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आरती संपन्न हुई। इसके बाद सभी कन्याओं को भोजन प्रसाद के साथ पठन सामग्री, फल एवं उपयोगी वस्तुएं भेंट की गईं। इस अवसर पर परिषद पदाधिकारियों ने कन्याओं को समाज की शक्ति बताते हुए उनके शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कार पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि बेटियां केवल परिवार ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की भी मजबूत आधारशिला हैं। कार्यक्रम की खास उपलब्धि के रूप में परिषद ने ह्यबेटी बचाओझ्बेटी पढ़ाओह्ण अभियान के तहत पाँच अत्यंत जरूरतमंद कन्याओं के एक वर्ष तक के शैक्षणिक खर्च-जिसमें ट्यूशन शुल्क, पुस्तकें और अन्य शैक्षणिक सामग्री शामिल हैं—उठाने की घोषणा की। इस पहल को उपस्थित लोगों ने सराहा और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया। महिला सहभागिता प्रमुख मेनका गुप्ता ने अपने संबोधन में नारी सम्मान और सुरक्षा पर जोर देते हुए समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बेटियों की रक्षा और सम्मान हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में परिषद के कई सदस्यों ने सक्रिय सहयोग किया। इस संबंध में जानकारी सेवा संयोजक सह मीडिया प्रभारी बिमल कुमार सर्राफ ने दी।

## बिहार दिवस पर उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ. शिल्पा यादव सम्मानित



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 'उन्नत बिहार, उज्वल बिहार' थीम के तहत आयोजित बिहार दिवस-2026 समारोह में शिक्षा विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए सारण जिले की शिक्षिका डॉ. शिल्पा यादव को सम्मानित किया गया। पटना के गांधी मैदान में बिहार शिक्षा परियोजना, पटना के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिक्षा विभाग के पवेलियन में उनके सराहनीय योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। उन्हें शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव बी. राजेंद्र द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र एवं मेमोरेंडम देकर सम्मानित किया गया। डॉ. शिल्पा यादव, जो उच्च माध्यमिक विद्यालय दिलिया रहीमपुर, रिवीलगंज (सारण) में संस्कृत शिक्षिका हैं, ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ शिक्षण कार्य में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है। उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें पूर्व में भी कई बार सम्मानित किया जा चुका है। इस वर्ष बिहार दिवस के अवसर पर बिहार शिक्षा परियोजना के निदेशक नवीन कुमार (आईएएस) द्वारा प्रदेश भर से लगभग 200 शिक्षकों/शिक्षिकाओं का चयन किया गया था, जिनमें डॉ. शिल्पा यादव भी शामिल रहीं। यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत उपलब्धि का प्रतीक है, बल्कि सारण जिले के लिए भी गौरव की बात है।

# मोतिहारी में पहली बार चम्पारण एक्सपो 2026 का आयोजन

**एक्सपो में उद्योगपति यमुना सीकरीया के द्वारा राधा ग्रुप ऑफ एजूकेशन एंड इंडस्ट्रीज का स्टॉल नंबर 8 लगाया गया है**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर भवन के प्रांगण में 26 मार्च 2026 को पहली बार चंपारण एक्सपो 2026 का आयोजन एम.एस.एम.ई. के दिशा निर्देश पर किया गया। जिसमें 80 स्टॉल लोकल उत्पादको एवं उद्यमियों द्वारा जनता के बीच भागीदारी के लिए लगाए गए। उक्त एक्सपो में भाजपा युवा नेता एवं उद्योगपति यमुना सीकरीया के द्वारा अपना राधा ग्रुप ऑफ एजूकेशन एंड इंडस्ट्रीज का स्टॉल नंबर 8 लगाया था। जिस पर उन्होंने अपने लोकल उत्पादों को प्रदर्शित किया था। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर पुलिस उपाधीक्षक, दिलीप कुमार, पुलिस उपाधीक्षक अभिनव पराशर एवं उपमेयर लालबाबू प्रसाद के द्वारा किया गया। पुलिस उपाधीक्षक के द्वारा कहा गया कि हम सभी प्रकार के छोटे-बड़े व्यवसायों के साथ हैं। जब उन्हें आवश्यकता हो, हम सहयोग करेंगे। हम अपनी निगरानी अपने स्तर से बनाये हुए हैं। इसलिए स्वतंत्र होकर लोकल उत्पादों को बढ़ावा दीजिए ताकि देश में नियोजन को प्राथमिकता मिले। इसके साथ ही साइबर डीएसपी ने साइबर क्राइम से बचने के लिए मोबाइल पर प्रदर्शन करते हुए। कई प्रकार की सतर्कता बरतने का आवाहन किया। इस अवसर पर लालबाबू प्रसाद उपमेयर ने कहा कि यमुना जी को बहुत - बहुत धन्यवाद है की स्वदेशी अपनाओ नियोजन बढ़ाओ लोकल को वोकल बनाओ। कार्यक्रम में अहम हिस्सा लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का हाथ मजबूत कर रहे हैं। जिससे देश का अग्रणी भविष्य सुरक्षित हो रहा है। अन्य लोगों को यमुना सीकरीया जी के राह पर चलने की अपील की ताकि स्वदेशी अपनाओ और विदेशी भगाओ का नारा मजबूत हो। इस अवसर पर उद्योगपति यमुना सीकारीया ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छ स्वस्थ आत्मनिर्भर भारत हमारे प्रधानमंत्री जी की कल्पना है, जो की हमारे भविष्य का घोतक है। हम अधिक से अधिक शुद्ध स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग करें ताकि हम हमारा परिवार स्वस्थ रहे। ताकि स्वस्थ समाज स्वस्थ देश स्वस्थ संस्कृति का निर्माण हो और सभी शहर वासियों को आवाहन करते हुए कहा कि आप लोग इस एक्सपो में आयें तथा आयोजनकर्ता से आग्रह किया कि ऐसे एक्सपो बार-बार लगे ताकि आम जनता में जागरूकता आये।

# 85 किलो गांजा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीमावर्ती क्षेत्र में रामनवमी पर्व को लेकर चलाए जा रहे सघन वाहन जांच अभियान के दौरान बलथर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बलथर थाना क्षेत्र के माझर पूल के पास 85 किलो गांजा बरामद किया है। इस दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार भी किया गया है।जबकि तस्करों द्वारा प्रयुक्त स्कार्पियों को जब्त कर लिया गया है। नरकटियागंज एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने बताया कि बलथर थाना पुलिस माझर पुल के पास वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान बलथर की ओर से आ रही एक स्कॉर्पियो को रोककर तलाशी ली गई। जांच के क्रम में वाहन से छह बंडल बरामद किए गए। संदेह के आधार पर वाहन में सवार दो व्यक्तियों को तत्काल हिरासत में ले लिया गया।घटना की सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी अजीत कुमार रोशन को दी गई। उनके देखरेख में जब बरामद बंडलों को खोला गया, तो उसमें से कुल 85 किलो 150 ग्राम गांजा पाया गया। बरामद गांजा की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 85 लाख रुपये आंकी गई है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों की पहचान नेपाल के पोखरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पोखरिया निवासी योगेश्वर राउत तथा बलथर थाना क्षेत्र के सड़किया टोला निवासी कादिर शेख के रूप में की गई है।

## आग लगने से तीन घर जले

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंचल क्षेत्र के भसुरारी पंचायत अंतर्गत नरकटिया गांव में शुक्रवार की दोपहर आग लगने से तीन फुसनुमा घर जल गया। आग की लपटों को देख आसपास में अफरा तफरी मच गई। इस घटना में विजय पासवान,असरफी पासवान और राजकुमार पासवान के घर मे रखे कपड़ा, वर्तन, अनाज, आभूषण, व जरूरी दसतावेज समेत सबकुछ जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुचीं अग्निशमन की टीम व ग्रामीणों के काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तबतक सबकुछ जल चुका था। हालांकि यह आग कैसे लगी इसके कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है।इस घटना के बाद पीड़ित परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। पूर्व मुखिया पति अखिलेश शर्मा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आग लगने से तीनों परिवार को काफी क्षति पहुचीं है।

# बीडीओ ने किया पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण, मिली गड़बड़ी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड की भसुरारी पंचायत में बन रहे पंचायत सरकार भवन के निर्माण में बड़े पैमाने पर धांधली का मामला सामने आया है। मुखिया सरोज देवी के शिकायत पर बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता और तकनीकी खामियों को देखकर बीडीओ ने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित कर्मियों को जमकर फटकार लगाई। बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि भवन निर्माण में कई चीजें मानक के अनुरूप नही पाया गया है। उन्होंने कहा कि भवन में उपयोग किए गए बिजली वायरिंग के तार और फर्श के लगाए गए टाइल्स आदि सामग्री अत्यंत घटिया स्तर की है। दरवाजे भी सरकारी मानक के अनुरूप नहीं पाए गए। वही पाइपलाइन बिछाने के कार्य में गंभीर तकनीकी त्रुटियां मिली हैं, जिसे तत्काल सुधारने का निर्देश दिया गया है। बीडीओ ने कहा कि निरीक्षण के दौरान सबसे बड़ी लापरवाही भवन के नींव को लेकर दिखी। भवन का लेवल बगल की कच्ची सड़क से काफी नीचे रखा गया है। ग्रामीणों का कहना है की भवन के दोनों साइड का सड़क जब भविष्य में पक्की सड़क बनेगी, तो उसकी ऊंचाई और बढ़ जाएगी। ऐसी स्थिति में बरसात का पूरा पानी भवन परिसर में जमा हो जाएगा, जिससे सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान होगा। वही संवेदक द्वारा पिलर एवं छत की ढलाई में 8,10 और एमएम का छड़ लगाया गया है। बीडीओ ने कहा कि जांच के क्रम में गड़बड़ियां मिली हैं। गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूरी रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसे आवश्यक कार्रवाई के लिए वरीय पदाधिकारियों को भेजा जाएगा। उधर मुखिया प्रतिनिधि संतोष पाल ने संवेदक पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि निर्माण कार्य मानक के विपरीत कार्य किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक भवन की सभी कमियों को दूर कर उसे मानकों के अनुरूप नहीं बनाया जाता, तब तक पंचायत द्वारा इस भवन का हैंडओवर किसी भी कीमत पर नहीं लिया जाएगा।

# मधेसी मूल के बालेन शाह बने नेपाल के 43वें प्रधानमंत्री, देशभर में उत्साह का माहौल



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेपाल की राजनीति में एक ऐतिहासिक बदलाव के रूप में मधेशी मूल के युवा नेता बालेन शाह (बालेन्द्र शाह) ने देश के 43वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली है। शुक्रवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शीतल निवास में आयोजित समारोह में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनके प्रधानमंत्री बनने के साथ ही नेपाल सहित भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों, खासकर बीरगंज में उत्साह और जश्न का माहौल देखा जा रहा है। मधेश प्रदेश के महोत्तरी जिले के एकडरा गांवपालिका को अपना पुश्तैनी गांव मानने वाले बालेन शाह का जन्म काठमांडू के नरदेवी में हुआ था। उनका परिवार वर्तमान में काठमांडू के तीनकुने क्षेत्र में निवास करता है। मधेशी पृष्ठभूमि से आने वाले नेता के शीर्ष पद तक पहुंचने को सामाजिक प्रतिनिधित्व के लिहाज से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। हाल ही में हुए प्रतिनिधि सभा चुनाव में बालेन शाह ने झापा क्षेत्र नंबर 5 से राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (रास्वपा) के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ते हुए पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को 50 हजार से अधिक मतों से पराजित कर बड़ी जीत दर्ज की। इससे पहले वे 2079 के स्थानीय चुनाव में काठमांडू महानगरपालिका के मेयर के रूप में भी चुने जा चुके हैं, जहां उन्होंने स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल कर सबको चौंका दिया था। शिक्षा और पेशे के क्षेत्र में भी बालेन शाह का सफर उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने काठमांडू से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद व्हाइट हाउस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक तथा भारत के कर्नाटक स्थित विश्वेश्वरय्या प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर किया है। 2015 के विनाशकारी भूकंप और कोविड-19 महामारी के दौरान वे सक्रिय रूप से राहत और पुनर्निर्माण कार्यों में जुड़े रहे। राजनीति के साथ-साथ बालेन शाह एक प्रसिद्ध रैप गायक और कवि भी हैं। उन्होंने 'बालेन' नाम से संगीत की दुनिया में पहचान बनाई और 2012 में 'सड़क बालक' गीत से अपने करियर की शुरूआत की। युवाओं के बीच उनकी मजबूत पकड़ और साफ-सुथरी छवि को उनकी सफलता का बड़ा कारण माना जा रहा है। उनकी पत्नी सबीना काफ्ले जनस्वास्थ्य के क्षेत्र से जुड़ी हैं और उनका परिवार भी विभिन्न पेशेवर क्षेत्रों में सक्रिय है। बालेन शाह के प्रधानमंत्री बनने के बाद नेपाल के विभिन्न हिस्सों में, विशेषकर भारत से सटे सीमाई शहर बीरगंज में लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए इसे नई उम्मीद और बदलाव की शुरूआत बताया है। विश्लेषकों का मानना है कि उनकी अगुवाई में नेपाल की राजनीति में नए प्रयोग और विकास की नई दिशा देखने को मिल सकती है।

CMYK

# रामनवमी को लेकर जुलूस एवं झांकियां निकाली गयीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज की शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ भव्य झांकियां एवं जुलूस निकाला गया। रफीगंज बड़ी दुर्गा देवी स्थान के परिसर में शहरी क्षेत्र के काली स्थान, महाराजगंज, मेन बाजार एवं ग्रामीण क्षेत्रों के कियाखाप, माड़ीपुर, सहित विभिन्न गांवों का जुलूस एकत्रित हुई। वहां से अस्पताल रोड़, मुख्य बाजार, स्टेशन रोड़, महाराजगंज रोड़, बस स्टैंड से वापस बड़ी देवी दुर्गा स्थान आकर समाप्त हुई। जुलूस में किराना पटी स्थित नरसिंह स्थान पूजा समिति द्वारा श्रीराम भगवान की झांकियां एवं गाजे बाजे के साथ निकाली गयी। जय श्री राम के नारे पूरे शहर गूंजता रहा। इस दौरान विभिन्न जगहों पर लाठी डंडे एवं तलवार का प्रदर्शन किया गया। बीडीओ कुमार अश्वनी, थानाध्यक्ष शंभू कुमार, एसआई गीताजली, कुशो कुमार, ध्रुव कुमार, मिथलेश कुमार,पपू कुमार, विपिन कुमार, शमा प्रवीण, विनोद कुमार,कौशलेंद्र कुमार, निरंजन सिंह, मो रहमान, गोविंद मिश्र, जय प्रकाश वाजपेयी के साथ अन्य पुलिस कर्मी काफी मुस्तैद के साथ थे। चप्पे-चप्पे पुलिस प्रशासन की व्यवस्था थी। मुरली मोड एवं महाराजगंज जुलूस में आये लोगो के लिये शर्बत, पानी की व्यवस्था की गयी। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, प्रदीप उर्फ बाबू शौंडिक, भाजपा नेता दीनानाथ विश्वकर्मा, जिला पार्षद प्रदीप चौरसिया, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा, विजय विश्वकर्मा, वैश्य समाज के प्रखंड संयोजक सह रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष शंकर शौंडिक, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दिलीप कुमार उर्फ कारू, वार्ड पार्षद नुरुल होदा खान, मदन चौधरी, अरविंद शौंडिक, राजू गुप्ता, अशोक प्रसाद, भोली प्रसाद, बिनय कुमार, जदयू नगर अध्यक्ष संतोष कुमार, मुखिया विजय सिंह, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश पासवान, रविंद्र सिंह, मन्टू शर्मा, पूर्व मुखिया प्रदीप चौहान, बैजू प्रसाद, सुनील वर्मा,हार्दिक सिंह राजपूत, विजय सिन्हा, चुन्नू शर्मा, संजय अंबेडकर, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संजय उर्फ मंत्री जी, विवेक सिंह, चंदन सोनी, शिवनारायण साव, बैजू प्रसाद, त्रिकाल कुमार,चंदन सोनी, सुभम सिंह, अशोक प्रसाद, सूरज कुमार, सूरज गुप्ता, संजय योगी, शम्भू ख़ान, राहुल कुमार, शशि कुमार, चंदेश्वर भगत , प्रांशु सिंह राजपूत, रोहन गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, अंकित राज, रोहित के साथ अन्य लोग मौजूद थे।





# रामनवमी को लेकर डीएम एवं एसपी ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** रामनवमी पर्व के मद्देनज़र क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल ने शुक्रवार को रफीगंज शहरी क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने रफीगंज बस स्टैंड, स्टेशन रोड, डिहवार स्थान सहित कई प्रमुख जगहों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए। इस मौके पर एडीएम उपेन्द्र पंडित, बीडीओ कुमार अश्वनी, बीपीआरओ अमर कुमार सहित अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के तहत थानाध्यक्ष शंभू कुमार, एसआई गीतांजलि, कुशो कुमार, ध्रुव कुमार, मिथलेश कुमार, शमा प्रवीण सहित अन्य पुलिसकर्मी भी सक्रिय रूप से तैनात रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए हर स्तर पर निगरानी की जा रही है।



# प्योरपॉवर डिस्ट्रीब्यूटर ने कोठागुडेम में इलेक्ट्रिशियन और डीलरों के लिए आयोजित किया कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रायपुर।** क्षेत्रीय ऊर्जा नेटवर्क को मजबूत करने के लिए प्योरपॉवर के डिस्ट्रीब्यूटर नेक्स्ट जेन एंटरप्राइजेज द्वारा होटल थाटिपल्ली, कोठागुडेम में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह दो सत्रों वाला कार्यक्रम खम्मम और भद्राद्री कोठागुडेम के स्थानीय तकनीकी और व्यापार समुदाय को जोड़ने और उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। हाल ही में नेक्स्ट जेन एंटरप्राइजेज को क्षेत्रीय वितरण भागीदार के रूप में जोड़ा गया है। कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय इलेक्ट्रिशियंस के लिए एक विशेष तकनीकी सेमिनार से हुई। ये इलेक्ट्रिशियंस क्षेत्र में ऊर्जा इंस्टॉलेशन की मुख्य ताकत हैं। इस सत्र में प्योरपॉवर की उन्नत तकनीक और एआईएस 156 चरण 2 सुरक्षा मानकों के महत्व पर चर्चा की गई।



प्रतिभागियों को स्मार्ट-ग्रिड तकनीक और सोलर-फर्स्ट इंटेलिजेंस के बारे में भी जानकारी दी गई, ताकि क्षेत्र के तकनीकी विशेषज्ञ स्थानीय घरों में बेहतर इंस्टॉलेशन सेवा दे सकें। इसके बाद शाम को एक विशेष डीलर मीट का आयोजन किया गया। इस सत्र में प्रमुख व्यापार साझेदार और हितधारक शामिल हुए। इसमें तेलंगाना में तेजी से बढ़ रहे नवीकरणीय ऊर्जा बाजार पर चर्चा की गई। साथ ही यह भी बताया गया कि प्योरपॉवर का 'मेड इन इंडिया' हार्डवेयर उपभोक्ताओं को ऊर्जा स्वतंत्रता प्राप्त करने और बिजली खर्च कम करने में कैसे मदद कर सकता है। यह कार्यक्रम डीलर्स के लिए प्योरपॉवर उत्पादों की व्यावसायिक संभावनाओं को समझने का एक अच्छा अवसर भी बना। नेक्स्ट जेन एंटरप्राइजेज के श्री विक्रम ने कहा, "यह कार्यक्रम ऐसे विशेषज्ञों का समुदाय बनाने पर केंद्रित रहा, जो ऊर्जा के भविष्य को समझते हैं। जब इलेक्ट्रिशियंस और डीलर्स दोनों एक साथ काम करते हैं, तो खम्मम और कोठागुडेम के लोगों को सिर्फ एक उत्पाद नहीं बल्कि एक भरोसेमंद और बेहतर ऊर्जा समाधान मिलता है।" कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि सभी सहभागी अपने-अपने क्षेत्रों में ऊर्जा बदलाव को आगे बढ़ाएँगे। नेक्स्ट जेन एंटरप्राइजेज के सहयोग से प्योरपॉवर अपने बढ़ते साझेदार नेटवर्क को लगातार तकनीकी प्रशिक्षण और मजबूत आफ्टर-सेल्स सपोर्ट देता रहेगा।

# हर्षोल्लास व श्रध्दा भक्ति पूर्वक मनाई गई रामनवमी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी महा पर्व हर्षोल्लास व श्रध्दा भक्ति पूर्वक धूमधाम से मनाई गई। उमंगेश्वरी पर्वत पर अवस्थित माता रानी उमंगेश्वरी गुफा मंदिर, भगवान सूर्य और सहस्त्र शिवलिंग मंदिर, दुर्गा चौंक स्थित हनुमान मंदिर, दूर्गा मंदिर सहित अन्य सभी मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का भीड़ उमड़ा रहा। मंदिरों को सजाया गया था। शंखनाद से गुंजायमान वातावरण भक्तिमय रहा, जिन भक्तों का मनौती मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं वे उमंगेश्वरी पहाड़ पर स्थित उमंगेश्वरी मंदिर में मां भगवती पर बली चढ़ाने की परंपरा के अनुसार शुक्रवार को अनेक भक्तों ने बकरे का बली चढ़ा पूजा अर्चना किया। सामाजिक कार्यकर्ता उमा शंकर सिंह ने पूजा अर्चना करने के बाद बकरे की बलि दी।



जहां सैकड़ों लोगों ने प्रसाद रुप भोजन ग्रहण किया। इस अवसर रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह, नारायण प्रसाद उर्फ त्रियुगी, विनोद कुमार सिंह, सुधीर कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक अमलेश कुमार केशरी, पूर्व जिला परिषद सदस्य सह मुखिया प्रतिनिधि सत्येन्द्र सिंह, पैक्स अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, दिलेश्वर मांझी, आशुतोश राणा, बलिक राज सिंह, पूर्व मुखिया कृष्ण कुमार सिंह, विनोद मिश्रा, सहित अन्य लोग शामिल थे।

# शहर में बड़े-बड़े मॉल तो हैं परंतु नहीं है पार्किंग की व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर में बड़े-बड़े मॉल तो खुले हैं परंतु कहीं भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने के कारण आए दिन शहर जाम की समस्या झेलने को मजबूर दिखाई देता है। ऐसे में यातायात पुलिस की तमाम कवायदे बौनी साबित होती हैं। ज्यादातर स्थानों पर पाकग के निर्धारित क्षेत्र पर सीढ़ियां बना दी गई हैं या उसे अन्य व्यावसायिक उपयोग में ले लिया गया है। ग्राहकों की भीड़ बढ़ने पर वाहन सड़क किनारे वाहनों को खड़े किए जाते हैं। कई स्थानों पर सड़क इतनी संकरी हो जाती है कि आवागमन बाधित हो जाता है। बता दें कि शहर में पाकग की समुचित व्यवस्था न होना और सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण, इस परेशानी की मूल वजह उभर कर सामने आ रही है। शहर के तमाम शॉपिंग मॉल और बड़े प्रतिष्ठानों में पार्किंग न होने और सार्वजनिक पार्किंग की व्यवस्था न होना जाम की समस्या को पैदा कर रहा है। जिससे लोगों का शहर में




आवागमन दुष्कर बना हुआ है। चाहे जिला मुख्यालय की सड़कें हो या प्रखंड की जाम लगा रहता है। कभी-कभी पूरा शहर जाम की समस्या से कराह उठता है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या के समाधान को लेकर पूरी तरह उदासीन बने हुए हैं। यहां तक कि दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहन सड़क की पटरियों पर बेतरतीब खड़े मिल ही जाते हैं और जाम की समस्या को पैदा करते हैं। नावाडीह के अंकित सिंह, विवेक कुमार ने बताया कि शहर में मॉल तो खुले हैं परंतु कहीं भी पार्किंग की सुविधा नहीं है। जिसके कारण अक्सर जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। जाम के चलते शहर में आवागमन दुभर हो चुका है। सबसे बड़ी समस्या बच्चों को स्कूल पहुंचाने और लाने की हो जाती है। स्कूली बच्चे जाम में बिलबिला उठते हैं। प्रशासन को पार्किंग की व्यवस्था कराने के साथ ही यातायात को लेकर बेहतर प्रबंध करने चाहिए।

# एनएच-27 पर 'गोल्डन आवर' की जीतः सीएचसी कुचायकोट बना मजबूत ट्रॉमा स्टैबलाइजेशन सेंटर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोपालगंज।** सेवलाइफ फाउंडेशन भारत में दुर्घटना के बाद उपलब्ध आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की मुहिम में लगा हुआ है। इसके तहत सेवलाइफ ने आइसीआइसीआइ लोम्बार्ड के सहयोग और स्वास्थ्य विभाग, गोपालगंज के साथ साझेदारी में एनएच 27 के गोपालगंज-कोटवा खंड पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कुचायकोट में ट्रॉमा केयर की बुनियादी व्यवस्था को अपग्रेड किया। यह पहल ज़ीरो फैटैलिटी सॉल्यूशंस (जेडएफएस) प्रोग्राम के तहत की गई है। इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटना के दौरान पीड़ितों को समय पर उचित और असरदार उपचार देने के लिए जरूरी ट्रॉमा केयर संसाधनों के साथ इस स्वास्थ्य केंद्र को अपग्रेड करना है।

सीएचसी कुचायकोट को अपग्रेड करने के लिए महत्वपूर्ण चिकित्सा संसाधनों की आपूर्ति की गई है, जो ट्रॉमा के मरीज़ों को एयरवे मैनेजमेंट, सांस लेने में सहायता, रक्तस्राव नियंत्रण और पूरी तरह से पुनर्जीवित और स्वास्थ्य की स्थिति स्थिर रखने के लिए आवश्यक हैं। बेहतर सुविधाओं के साथ इस स्वास्थ्य केंद्र को 'ट्रॉमा स्टैबलाइजेशन सेंटर' के रूप में मज़बूत




किया गया है। इस प्रयास से सड़क दुर्घटना से संबंधित पीड़ितों को 'गोल्डन आवर' में उचित और जीवन रक्षक उपचार मिलना सुनिश्चित होगा। सड़क दुर्घटना के दौरान पीड़ितों को समय पर सही उपचार मिलने से मृत्यु और दीर्घकालिक अपंगता के मामले कम होते हैं। विशेषकर एनएच 27 जैसी अधिक दुर्घटना संभावित सड़कों पर जल्द चिकित्सा उपचार मिलने से दुर्घटना पीड़ितों के जीवित बचने की संभावनाएं बहुत बढ़ जाती हैं।

इस पहल पर सीएचसी कुचायकोट के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. श्याम सुंदर ने कहा ''हमारा स्वास्थ्य केंद्र एक व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे है। इसलिए यहां अक्सर ट्रॉमा के मरीज आते हैं, जिन्हें तत्काल उपचार मिलना जरूरी होता है। हमारे सीएचसी को ट्रॉमा केयर उपकरणों के साथ अपग्रेड किए जाने से ऐसे मरीज़ों को समय पर स्टैबलाइज करने और सटीक उपचार करने की हमारी क्षमता बहुत बढ़ जाएगी। मरीज़ों के उपचार के बेहतर परिणाम मिलेंगे और उनकी जान बचाने में यह बहुत महत्वपूर्ण सहयोग होगा।''

इस पहल के बारे में सेवलाइफ फाउंडेशन के फाउंडर और सीईओ पीयूष तिवारी ने बताया, "भारत में सड़क दुर्घटना में बड़ी संख्या में लोग इसलिए दम तोड़ देते हैं, क्योंकि उन्हें समय पर और उचित उपचार नहीं मिलता है। इस कमी को दूर करने के लिए यह जरूरी है कि अधिक दुर्घटना संभावित सड़कों की खतरनाक जगहों पर ट्रॉमा केयर की मजबूत व्यवस्था की जाए। सीएचसी कुचायकोट को अपग्रेड करने का मकसद ऐसे पीड़ितों को 'गोल्डन आवर' में तुरंत स्टैबलाइज किया जाना है जिससे उनके जीवित बचने की संभावनाएं काफ़ी बढ़ जाती हैं। हम अपने जीरो फैटैलिटी सॉल्यूशन्स के माध्यम से सड़क दुर्घटना के हर चरण में जानें बचाने में सक्षम सिस्टम बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। इस मुहिम में निरंतर सहयोग देने के लिए हम स्वास्थ्य विभाग, गोपालगंज के आभारी हैं।'',

गोपालगंज में हमारी यह पहल ट्रॉमा केयर सिस्टम में तत्परता बढ़ाने की ओर एक और कदम है। इससे भारत में सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मृत्यु और गंभीर रूप से जख्मी होने का बोझ कम होगा।

# रामनवमी को लेकर ओबरा में पुलिस का फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा।** रामनवमी को लेकर शांति और सद्भाव बनाए रखने के उद्देश्य से ओबरा पुलिस द्वारा गुरुवार की शाम फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान ओबरा समेत कारा, बबनडीहा, गिरा, मनोरा सहित अन्य क्षेत्रों में पुलिस बल ने लोगों से आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने का संदेश दिया। फ्लैग मार्च ओबरा थाना परिसर से थानाध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व में शुरू हुआ, जो बाजार होते हुए बेल रोड, राष्ट्रीय राजमार्ग 98, खरांटी, कारा, गिरा सहित कई इलाकों से होकर गुजरा। इस दौरान पुलिस ने विभिन्न चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों, विशेषकर कारा स्थित मस्जिद के आसपास भी लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा कि पूर्व में भी सभी पर्व आपसी




सहयोग और सद्भाव से संपन्न हुए हैं, और उम्मीद है कि रामनवमी भी उसी तरह शांतिपूर्ण माहौल में मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जुलूस को निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार निकालने का भरोसा आयोजकों द्वारा दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने के लिए सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। आम लोगों से अपील की गई कि वे अफवाहों से दूर रहें और प्रशासन का सहयोग करते हुए भाईचारे के साथ पर्व मनाएं।

## असामयिक निधन पर जताया शोक

**अंबा (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के एरका गांव निवासी रविकांत कुमार के असामयिक निधन पर जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने शोक व्यक्त किया है। 35 वर्ष की आयु में उनके निधन की खबर सुनकर सभी स्तब्ध रह गये। उनके घर पर शोक-संवेदना प्रकट करने वाले लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। लोग उनके सरल स्वभाव और व्यवहार की चर्चा करते रहे।

# रामनवमी पर ओबरा के देवी मंदिर में उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा।** रामनवमी और चैत्र नवरात्रि के अवसर पर ओबरा मुख्यालय स्थित देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का उत्साह देखने को मिला, जहां लोग लंबी कतारों में खड़े होकर मां देवी के दर्शन के लिए प्रतीक्षा करते रहे। देवी मंदिर के साथ-साथ क्षेत्र के अन्य हनुमान मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। मंदिर परिसर में व्यवस्था बनाए रखने के लिए न्यास पूजा समिति के सदस्य पूरी तरह सक्रिय और सजग दिखे। श्रद्धालुओं ने अनुशासन के साथ कतारबद्ध होकर मां देवी का दर्शन किया। इस दौरान प्रतिदिन निर्धारित समय पर महाआरती का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। समिति के सदस्य ब्रजेश दुबे और सचिव कुमुद रंजन ने बताया कि मां देवी से सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूरी होती है और भक्तों की आस्था ही मंदिर की सबसे बड़ी शक्ति है। भीड़ को नियंत्रित करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थानाध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा। पुलिस और समिति के सहयोग से पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न होता दिखा।

# सम्राट अशोक की जयंती पर अहियापुर में आयोजन, छात्र-छात्राएं सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के अहियापुर गांव में महान सम्राट सम्राट अशोक की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित समारोह में गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा, प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, उप प्रमुख सत्येंद्र चौधरी, पूर्व मुखिया मृत्युंजय कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने सम्राट अशोक के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मुख्य अतिथि विधायक अमरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि सम्राट अशोक भारतीय इतिहास के सबसे प्रतापी और महान शासकों में गिने जाते हैं, जिन्होंने अखंड भारत पर शासन किया। उनके शिलालेखों और जनकल्याणकारी कार्यों के कारण उन्हें "अशोक महान" की उपाधि मिली। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे सम्राट अशोक के करुणा और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लें। वहीं प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, उप प्रमुख सत्येंद्र चौधरी, पूर्व मुखिया मृत्युंजय कुमार और शिक्षक अरविंद कुमार वर्मा ने कहा कि सम्राट अशोक ने पूरी दुनिया को करुणा, अहिंसा और मानवता का संदेश दिया। उनके शासनकाल में सड़कों,



अशोक जयंती के अवसर पर एकांकी नाटक करते हुए

छायादार वृक्षों, कुओं, धर्मशालाओं और अस्पतालों का व्यापक निर्माण कराया गया, जिससे जनजीवन में सुधार हुआ। कार्यक्रम में समाजसेवी धनेश प्रसाद, पूर्व पैक्स अध्यक्ष अजय कुमार, राजद अध्यक्ष मनीष कुमार, रालोमो प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा, प्रधानाध्यापक राजू कुमार एवं अन्य वक्ताओं ने सम्राट अशोक के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपने पराक्रम से अखंड भारत को एक सूत्र में बांधा और लगभग 30 वर्षों तक सफलतापूर्वक शासन किया। कलिंग युद्ध के भीषण नरसंहार से व्यथित होकर उन्होंने युद्ध का मार्ग त्यागकर अहिंसा को अपनाया, जो आज भी विश्व के लिए प्रेरणा है। उनका अशोक चक्र आज देश की शान का प्रतीक है। इस अवसर पर सम्राट अशोक क्लब द्वारा वर्ष 2026 की इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। वहीं पूर्व सरपंच रणधीर कुमार ने विधायक के समक्ष क्षेत्र की विभिन्न समस्याएं भी रखीं। कार्यक्रम का संचालन सुधीर कुमार ने किया। समारोह को सफल बनाने में सम्राट अशोक क्लब के युवा सदस्यों ने 'कफन' एकांकी नाटक का प्रभावशाली मंचन कर सभी का मन मोह लिया। आयोजन में विक्रम कुमार मौर्य, मनीष कुमार, सिकंदर कुमार, बलवंत कुमार, बैजनाथ सिंह, पिंटू कुमार, चितरंजन कुमार, संतू कुमार, सुबोध कुमार, पवन कुमार, कन्हैया कुमार, छोटू कुमार एवं राजेश विश्वकर्मा सहित अन्य युवाओं का योगदान सराहनीय रहा।

# रफीगंज में श्रीराम की झांकियों ने मोहा मन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** चैत्र नवरात्रि पर नवमी के दिन रफीगंज शहर के किराना पट्टी स्थित नरसिंह स्थान में भव्य झांकियों एवं महाआरती का आयोजन किया गया। श्रद्धा और भक्ति से सराबोर इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने शामिल होकर विधिवत आरती की। इस दौरान आयोजकों ने विधायक का "जय श्रीराम" पट्टा पहनाकर जोरदार स्वागत किया। पूरा माहौल भक्तिमय नारों और घंटा-घड़ियाल की ध्वनि से गूंज उठा, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि नवरात्रि हमें शक्ति, श्रद्धा और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देती है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता और भाईचारे



को मजबूती मिलती है।कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष सह प्रखंड कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू, दीनानाथ विश्वकर्मा, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि भोला चौधरी, विनोद कुमार सिंह,सिंटू सिंह, सुनील सिंह, विकास यादव, धनराज विश्वकर्मा, विक्की कश्यप, शुभम सिंह, संजय योगी, लड्डू सिंह, रिशु सिंह, राजेश कुमार गुप्ता सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# शैक्षणिक परिभ्रमण से होता है बच्चों का बौद्धिक विकास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड के उचौली राजकीय मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए गुरुवार को झंड़ी दिखा रवाना किया गया। चेईनवादा पंचायत के सरपंच परमानन्द सिंह, शिक्षा प्रबंधन समिति सचिव गीता देवी, प्रधानाध्यापक रवीन्द्र प्रसाद, शिक्षक बली कुमार सिंह, चन्दन सिंह, हाफिज नौशाद आलम, प्रतिमा कुमारी, जैनब फातिमा आदि ने संयुक्त रूप से हरि झंडी दिखाकर शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए रवाना किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रवीन्द्र प्रसाद ने कहा कि बौद्ध गया, राजगीर, नालंदा विश्वविद्यालय सहित




अन्य ऐतिहासिक व पर्यटन स्थल और धार्मिक महत्व के स्थलों का परिभ्रमण से छात्रों को धरातलीय वास्तविक बौद्धिक क्षमता विकास के साथ मानसिक सामाजिक उन्मुखीकरण होता है। पर्यावरण संरक्षण की समझदारी बढ़ता है। बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण दल में 35 छात्र-छात्राएं, पांच शिक्षक शिक्षिकाएं और अभिभावक स्वरुप सरपंच, शिक्षा प्रबंधन समिति सचिव शामिल हैं।

# अवैध बालू खनन में वाहन समेत लाइनर गिरफ्तार

## तेघड़ा थाना क्षेत्र में रात्री गश्ती के दौरान खुलासा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तेघड़ा।** थाना क्षेत्र के बरौनी 1 घटकिन्डी दुर्गास्थान में अवैध बालू खनन के कारोबार में संलिप्त तीन वाहन समेत लाइनर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया की खनन विभाग और पुलिस ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की। जिसमे थाना क्षेत्र के 25 मार्च की रात करीब 11 बजे गश्ती के दौरान घटकिन्डी दुर्गास्थान गुप्ता बांध के समीप ग्रामीण सड़क पर संदिग्ध रूप से लघु खनिज (बालू) लदे वाहनों को जांच के लिए रोका गया। पुलिस बल को देखते ही मौके पर मौजूद वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। वे अपने-अपने वाहन लेकर भागने लगे। हालांकि पुलिस की तत्परता और मुस्तैदी के कारण पीछा कर तीन वाहनों को पकड़ लिया गया। इस कार्रवाई के दौरान दो चालकों को गिरफ्तार किया गया। जबकि एक अन्य व्यक्ति को भी दबोचा गया। जो मौके पर अवैध परिवहन को संचालित करने और वाहनों को भगाने की कोशिश कर रहा था। मौके से एक लाइनर की मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। जिसका उपयोग अवैध बालू परिवहन में किया जा रहा था।जब्त वाहनों में एक दस चक्का ट्रक (बीआर 09एम-4425), एक बिना नंबर का ट्रक (चेचिस नंबर एमए 54525के 7ई 1455) तथा एक ट्रैक्टर (पावर ट्रैक इयूआरओ 42ई 1) शामिल हैं। ट्रैक्टर चालक शिवम कुमार (19 वर्ष, मधुरापुर, तेघड़ा) एवं ट्रक चालक देवानंद पासवान (30 वर्ष, दरियापुर, पटना) को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा बरौनी-2 मधुरापुर निवासी सुधीर सिंह (40 वर्ष) को भी पकड़ा गया है।जो कथित रूप से लाइनर की भूमिका में अवैध परिवहन को संचालित कर रहा था। एक अन्य ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।जांच के दौरान ट्रक संख्या बीआर09एम-4425 पर 20 मीट्रिक टन,दूसरे ट्रक पर 12 मीट्रिक टन तथा ट्रैक्टर पर 4 मीट्रिक टन बालू लदा पाया गया। इस प्रकार कुल 36 मीट्रिक टन अवैध बालू बरामद किया गया।जांच के दौरान किसी भी वाहन चालक द्वारा खनिज परिवहन से संबंधित वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया जा सका। जिससे अवैध खनन एवं परिवहन की पुष्टि हुई है।

# आईजी ने सुल्तानगंज आरपीएफ बैरक व थाने का किया उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कहलगांव (भागलपुर)।** पूर्व रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) महानिरीक्षक अमीय नंदन सिन्हा ने आज भागलपुर - जमालपुर रेलखंड के सुल्तानगंज स्टेशन पर नवनिर्मित आरपीएफ बैरक और थाना भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि भागलपुर जिले के धार्मिक स्थल के रूप में प्रसिद्ध सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन पर रेल यात्रियों की सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण को लेकर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) सदैव तत्पर रहते हुए अपना काम कर रहा है। श्री सिन्हा ने कहा कि सुल्तानगंज स्टेशन पर नए आरपीएफ बैरक भवन और थाना के आरंभ होने से जवानों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी ताकि वे प्रभावी ढंग से अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर सकेंगे। वहीं इस स्टेशन के साथ साथ सभी प्रमुख स्टेशनों के सुरक्षा व्यवस्था को हाईटेक बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। महानिरीक्षक ने कहा कि रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में अपराध नियंत्रण के लिए सीसीटीवी कैमरों का जाल बिछाया जा रहा है। इसके साथ ही अपराधियों की तस्वीरें आरपीएफ और जीआरपी के जवानों के मोबाइल पर उपलब्ध कराई जाएंगी। जिससे संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें अपराध करने से पहले ही पकड़ा जा सके। आमजन को भी जागरूक किया जा रहा है। यह व्यवस्था अपराध कंट्रोल में काफी कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि शराब तस्करी पर नकेल कसने के लिए भी विशेष रणनीति तैयार की गयी है। हाल के दिनों में शराब माफियाओं और अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। जिससे रेलवे के क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सका है। श्री सिन्हा ने विश्वास जताते हुए कहा कि इन उपायों से ट्रेन और स्टेशन परिसर में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। इसके पहले महानिरीक्षक ने आरपीएफ के स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा की और रेलवे स्टेशन तथा इसके आसपास के इलाकों में सुरक्षा इंतजाम को और सुदृढ़ बनाने पर विशेष बल दिया। बैठक पर आरपीएफ क्राइम इंस्पेक्टर सुधांशु कुमार, मनोहर कुमार, सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

# भवन निर्माण विभाग में मार्च माह में मरम्मत के नाम पर भारी लूट के गंभीर आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** यहां के भवन प्रमंडल के लिए मार्च का महीना सोने का अंडा साबित हो रहा है। आरोप है कि आनन-फानन में विभाग निविदा की जगह विभागीय भुगतान कर लाखों का वारा-न्यारा कर रहा है। मरम्मति के नाम पर करोड़ों के कार्य संपादन की योजना पूर्व से तैयार की गई थी। अब माह के अंतिम में आनन-फानन में बिना निविदा किए हुए विभागीय भुगतान किया जा रहा है। भवन प्रमंडल बेगूसराय में संवेदक, कनीय अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता के गठबंधन में मार्च क्लोजिंग में जमकर लूट खसोट के गंभीर आरोप लगाये जा रहे हैं। सरकार ने मार्च लूट पर लगाम लगाने के लिए निगरानी की टीम गठित की है लेकिन भवन प्रमंडल बेगूसराय में अभियंताओं ने मार्च लूट की पूरी तैयारी पूर्व से ही कर रखी थी। ज्ञात हो कि सरकारी आवास एवं सरकारी कार्यालय में मरम्मति का काम विभाग ने अपने पसंदीदा संवेदक के माध्यम से कराया जिसमें कार्य में खर्च 5 लाख परन्तु भुगतान 14 लाख का विभाग द्वारा किया जा रहा है। कई मामले में तो आनन-फानन में निविदा निकालकर लाखों का वारा-न्यारा किया गया है। निविदा का हाल यह है कि हर मरम्मत व जीर्णोद्धार की अवधि मात्र पंद्रह दिन निर्धारित है अर्थात काम हो या न हो, राशि निकल जायेगी। ज्ञात हो की मरम्मति एवं जीर्णोद्धार कार्य की एक सीमा होती है। सूत्रों के अनुसार जिला अतिथि गृह में पानी टंकी तोड़ने के लिए ऑक्शन हुआ था जिसकी राशि 35000 रुपये निर्धारित की गई। संवेदक टंकी के साथ साथ बोरिंग, दो मोटर और पाइप भी अपने साथ ले गया। इतना ही नहीं अपर समाहर्ता आवास में भी टाइल्स, रंग रोगन का ही कार्य हुआ। लेकिन जेई ने कार्य स्थल का मुआयना किए बिना 14 लाख से ऊपर का एस्टीमेट बना दिया। इसका भी भुगतान संवेदक को कर दिया गया। यही हाल डीडीसी आवास एवं डीटीओ आवास में भी हुआ है। इसकी जांच की मांग की गई है। पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह ने कहा कि इसकी जानकारी मुख्यमंत्री को दी गई है। इसकी जल्द जांच कराई जायगी।

# सदर अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** सदर अस्पताल में शुक्रवार को इलाज के दौरान डॉक्टर की लापरवाही से युवक की मौत होने का परिजनों ने लगाया है। मृतक के भाई मंजर ने चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि समय पर उचित उपचार नहीं मिलने के कारण उनके भाई की जान चली गई। परिजनों के अनुसार, मृतक मोहम्मद मोहसिन को गुरुवार को तबीयत बिगड़ने पर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था।बताया गया कि इलाज के दौरान शुक्रवार को मेडिकल वार्ड से उन्हें सीटी स्कैन के लिए भेजा गया। परिजनों का आरोप है कि सीटी स्कैन के बाद कुछ ही देर में मोहम्मद मोहसिन की मौत हो गई, जिससे पूरे परिवार में मातम पसर गया। मृतक की पहचान वीरपुर थाना क्षेत्र के पर्रा पंचायत अंतर्गत सरोजा गांव वार्ड संख्या-3 निवासी मोहम्मद हदीस के 42 वर्षीय पुत्र मोहम्मद मोहसिन के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि मोहसिन ईद के मौके पर घर आया था और बाहर (अररिया जिला) में किराना दुकान चलाता था। परिजनों का कहना है कि अगर समय पर आईसीयू में भर्ती कर सही तरीके से इलाज किया जाता, तो संभवतः उनकी जान बचाई जा सकती थी। घटना के बाद अस्पताल परिसर में आक्रोश का माहौल है। फिलहाल इस मामले में अस्पताल प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# भौंरों के हमले में एक दर्जन जखमी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के महेशवारा गांव स्थित वार्ड संख्या 4 में गुरुवार को भौंरों के अचानक हुए हमले से लगभग एक दर्जन लोग जख्मी हो गए। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। घायलों में विद्यासागर झा, राजन कुमार झा, सत्रोहन झा, संजय कुमार सहित कई अन्य ग्रामीण शामिल हैं। सभी घायलों का स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार कराया गया, जबकि कुछ लोगों ने सूजन और बुखार से राहत के लिए दवाइयां ली हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव में स्थित एक भौंरों के छत्ते को एक चील ने चोंच मार दी, जिससे भौंरे आक्रोशित हो गए। इसके बाद उन्होंने आसपास मौजूद लोगों, सड़क से गुजर रहे बाइक सवारों और राहगीरों पर हमला कर दिया।

# अपराध की योजना बना रहे दो लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर जिले के हबीबपुर थाना क्षेत्र में आज पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे दो अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने शुक्रवार को यहां बताया कि इस क्षेत्र के नबिया तालाब इलाके में कुछ अपराधियों के एक बड़े वारदात को अंजाम देने हेतु हथियार के साथ एकत्र होने की सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी - दो की अगुवाई में गठित जिला पुलिस और विशेष सुरक्षा बल (एसटीएफ) की संयुक्त टीम ने उक्त इलाके में छापेमारी किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान टीम ने दो अपराधियों को दबोचने के बाद उसके पास से एक देशी पिस्टल, एक मैगजीन, बीस जिंदा कारतूस, एक मोटरसाइकिल और पांच हजार पांच सौ रुपए नगद जब्त किया गया है। इधर दोनों अपराधियों की पहचान दिलखुश कुमार एवं प्रिन्स कुमार के रुप में हुई है और दोनों जिले के खरीक थाना क्षेत्र का रहने वाला है।

वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए दोनों अपराधियों से कड़ी पूछताछ की जा रही है और दोनों के विरुद्ध दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी ली जा रही है। वहीं दोनों अपराधियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई शुरु कर दी गई है।

# वरूण चौधरी हत्याकांड में शामिल शूटर गिरफ्तार

## सुपारी देकर कराई गई थी वरूण चौधरी की हत्या, सीसीटीवी से खुला राज, तीन शूटर दबोचे गए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** सिंघौल थाना क्षेत्र के चर्चित भू-कारोबारी वरूण चौधरी हत्याकांड में शामिल तीन शूटरों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को सदर डीएसपी आनंद कुमार पांडेय ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि इस पूरे हत्याकांड की साजिश नागदह निवासी कुख्यात रंधीर महतो ने व्यवसायिक प्रतिद्वंदिता के कारण रची थी। हत्या के लिए शूटरों को सुपारी दी गई थी और वारदात में इस्तेमाल बाइक भी घटना से एक दिन पहले ही खरीदी गई थी। प्रेस वार्ता में बताया कि फुटेज के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों शूटरों को दूसरे राज्य से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में नागदह वार्ड-11 निवासी राजीव साह, ललन महतो और चंदन महतो शामिल हैं। तीनों ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार करते हुए साजिशकर्ता रंधीर महतो का नाम उजागर किया। पुलिस के अनुसार, रंधीर महतो की राजनीतिक महत्वाकांक्षा तेजी से बढ़ रही थी और नगर निकाय चुनाव लड़ने के लिए उसे बड़ी रकम की जरूरत थी। इसी उद्देश्य से उसने जमीन कारोबार में कदम रखा। नागदह निवासी पशुपति साह के परिवार से साढ़े सात कट्ठा जमीन का सौदा कर वह प्लटिंग कर बेच रहा था। इसी जमीन को लेकर वरूण चौधरी भी सक्रिय थे। जिससे रंधीर महतो के कारोबार में बाधा उत्पन्न हो रही थी। इसी रंजिश में रंधीर महतो ने वरूण चौधरी को रास्ते से हटाने के लिए हत्या की साजिश रची और अपने गांव के शूटरों को सुपारी देकर वारदात को अंजाम दिलाया। गिरफ्तार शूटरों की निशानदेही पर पुलिस ने ललन महतो के नागदह स्थित घर से मिट्टी में छिपाकर रखे गए हथियार बरामद किए हैं।

## पुलिस को शूटर दे रहा था चकमा

### वरूण हत्याकांड में मुझे खत्म करने की हो रही साजिश : रंधीर महतो

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** सिंघौल थाना क्षेत्र के नागदह निवासी वरूण चौधरी हत्याकांड में गिरफ्तार शूटर पुलिस को चकमा देने काम कर रहा है। उक्त आरोप इस कांड के अप्राथमिक अभियुक्त रणधीर महतो ने लगाया है। गौतलब हो कि 9 मार्च को दिन दहाड़े नागदह स्थित रेलवे गुमटी नंबर 49 के समीप बदमाशों ने वरूण चौधरी की हत्या की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना में शामिल तीनो अपराधियों को पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना के बाद मृत चौधरी के पुत्र सूरजभान ने थाना में आवेदन देकर जेल में बंद संतोष सिंह समेत उक्त तीनो शूटरों को नामजद अभियुक्त बनाया था। पुलिस ने इस मांमले में शामिल फरार तीनो नामजद शूटरों को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार शूटरों ने इस मामले में रणधीर महतो को साजिशकर्ता करार दिया है। जिसकी पुष्टि सदर डीएसपी आनंद पांडेय ने प्रेस वार्ता में भी की है। इधर घटना में रणधीर महतो का नाम आते ही श्री महतो ने एक प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि पुलिस मेरे राजनितिक जीवन की हत्या करना चाहती है। झूठे मुकदमों में फंसाकर मेरी हत्या की साजिश को हवा दे रही है। श्री महतो ने कहा कि उनके नाम को लगातार विभिन्न आपराधिक मामलों में जोड़ा जा रहा है। वर्ष 2020 से पहले के मामलों में वे कानूनी रूप से मुक्त हो चुके हैं। इसके बावजूद उन्हें बार-बार आरोपी बनाया जा रहा है। प्रापर्टी डीलर वरूण सिंह की हत्या में भी उनका नाम जोड़ा गया है। उनके अनुसार, असली आरोपियों को बचाने के लिए उन्हें फंसाने की कोशिश की जा रही है। इसी तरह फरवरी 2021 में बेगूसराय आने पर पुलिस ने उनके घर छापेमारी कर उन्हें आर्म्स एक्ट के मामले में गिरफ्तार किया था। जबकि उनका दावा है कि उनके पास कोई हथियार नहीं था। इस मामले में उन्होंने संबंधित थानाध्यक्ष के खिलाफ न्यायालय में मामला दायर किया था। उन्होंने यह भी कहा कि उनके रिश्तेदार राम कुमार की हत्या के मामले में भी उनका नाम जोड़ा गया। जबकि उस समय वे पूर्णिया जेल में बंद थे। उनका दावा है कि मृतक की पत्नी ने भी अदालत में उनकी संलिप्तता से इनकार किया था। रंधीर महतो ने अपने आवेदन में न्यायपालिका पर भरोसा जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है और कहा है कि वास्तविक दोषियों को सजा मिलनी चाहिए।

# रामनवमी के अवसर पर दीप महायज्ञ का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** रामनवमी के अवसर पर दीप महायज्ञ का किया गया भव्य आयोजन। प्रखंड अंतर्गत बल्लीपुर पंचायत के राम जानकी मंदिर परिसर बहादुरपुर के प्रांगण में शुक्रवार को शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया। दीप महायज्ञ के कर्मकांडी टीम प्रमुख पूर्व ट्रस्टी सह दरभंगा उप जोन समन्वयक मीनाक्षी वर्मा, आचार्य नंदलाल ठाकुर, पूर्व समन्वयक अनीता दीदी, की टीम के द्वारा मुख्य यजमान भवन निर्माण विभाग पटना के सचिव ललित कुमार सिंह, पत्नी अनीता सिंह को मंत्रोच्चार के साथ ही दीप महायज्ञ का पूजा अर्चना करायी गयी। उप जोन समन्वयक मीनाक्षी वर्मा ने अपने उद्बोधन में युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य का विचार रखते हुए संदेश दिया कि हम बदलेंगे युग बदलेगा हम सुधरेंगे युग सुधरेगा होने जा रहा है। परिवर्तन की बेला में एक ओर सृजन है और दूसरी ओर विध्वंस है। इस संधि की बेला में हमारे ऋषियों का विचार जब तक घर-घर गांव गांव तक नहीं पहुंचेगा और ऋषियों के विचार पर हम अपना चिंतन गुरु को श्रेष्ठ नहीं बनाएंगे तो आने वाले समय में पूरे राष्ट्र का भविष्य कूसंस्कारों से भरा पड़ा दिखेगा। उन्होंने कहा आज के समय में हम सभी को ऋषियों के बनाए नियम पर चलना आवश्यक है। हम ईश्वर को सर्वव्यापी न्यायकारी मानकर उसके अनुशासन को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें क्योंकि संस्कार ही विश्व को विनाश से बचा सकता है और हमें भी श्रेष्ठ बनाएगा तब मानव में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण होगा और मानव जाति का कल्याण होगा। आओ गढ़े संस्कार वान पीढ़ी अभियान से जुड़कर हर घर में संस्कारों की परंपरा फिर से शुरू करना चाहिए। मौके पर दिलीप कुमार सिंह, नीलम देवी, संजू देवी, पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह, ए सी राम पुकार सिंहा, राम कृष्ण सिंह, देव नारायण सिंह, डा रामा कांत सिंह, डा हेमंत कुमार, प्रो कुन्देश्वर सिंह, अरविंद कुमार, जयंत चौधरी, रमेश कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने भाग लिया।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रिफाइनरी थाना क्षेत्र नेशनल हाईवे 31पर शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे गोलू ढाबा के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत हो गई। लोगों ने बताया कि एक अनियंत्रित ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान दुलारपुर निवासी स्वर्गीय मेदिनी कांत झा के 52 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार झा (उर्फ सरोज झा) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, सुजीत कुमार झा टाटा मोटर्स में कार्यरत थे और प्रतिदिन की तरह अपने काम पर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा इतना भीषण था कि सुजीत कुमार झा को संभलने का मौका तक नहीं मिला। उनकी मोटरसाइकिल ट्रक की चपेट में आने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

# रामनवमी पर हनुमान मंदिरों में हुआ पूजा और ध्वज दान

## बासंती दुर्गा मंदिर में त्रिशूलिनी देवी की पूजा तथा हवन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा /कटिहार।** रामलला के जन्मोत्सव पर भक्तों ने अपने घरों में भगवान राम की पूजा अर्चना कर सुख,शांति के लिए प्रार्थना की तथा हनुमानजी की कृपा पाने के लिए ध्वजदान किया।प्रखंड के सभी हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना तथा भजन-कीर्तन को लेकर श्रद्धालुओं की आवाजाही रही।तो वहीं प्रखंड के एक मात्र बासंती दुर्गा मंदिर डुमरिया में भगवती त्रिशूलिनी देवी एवं दुर्गा परिवार पूजन अनुष्ठान सुबह से अपराह्न तीन बजे तक चलता रहा।तो हवन, कुमारी पूजन के साथ चैत्र नवरात्र के नवमें दिन का कृत्य समाप्त हो गया।वहीं शाम में श्रृंगार पूजा, आरती पुष्पांजलि देकर नवरात्र की समाप्ति हुई। नवमी पूजन में पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद ने भी अपने सहयोगियों के साथ साथ शामिल होकर माथा टेका और लोगों से मिलकर उन्हे रामनवमी और बासंती नवरात्रि की बधाई दी। सबसे आकर्षक राष्ट्रीय हिन्दू महासंघ एवं बजरंग दल के बैनर तले डंडखोरा काली मंदिर से निकाली गई शोभा यात्रा रहा। जिसमें हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, बूढे, बच्चे और जवान शामिल होकर संगत टोला, मुस्लिम टोला, प्रेमनगर, उरांव टोला, थाना चौक राजा दिग्घी, भट्ठा बाड़ी आदि मुहल्ले का भ्रमण किया।इस दौरान आगे-आगे गाड़ियों पर राम दरबार सजा था तो पीछे पीछे लोग केसरिया झंडा थामे जय श्री राम का नारा लगा रहे थे।शोभा यात्रा के दौरान विवि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर थानाध्यक्ष विजय कुमार, अपर थानाध्यक्ष अमलेंदु सिंह, एसआई रामजी,एएसआई सुधीर कुमार सिंह,राहुल कुमार आदि के नेतृत्व में पुलिस जुलुस के रुट चार्ट का पालन एवं हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाये रही। शोभा यात्रा को सफल बनाने में मनंजय कुमार झा, पैक्स अध्यक्ष हीरालाल साह, सूरज विश्वास, प्रीतम विश्वास, प्रकाश कुमार झा, मिथिवेश गुप्ता, विद्यानंद साह,विक्रम राठौर, सौभाष ठाकुर आदि सक्रिय रहे।

# जिले में पर्याप्त है एलपीजी गैस का भंडारण, आपूर्ति भी सामान्य : जिला प्रशासन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले में एलपीजी गैस की कोई किल्लत नही है और आपूर्त भी सामान्य ढंग से हो रही है। कालाबाजारी एवं जमाखोरी के विरुद्ध सभी प्रखडों में गठित विशेष धावा दल हर गतिविधि की निगरानी कर रही है। अनियमितता बरतने के आरोप में पांच प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उक्त बाते जिला प्रशासन की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी कुणाल कुमार ने दी है।उन्होंने बताया कि सभी जिले के सभी 54 गैस वितरकों के पास 27.03.2026 को घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 15825 एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध है।वहीं 28 मार्च के बुकिंग के विरुद्ध 7058 सिलेंडर आपूर्ति की जा चुकी है। उन्होंने बताया है कि जिले में 720 व्यवसायिक सिलेंडरभी उपलब्ध है।उन्होंने कहा कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है।गैस एजेंसियों के साथ बैठक कर आपूर्ति की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने गैस की किल्लत की खबर को भ्रामक बताते हुए कहा है कि उपभोक्ताओं से अपील की है कि घबराने की जरुरत नहीं है।गैस वितरण की स्थित बिलकुल सामान्य ढंग से हो रही है।

## कटिहार में पहली बार नाइट टी-10 क्रिकेट का आयोजन

**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल में पहली बार आयोजित ह्लस्व. दिग्विजयनाथ पांडेय मेमोरियलङ्क अंतर विभागीय टी-10 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 इन दिनों रेलवे ग्राउंड में पूरे रंग में नजर आ रहा है। रात में फ्लडलाइट्स के बीच खेले जा रहे मुकाबलों ने रेलकर्मियों और खेल प्रेमियों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है। इस संबंध में एनएफ रेलवे मजदूर यूनियन कटिहार शाखा-1 के सचिव सह आयोजक सुमन मिश्रा ने बताया कि इस मैच में सभी खिलाड़ी अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रहे हैं। जिस दौरान शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में स्टोर बनाम मैकेनिकल और ऑपरेटिंग बनाम कामर्शियल विभाग के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली। इस दौरान सीनियर डीसीएम सहित कई रेल अधिकारी भी मैदान में मौजूद रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते नजर आए। मौके पर स्व. दिग्विजयनाथ पांडेय के पुत्र और भतीजी ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के खेल आयोजन से न केवल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है।

# पर्व के दौरान अफवाहों पर नहीं दें ध्यान : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक, अम्बरीश राहुल द्वारा संयुक्त रूप से रफीगंज एवं गोह प्रखंड के विभिन्न संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पर्व के अवसर पर संभावित भीड़-भाड़ वाले स्थलों, जुलूस मार्ग एवं प्रमुख चौक-चौराहों व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस क्रम में विधि-व्यवस्था संधारण, यातायात व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सुरक्षा बलों की तैनाती तथा आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पूजा समिति के सदस्यों एवं आम नागरिकों से संवाद स्थापित कर पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सभी आवश्यक तैयारियों की सतत निगरानी करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त जुलूस मार्गों में यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए रामनवमी पर्व को शांति, सद्भाव एवं भाईचारे के साथ मनाने में सहयोग करें ताकि जिले में सामाजिक समरसता एवं सांप्रदायिक सौहार्द की परंपरा बनी रहे। इस अवसर पर अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तार अहमद, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

# इआर-1 आइआरएसएम वॉलीबॉल टूर्नामेंट में बीआरबीसीएल बना चैम्पियन






नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** भारतीय रेल एवं एनटीपीसी का संयुक्त उपक्रम भारतीय रेल बिजली कंपनी लि. (बीआरबीसीएल) परिसर में 26 मार्च को इआर-1 आइआरएसएम वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2026 का फाइनल मुकाबला आयोजित किया गया। यह रोमांचक मैच बीआरबीसीएल एवं एनटीपीसी कांटी के मध्य खेला गया। इस क्रम में बीआरबीसीएल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चैम्पियनशिप ट्रॉफी अपने नाम करने में सफल रही। टूर्नामेंट के समापन समारोह में बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी, सुजाता लेडीज क्लब की अध्यक्षा संगीता गोयल तथा अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। फाइनल मैच के उपरांत भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया जिसमें सुप्रसिद्ध गजल गायक अभिषेक पाठक, गायिका प्रिया चौहान एवं सैक्सोफोन वादक संजय मिश्रा ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को विशेष रूप से यादगार बना दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दीपक रंजन देहुरी ने बीआरबीसीएल टीम को शानदार जीत एवं चैम्पियन बनने पर हार्दिक बधाई दी। साथ ही उन्होंने रनर-अप टीम एनटीपीसी कांटी के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सुजाता लेडीज क्लब की अध्यक्षा संगीता गोयल ने भी दोनों टीमों को उनके सराहनीय प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# दुर्घटना में ऑटो सवार की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** हाइवा और ऑटो की टक्कर में ऑटो सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के पेमा गांव के पास की है। मृतक की पहचान रफीगंज के अकौना निवासी लालमोहन राम के 22 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने घायलों को गाड़ी से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार रंजीत दो भाइयों में सबसे छोटा था। अभी उसकी शादी भी नहीं हुई थी। सूरत में प्राइवेट फैक्ट्री में मजदूरी का काम करता था तथा 14 मार्च को छुट्टी पर अपने घर आया था। शुक्रवार को उमंगेश्वरी माता के मंदिर में किसी रिश्तेदार की शादी थी। शादी समारोह में शामिल होने के बाद भाई के ससुराल जा रहा था तभी रास्ते में दुर्घटना का शिकार हो गया। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि हाइवा और ऑटो की टक्कर में ऑटो सवार एक युवक की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# रामनाम के जयघोष से गूंजा औरंगाबाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** रामनवमी पर शहर की सड़कों पर रामभक्तों की भीड़ दिखी। सुबह से युवाओं के हाथों में भगवा झंडा लिए शहर के विभिन्न सड़कों से होते हुए सदर प्रखंड परिसर पहुंचने लगे। युवाओं के जय श्रीराम जयघोष से पूरा इलाका गुंजायमान होता रहा। विश्व हिदू परिषद एवं बजरंग दल सहित अन्य संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे के साथ भगवान श्रीराम की भव्य झांकी निकाली। राम भक्तों की भीड़ से जहां तक नजर जाती थी सिर्फ भगवा ध्वज ही नजर आ रही थी। सुबह से देर शाम तक भव्य झांकी और शोभायात्रा शहर के सतेन्द्र नगर से रमेश चौक होते हुए धर्मशाला पहुंची। इसके बाद पुनः प्रखंड परिसर पहुंची जिसमें युवा टोली भगवा झंडा के पारंपरिक हथियारों का भी जमकर प्रदर्शन किए। शोभायात्रा के दौरान किसी तरह की कोई गड़बड़ी न हो इसलिए हर शोभायात्रा के साथ पुलिस की टीम तैनात थी। शोभायात्रा के आगे और पीछे पुलिस बल लगातार निगरानी करती नजर आई। शोभायात्रा में शामिल भगवान श्रीराम के मंदिर की भव्य प्रतिकृति के साथ भगवान श्रीराम, हनुमान और गदा की विशाल प्रतिमा ने लोगों को खासा आकर्षित किया। शोभायात्रा में बज रहे भक्ति एवं देश भक्ति गीत पर युवा लगातार झूमते रहे। रामनवमी पर्व के दौरान शांति एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए शुक्रवार को जिला प्रशासन औरंगाबाद शहर के विभिन्न जगहों पर मुस्तैद दिखी। जुलूस एवं शोभा यात्रा के सभी मार्गों पर लगातार भ्रमणशील रहकर स्थिति का जायजा लेते रहे। इसके अतिरिक्त ड्रोन के माध्यम से महत्वपूर्ण स्थलों पर निगरानी रखी गई। रामनवमी जुलूस मार्ग पर पुलिस की सघन गश्ती के साथ-साथ जुलूस के साथ भी पुलिस पदाधिकारी व जवान चल रहे थे। हर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई। बाइक दस्ता भी गली मोहल्ला में भ्रमणशील रही। इस दौरान जामा मस्जिद के पास मजिस्ट्रेट के रूप में पुलिस उपाधीक्षक विजय कुमार सिंह, सहायक निदेशक रसायन दीपक कुमार, नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा, अपर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार, एसआई उमेश यादव सहित अन्य सशस्त्र बल मौजूद रहे।

# वाहन जांच में एक लाख से अधिक वसूला जुर्माना, 10 लोग गये जेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। बीते 24 घंटों की कार्रवाई में 30 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी एसटी-एससी एक्ट, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 10 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। एसटी-एससी एक्ट में एक, शराब में 7 एवं अन्य शीर्ष कांड में 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 86.08 लीटर देसी शराब , 35.10 लीटर विदेशी शराब, साइकिल एक, तसला, एक चुलाई मशीन, 18 क्विंटल मुर्गी दाना बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1191 वाहनों की जांच की गई जिसमें 101500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। इस दौरान 51 वारंट और 1 कुर्की का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा 110 लीटर महुआ घोल विनिष्ट किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार, अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कानून से ऊपर कोई नहीं। जन-सुरक्षा, पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के संकल्प के साथ पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से जिले को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

# पेट्रोल-डीजल में एक्साइज ड्यूटी में कटौती का फैसला स्वागतयोग्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

## भाजपा नेताओं ने की केंद्र सरकार की सराहना







**औरंगाबाद।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में की गई बड़ी कटौती को लेकर भाजपा नेताओं ने इसे जनहित में लिया गया महत्वपूर्ण और सराहनीय निर्णय बताया है। नेताओं का कहना है कि इस कदम से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और तेल कंपनियों को राहत मिलेगी। औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर केंद्र सरकार ने देशवासियों को एक बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने बताया कि पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी को 13 रुपये से घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है जबकि डीजल पर लगने वाली 10 रुपये की ड्यूटी को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कुमार सिंह ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय आम जनता के हित को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार ऐसे फैसले ले रही है, जो देश को कठिन परिस्थितियों में भी मजबूती प्रदान करते हैं। वहीं भाजपा के जिला महामंत्री सतीश कुमार सिंह ने कहा कि इस निर्णय से पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। एक्साइज ड्यूटी में की गई कमी का सीधा लाभ उपभोक्ताओं को देने के बजाय इसका उपयोग तेल कंपनियों को हो रहे नुकसान की भरपाई के लिए किया जाएगा, जिससे आम लोगों पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया और खाड़ी देशों में उत्पन्न हालात का असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। ऐसे में केंद्र सरकार का यह कदम दूरदर्शिता और मजबूत नेतृत्व का परिचायक है। भाजपा नेताओं ने इस निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए केंद्र सरकार के प्रति आभार जताया है।

# पिछले 10 दिनों में 50 घरों में लगा पीएनजी कनेक्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला अंतर्गत विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति तथा पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) के विस्तार की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य है। वर्तमान में जिले की कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 7539 सिलेंडरों की मांग के विरुद्ध लगभग 6358 सिलेंडरों की होम डिलीवरी की जा रही है। जिला नियंत्रण कक्ष में आज प्राप्त कुल 15 शिकायतों में से 14 का निष्पादन कर दिया गया है, जबकि 01 प्रक्रियाधीन है। 06 संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल तैनात है। कालाबाजारी रोकने हेतु औचक निरीक्षण जारी है। जिले में स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पीएनजी कनेक्शन के विस्तार में तेजी आई है। पिछले 10 दिनों (18 मार्च से 27 मार्च) में जिले के अतिरिक्त 50 घरों में पीएनजी कनेक्शन सफलतापूर्वक प्रदान किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, घरेलू उपयोग के साथ-साथ अब जिले के रेस्टोरेंट (व्यावसायिक प्रतिष्ठानों) में भी पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे सुरक्षित और निर्बाध ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित होगी। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा निर्देश दिया गया है कि सभी गैस एजेंसियां लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करें और पीएनजी विस्तार के कार्यों में तेजी लाई जाए। किसी भी प्रकार की कृत्रिम कमी या कालाबाजारी पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आमजन किसी भी समस्या या शिकायत के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06186-295027 पर संपर्क कर सकते हैं।

# विद्युत चोरी में पांच लोगों पर लगाया जुर्माना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर।** चोरी की रोकथाम के लिए विद्युत विभाग द्वारा निरंतर जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के फलस्वरूप पांच लोगों को बिना कनेक्शन के विद्युत इस्तेमाल करने में पकड़ा गया है। छापामारी दल का नेतृत्व सहायक विद्युत अभियंता शिवरतन लाल एवं जेई राकेश कुमार राम ने किया। जेई राकेश कुमार राम ने बताया कि मदनपुर के बेरी पंचायत के घोरहत में छापेमारी के दौरान रामजन्म सिंह के घर में मीटर बाईपास कर विद्युत चोरी की जा रही थी जिसके कारण उनपर 12396 रूपये का जुर्माना लगाया गया है। इसी तरह अरविंद पर 14755 रूपये, पाठक बिगहा निवासी सुदामा रविदास पर 8817 रूपये, देवकुमार गुप्ता पर 19333 रूपये, कोसडीहरा गांव निवासी विश्वनाथ पासवान पर 23990 रूपये जुर्माना लगाया गया है। मामले में सभी के खिलाफ मदनपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि विद्युत चोरी मामले में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों द्वारा जुर्माना नहीं जमा करने पर उचित कार्रवाई की जायेगी।

# अपराधियों-शराब तस्करों पर पुलिस की पैनी नजर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस ने लक्ष्य सुरक्षित औरंगाबाद अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर 26 मार्च की रात जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया, जिससे अपराधियों और अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक हर थाना क्षेत्र में पुलिस ने प्रमुख चौक-चौराहों, राष्ट्रीय व राज्य मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की गहन जांच की। इस दौरान दोपहिया, चारपहिया, मालवाहक और संदिग्ध वाहनों को रोककर कागजात की जांच के साथ-साथ तलाशी ली गई। बिहार में लागू मद्यनिषेध कानून के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर पुलिस विशेष रूप से सतर्क दिखी। जांच के दौरान शराब की तस्करी और अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए हर वाहन की बारीकी से जांच की गई। संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। रात्रि के समय एक साथ पूरे जिले में चले इस अभियान से अपराधियों और असामाजिक तत्वों में भय का माहौल देखा गया। पुलिस की इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य चोरी, लूट, तस्करी और अन्य आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाना है। अभियान के दौरान पुलिस पदाधिकारी खुद सड़कों पर उतरकर निगरानी करते नजर आए। गश्ती दल लगातार भ्रमण करते रहे और हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी गई, ताकि किसी भी तरह की चूक न हो। इस व्यापक जांच अभियान से आम लोगों में सुरक्षा की भावना और मजबूत हुई है। रात के समय भी पुलिस की सक्रियता देखकर लोगों ने राहत महसूस की और प्रशासन के इस कदम की सराहना की। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि लक्ष्य सुरक्षित औरंगाबाद अभियान के तहत आगे भी इसी तरह सघन जांच और कार्रवाई जारी रहेगी। आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए पुलिस ने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। जिले में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस की यह सक्रियता साफ संकेत दे रही है कि अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ अब और सख्ती बरती जाएगी।

# दो अभियुक्तों के घर पर चिपकाया इश्तेहार

**मदनपुर(नबिटा संवाददाता)।** सलैया थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों के फरार अभियुक्तों के घरों पर पुलिस ने शुक्रवार को न्यायलय द्वारा निर्गत इश्तेहार चस्पा किया। साथ ही फरार अभियुक्तों को आत्म समर्पण करने का निर्देश दिया है। यह कार्रवाई पुलिस ने पिरवां पंचायत के सोनारचक निवासी मुन्ना यादव के घर पर की गई जो काफी दिनों से फरार चल रहा है। वहीं उधम बिगहा कुंदन सिंह अपराधिक मामले के नामजद अभियुक्त हैं। थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा ने बताया कि लंबे समय से फरार रहने के कारण दोनों के खिलाफ न्यायालय के निर्देश पर इश्तेहार चस्पा किया गया। इसके वावजूद यदि अभियुक्तों द्वारा आत्म समर्पण नहीं किया गया तो घर की कुर्की जब्ती के साथ कठोर कार्रवाई की जायेगी।

# रामनवमी पर हाई अलर्ट : चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए औरंगाबाद पुलिस पूरी तरह हाई अलर्ट मोड में है। जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को अभूतपूर्व रूप से मजबूत किया गया है। हर चौक-चौराहे, धार्मिक स्थल और जुलूस मार्ग पर पुलिस की विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके। जिले के सभी संवेदनशील और अति-संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रमुख मंदिरों, पूजा स्थलों और जुलूस मार्गों पर जवान लगातार मुस्तैदी से डटे हुए हैं। रामनवमी के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्राओं को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस पदाधिकारी स्वयं क्षेत्र में भ्रमण कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। बाइक और पेट्रोलिंग वाहन के जरिए दिन-रात गश्ती अभियान चलाया जा रहा है। भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष नजर रखी जा रही है, वहीं संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। पूरे जिले में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरों और कंट्रोल रूम का सहारा लिया जा रहा है। हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए तकनीकी संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है जिससे किसी भी स्थिति में त्वरित कार्रवाई संभव हो सके। प्रशासन द्वारा पहले से ही शांति समिति की बैठकों का आयोजन कर सभी समुदायों के लोगों से आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की गई थी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों को भी इस दिशा में सहयोग के लिए आगे किया गया है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से खास तौर पर अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें साझा करने से बचें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा गया है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच जिले में रामनवमी का उत्सव उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पुलिस की मुस्तैदी से आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा कायम है और लोग निश्चिंत होकर पर्व का आनंद ले रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए हर स्तर पर सख्त निगरानी और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269




CMYK